चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 8 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-227, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

हमले में छह सुरक्षाकर्मी समेत 12 आतंकवादी ढेर 16
कंगना ने फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी 15

# बंगाल में हमले के बाद एनआईए टीम पर ही हो गई एफआईआर

## गिरफ्तार टीएमसी नेता की पत्नी ने लगाया मारपीट-बदतमीजी का आरोप

कोलकाता, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के गिरफ्तार नेता मनोब्रत जना की पत्नी मोनी जना ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि अधिकारियों ने जांच के बहाने भूपतिनगर स्थित उनके आवास में जबरन घुसकर उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने की कोशिश की। एनआईए ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के पुरबा मेदिनीपुर जिले में 2022 में हुए विस्फोट के मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ता मनोब्रत जना और बलाई चरण मेइती को गिरफ्तार किया था। विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी।

टीएमसी नेता की पत्नी ने भूपतिनगर पुलिस थाने में दायर कराई अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि एनआईए के अधिकारियों ने शनिवार सुबह छापेमारी के दौरान उनके आवास पर तोड़फोड़ भी की। पुलिस के अनुसार महिला की शिकायत पर प्राथमिकी में आईपीसी की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला करना) जोड़ी गई है। मेदिनीपुर जिले में 2022 में हुए एक विस्फोट के मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने गई एनआईए की एक टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया था, जिसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने एजेंसी के अधिकारियों पर ग्रामीणों पर हमला करने का आरोप लगाया। हमले में एनआईए का एक अधिकारी घायल हो गया और एक वाहन भी क्षतिग्रस्त हुआ था।

- भूपतिनगर में हुए हमले में एनआईए का एक अधिकारी हुआ था घायल

### एनआईए ने कहा- हमला बिना उकसावे के हुआ

**नई दिल्ली।** एनआईए ने विस्फोट मामले में गिरफ्तारी करते समय दुर्भावनापूर्ण इरादा होने संबंधी आरोप का रविवार को खंडन किया। एनआईए के प्रवक्ता ने पूरे विवाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और स्पष्ट किया कि उनकी टीम पर हमला बिना किसी उकसावे के किया गया था। ये एनआईए को रोकने का प्रयास था।

### जांच एजेंसियां भाजपा में शामिल होने को कह रहीं : ममता

पुरुलिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं से या तो भाजपा में शामिल होने या कार्रवाई का सामना करने के लिए कह रही हैं। पुरुलिया जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि ईडी, सीबीआई, एनआईए और आयकर विभाग जैसी एजेंसियां भाजपा के हथियार के रूप में काम कर रही हैं। टीएमसी नेताओं को परेशान करने के लिए एजेंसियां बिना किसी पूर्व सूचना के छापेमारी कर रही हैं।

### एनआईए-भाजपा के बीच अपवित्र गठजोड़ : टीएमसी

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच अपवित्र गठजोड़ है। पार्टी ने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग ने इस मुद्दे पर स्पष्ट रूप से चुप्पी साध ली है। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि एनआईए और भाजपा के बीच बनता गठजोड़ महसूस हो रहा है। तृणमूल नेताओं और आदर्श आचार संहिता के खिलाफ साजिशें रची जा रही हैं। बनर्जी ने कहा कि कहा कि यह मिलीभगत जारी है। निर्वाचन आयोग चुप्पी साधकर निष्पक्षता सुनिश्चित करने के अपने दायित्वों की अनदेखी कर रहा है।

### गुंडों का बंगाल में काफी इलाकों पर नियंत्रण : राज्यपाल

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि कानून-व्यवस्था पूरे राज्य में खराब नहीं है और राज्य के कुछ हिस्सों में हिंसा के लिए वर्तमान तृणमूल कांग्रेस सरकार को पूरी तरह से जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि इसका कारण अतीत की विरासत हो सकता है। बोस ने कहा कि उनकी और बनर्जी की धारणाएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन वे एक उचित शिष्टाचार बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि संदेशखालि में महिलाओं का सम्मान खंडित किया गया था, यह चिंताजनक स्थिति थी।

# कांग्रेस के घोषणापत्र से तुष्टिकरण की राजनीति की बू आ रही : मोदी

नवादा, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उसके द्वारा हाल में जारी घोषणापत्र में 'तुष्टिकरण की राजनीति' की बू आ रही है और ये ऐसा है मानो इसे मुस्लिम लीग लेकर आई है।

बिहार के नवादा जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष कोई छोटा पद नहीं है। वह कहते हैं कि धारा 370 का राजस्थान से क्या लेना-देना है। यह टुकड़े-टुकड़े गैंग की मानसिकता है। उनके विचार राजस्थान और बिहार के सुरक्षाकर्मियों का अपमान हैं, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुए प्राण गंवाए और उनके शव तिरंगे में लिपटे हुए वापस आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, बिहार में उसकी सहयोगी राजद और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक संविधान के बारे में बात करना बहुत पसंद करते हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब आम्बेडकर के संविधान को लागू क्यों नहीं किया। यह केवल मोदी के शासन में ही संभव हो सका। प्रधानमंत्री ने तीन तलाक प्रथा के खिलाफ अपनी सरकार के कदम का भी जिक्र किया और कहा, दो दिन पहले कांग्रेस ने जो अपना घोषणा पत्र जारी किया है, उसमें भी मुस्लिम लीग के विचारों की छाप है। कांग्रेस ने घोषणा घोषणा पत्र नहीं, तुष्टिकरण पत्र जारी किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 वर्षों में बिहार के लोगों ने देश हित में लिए गए अनेक बड़े निर्णय देखे हैं। आज भारत में बिहार में, आधुनिक आधारभूत संरचना का निर्माण किया जा रहा है। आज आधुनिक एक्सप्रेसवे बन रहे हैं।

- बिहार के नवादा जिले में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को घेरा

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में तीन आतंकियों की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू- कश्मीर पुलिस ने बारामुला जिले में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में घुसपैठ करने वाले तीन आतंकियों की संपत्तियां कुर्क की। आतंकियों की पहचान सुल्तानदाकी निवासी मोहम्मद लतीफ, मदियान के सदर दीन और सिंगटुंग गौहालन के अजीज दीन के रूप में हुई है, जो पुलिस द्वारा घुसपैठ के आरोप में भगोड़ा घोषित हुए हैं। पुलिस ने रविवार को कहा, उप न्यायाधीश उरी से आदेश के बाद क्रमशः 18 कनाल और 6 मरला, 9 मरला और 12 कनाल संपत्ति कुर्क की गई है।

### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भूकंप के झटके

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने कहा कि सुबह करीब 2.47 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.5 आंकी गई। इससे पहले शनिवार को भी जिले में 3.8 तीव्रता का भूकंप आया था।

### काजल निषाद को पड़ा दिल का दौरा, रेफर

**लखनऊ।** गोरखपुर सीट से सपा की उम्मीदवार और टीवी अभिनेत्री काजल निषाद को दिल का दौरा पड़ने के बाद रविवार शाम डॉक्टरों ने लखनऊ के मेदांता अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। हृदयाघात गोरखपुर के एक अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान पड़ा, जिसकी पुष्टि ईसीजी की रिपोर्ट में हुई। खबर लिखे जाने तक काजल निषाद को लेकर लखनऊ आने वाली एम्बुलेंस रास्ते में थी। काजल निषाद की चुनाव प्रचार के दौरान शुक्रवार को तबीयत बिगड़ गई थी और वे बेहोश हो गईं थीं। जिसके बाद उन्हें गोरखपुर के स्टार हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। काजल को सड़क मार्ग से एंबुलेंस में लखनऊ लाया जा रहा। काजल के साथ उनके पति संजय निषाद भी हैं।

## बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस में बम की सूचना से हड़कंप

**बाराबंकी।** बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब गाड़ी संख्या 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस में बम होने की सूचना मिली। स्टेशन अधीक्षक पीयूष कुमार वर्मा ने बताया कि यात्रियों के शोर मचाने पर स्टेशन पर ट्रेन रोकी गई। कई थानों की पुलिस, फायर ब्रिगेड, सेना का बम डिस्पोजल दस्ता, जीआरपी, आरपीएफ और डॉग स्क्वायड की टीम ने ट्रेन की सभी बोगियों की तलाशी ली। टीम को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

## कानपुर देहात में आग से दो बच्चियां जिंदा जलीं, मां-बेटा गंभीर

संवाददाता, मंगलपुर (कानपुर देहात)

- भूठादेव गांव में हादसा, आग से बच्चों को निकालने में झुलसी मां

**अमृत विचार :** मंगलपुर क्षेत्र के भूठादेव गांव में रविवार दोपहर एक घर में आग लग गई, जिससे कमरे में सो रही महिला और उसके तीन बच्चे झुलस गए। ग्रामीण सभी को निकालकर झींझक सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने दो बच्चियों को मृत घोषित कर दिया। वहीं मां-बेटे को कानपुर के हैलट रेफर किया गया है।

सिकहला ग्राम पंचायत के मजरे भूठादेव गांव के सोनू नायक के रविवार सुबह काम पर जाने के बाद उसकी पत्नी रीना, पुत्र गौरव, पुत्री गौरी (5) और अदिती (3) दोपहर में खाना खाने के बाद सो रहे थे। इसी दौरान घर में आग लग गई, जिससे महिला और तीनों बच्चे फंस गए। रीना ने बेटे गौरव को आग से निकाला और शोर मचाया। बेटियों को निकालने के लिए रीना घर में घुसी। ग्रामीण चारों को झींझक सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने गौरी को मृत घोषित कर दिया। अदिती की मौत जिला अस्पताल में हो गई।

# बिजली विभाग पर 40 लाख हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कानपुर देहात में महिला की करंट से मौत पर मुकरा था विभाग

**अमृत विचार :** कानपुर देहात में करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। लापरवाही बिजली विभाग की रही लेकिन, पल्ला झाड़ लिया। मामले की सुनवाई राज्य उपभोक्ता आयोग ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पर 40 लाख रुपये हर्जाना लगाया है।

भीकादेव बाजार, कहिन्जखरी, रसूलाबाद कानपुर देहात निवासी नरेंद्र कुमार के मुताबिक 27 जून 2012 को आंधी से यूकेलिप्टस की डाल गिरने से एचटी लाइन टूट गई और एलटी लाइन पर जा गिरी। इससे घर पर करंट फैल गया और इंटवर्टर बंद करने के दौरान पत्नी की चपेट में आने से मौत हो गई। शिकायत पर बिजली विभाग ने हवाला दिया कि कनेक्शन मेन गेट के अंदर था। इससे गेट में करंट उतर आया और छूने से मौत हो गई। दूसरा तर्क दिया कि पेड़ की डाल टूटकर लाइन पर गिरी और वोल्टेल बढ़ गया। इसमें विभाग की जिम्मेदारी नहीं है।

इस पर नरेंद्र ने राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। इसकी सुनवाई प्रिसाइडिंग जज राजेंद्र सिंह व सदस्य विकास सक्सेना ने की। कहा, बिजली विभाग के दोनों तथ्यों से यह स्पष्ट है कि महिला की मौत आखिर करंट से हुई है और पेड़ की डाल से लाइन टूटी है। जो वन विभाग द्वारा समय पर क्यों नहीं छटवाई गई। आयोग ने लापरवाही मानते हुए दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, डिवीजन कानपुर देहात पर 40 लाख रुपये हर्जाना लगाया है। जो घटना के दिन से 12 प्रतिशत अलग से ब्याज से साथ 30 दिन में देय होगा। नहीं तो 15 प्रतिशत ब्याज लगाया जाएगा।

# हिन्दू विवाह के लिए कन्यादान अनिवार्य परंपरा नहीं

लखनऊ, विधि संवाददाता

- हिन्दू विवाह अधिनियम के हवाले से हाईकोर्ट ने किया स्पष्ट

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक वैवाहिक विवाद के मामले में कहा है कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान की रस्म अनिवार्य परंपरा नहीं है। न्यायालय ने कहा कि प्रावधानों के मुताबिक सिर्फ सप्तपदी ही ऐसी परंपरा है को हिन्दू विवाह को सम्पन्न करने के लिए आवश्यक है।

यह टिप्पणी न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने आशुतोष यादव की ओर से दाखिल एक आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर दिया है। याची की ओर से वैवाहिक विवाद के सम्बंध में चल रहे आपराधिक मामले में एक गवाह को पुनः समन की जाने की प्रार्थना की गई थी। विचारण अदालत ने याची की प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया, इस पर उसने हाईकोर्ट की शरण ली। याची की ओर से दलील दी गई कि उसकी पत्नी का कन्यादान हुआ था अथवा नहीं, यह स्थापित करने के लिए अभियोजन के गवाहों जिसमें वादी भी शामिल है, पुनः समन किया जाना आवश्यक है। इस पर न्यायालय ने हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 7 का उल्लेख किया जिसके तहत हिन्दू विवाह के लिए सप्तपदी को ही अनिवार्य परंपरा माना गया है। न्यायालय ने कहा कि उक्त प्रावधान को देखते हुए, कन्यादान हुआ था अथवा नहीं, यह प्रश्न प्रासंगिक ही नहीं है, लिहाजा गवाहों को पुनः समन की जाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

ललित नारायण मिश्र हत्याकांड

## हाईकोर्ट ने सुनवाई को याचिका की सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 48 साल पहले बिहार के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर पूर्व रेल मंत्री ललित नारायण मिश्र की हत्या की निष्पक्ष जांच कराने की उनके पोते की याचिका 16 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत ने वैभव की अर्जी दोषियों की अपील के साथ सूचीबद्ध की। अपील में दोषसिद्धि व आजीवन कारावास की सजा को चुनौती दी गई है।

निपुण भारत मिशन | बेसिक शिक्षा परिषद का प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में लक्ष्य को पूरा करने पर जोर

# लक्ष्य के लिए अग्रिम आदेश तक काम करते रहेंगे एआरपी

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

- शिक्षा महानिदेशक की ओर से शासन को भेजा गया प्रस्ताव
- 31 मार्च को प्रदेश के सभी एआरपी का समाप्त हो गया था कार्यकाल

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को 2025-26 में हर हाल में पूरा करना है। शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने लक्ष्य पर जोर देते हुए प्रदेश में तैनात एआरपी (एकेडमिक रिसोर्स पर्सन) को अग्रिम आदेश तक काम करने की अनुमति दी है। दरअसल 31 मार्च को सभी एआरपी का कार्यकाल समाप्त हो गया था। इसलिए वह इसे लेकर असमंजस में थे। दरअसल शासन ने पिछले वर्ष 5 जनवरी को एआरपी के सेवा अवधि का विस्तार करते कार्यकाल 31 मार्च 2024 कर दिया था। इस बार फिर अग्रिम आदेश तक मौका दिया गया है। इस स्थिति में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, क्रियाकलापों को जारी रखना होगा। साथ ही बेहतर समन्वय, गैप एनालिसिस, सतत अनुश्रवण व अकादमिक पहलुओं के संचालन के संबंध में प्रत्येक माह राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से केपीआई (की परफार्मेंस इंडीकेटर्स) अप्रैल माह 2024 के लिए भेजे गए हैं। सभी कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। जिम्मेदार अधिकारी को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित केपीआई को समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसकी प्रगति की समीक्षा मासिक बैठकों में की जाएगी।

निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। अभी एआरपी अपने पदों पर रहते हुए कार्य करते रहेंगे। उनके लिए नये शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए जो दिशा निर्देश जारी किए गये हैं उनके अनुसार सभी कार्यों को समय से पूरा करना होगा।
-कंचन वर्मा, स्कूल शिक्षा महानिदेशक

### आचार संहिता के बाद की जाएगी छंटनी

विभागीय जानकारों ने बताया कि आचार संहिता के बाद जिन एआरपी ने बेहतर कार्य किया है उनका कार्यकाल जारी रहेगा। जिनका कार्य अच्छा नहीं रहा है उनकी जगह दूसरों को मौका दिया जायेगा। दरअसल कई एआरपी की कार्यशैली पर भी सवाल उठते रहे हैं।

# जच्चा-बच्चा अस्पताल में जल्द बनेगी एचडीयू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जच्चा-बच्चा अस्पताल आने वाली गंभीर महिला रोगियों को मिलेगा लाभ
- अभी गंभीर गर्भवतियों को हैलट के आईसीयू में करना पड़ता है रेफर

**अमृत विचार।** हैलट के जच्चा-बच्चा अस्पताल में अभी तक आईसीयू की सुविधा नहीं है। ऐसे में यहां आने वाली गर्भवती महिलाओं को गंभीर हालत होने पर हैलट की आईसीयू में भर्ती करना पड़ता है। गंभीर हालत में उन्हें जच्चा-बच्चा अस्पताल से स्ट्रेचर पर हैलट तक ले जाने में काफी दिक्कतों का सामना पड़ता है। गंभीर मरीजों की परेशानी को देखते हुए अब जच्चा-बच्चा अस्पताल में एचडीयू की स्थापना की जाएगी।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध हैलट अस्पताल के अधीन बाल रोग, जच्चा-बच्चा और मुरारीलाल चेस्ट अस्पताल व संक्रामक रोग अस्पताल हैं। हैलट में जब से जच्चा-बच्चा अस्पताल बना है, तब से यहां पर इंसेंटिव केयर यूनिट (आईसीयू) की सुविधा नहीं है। आईसीयू के संबंध में कुछ विभागाध्यक्षों ने प्रयास जरूर किया, लेकिन कुछ बात बन नहीं सकी। ऐसे में अभी तक अस्पताल में अगर किसी भी महिला या गर्भवती की हालत अधिक खराब होती है तो उनको गंभीर स्थिति में हैलट के आईसीयू में रेफर किया जाता है।

जच्चा-बच्चा अस्पताल से हैलट आईसीयू तक जाने में संबंधित मरीज की स्थिति और बिगड़ जाती है। वहीं, स्ट्रेचर से करीब तीन सौ मीटर की दूरी तय करने में सड़क के गड्ढे मरीज की हालत खराब कर देते है। मरीजों की दिक्कतों को देखते हुए कुछ माह पहले स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.नीना गुप्ता ने अस्पताल में हाई डिपेंडेंसी यूनिट (एचडीयू) बनाने की मांग की थी, जिसे अनुमति मिल गई है। यहां वार्ड नंबर पांच में हाई डिपेंडेंसी यूनिट बनाई जाएगी। एचडीयू में इस्तेमाल होने वाले कुछ उपकरण अस्पताल प्रशासन को मिल गए है।

विभागाध्यक्ष डॉ. नीना गुप्ता ने बताया कि एचडीयू में आठ बेड होंगे। यूनिट के लिए एसी आ गए हैं। वार्ड में ऑक्सीजन की सुविधा है। यहां पर गंभीर गर्भवती व महिला का इलाज किया जाएगा। अभी अलग से स्टाफ नहीं मिला है। फिलहाल मौजूदा स्टाफ की मदद से शुरुआत की जाएगी। अप्रैल के अंत तक इसका संचालन शुरू हो सकता है।

### डफरिन में स्टाफ नर्स का चल रहा प्रशिक्षण

डफरिन अस्पताल में शहर के साथ ही आसपास के जनपदों से महिलाएं इलाज के लिए आतीं हैं। यहां पर गंभीर मरीजों के लिए हाई डिपेंडेंसी यूनिट बनी है, जिसका संचालन स्टाफ की कमी की वजह से नहीं हो पा रहा है, जबकि यूनिट में मॉनीटर, बाईपेप मशीन, सभी बेड पर मल्टी पैरा ऑक्सीजन आदि उपलब्ध हैं। फिलहाल एचडीयू के संचालन के लिए स्टाफ नर्स आ गई हैं, जिनको डफरिन अस्पताल में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं, केपीएम अस्पताल में गंभीर रूप से पीड़ित गर्भवती के इलाज की सुविधा नहीं है।

### कांशीराम अस्पताल में भी खास सुविधा नहीं

रामादेवी स्थित कांशीराम अस्पताल में मातृ एवं शिशु अस्पताल बना है, लेकिन यहां भी एचडीयू की सुविधा न के बराबर है। यहां गर्भवतियों का प्रसव तो कराया जाता है, लेकिन जरा सी जटिलता होने पर उनको हैलट के जच्चा-बच्चा या डफरिन अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। वहीं, कुछ डॉक्टरों को अपने या परिचित डॉक्टरों के नर्सिंग हो में ऑपरेशन आदि जटिलता का इलाज कराने की सलाह देती हैं।

# यूपी कैटेट का परीक्षा कार्यक्रम हुआ घोषित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 11 और 12 जून को सुबह नौ बजे से होगी परीक्षा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 'यूपी कैटेट 2024' का कार्यक्रम जारी हो गया है। यह परीक्षा 11 और 12 जून को होगी। सुबह नौ बजे पहला पेपर शुरू होगा। परास्नातक व पीएचडी की प्रवेश परीक्षाओं के लिए परीक्षार्थी शामिल होंगे।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलसचिव डॉ. पीके उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा वर्ष 2024 के लिए स्नातक छात्र-छात्राओं की प्रवेश परीक्षा 11 जून को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। यह परीक्षा तीन घंटे तक संचालित होगी। परास्नातक की प्रवेश परीक्षा 12 जून को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 तक कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 12 जून को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक होगी। इसी तरह एमबीए की प्रवेश परीक्षा 12 जून को शाम 3 बजे से 5 बजे तक प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कराई जाएगी। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 17 मार्च से शुरू हो चुके हैं। आवेदन 7 मई तक किए जा सकेंगे। ऑनलाइन फीस जमा करने की अंतिम तिथि 8 मई है। डॉ. खान ने बताया कि आवेदन पत्र संशोधन तिथि 9 से 14 मई 2024 तक है। परीक्षार्थी प्रवेश पत्र 27 मई 2024 से डाउनलोड कर सकेंगे।

## गर्मी बढ़ी, गेहूं के खेत में बनाए रखें नमी

**कानपुर।** किसानों के लिए रविवार को सीएसए की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। लू की भी आशंका जताई गई है जिससे गेहूं को नुकसान हो सकता है। इसके बचाव के लिए विशेषज्ञों ने बताया कि गर्मी में उन्हें अपनी फसल में हर हाल में 12-13 प्रतिशत नमी बनाए रखनी चाहिए।

इसके साथ ही किसानों से कहा गया है कि अगर उनके क्षेत्र का तापमान सामान्य स्तर से अधिक हो तो खेतों में हल्की सिंचाई भी करते रहें। गेहूं सूखने से बचाने के लिए सीएसए यूनिवर्सिटी के कृषि मौसम वैज्ञानिक ने सुझाव दिया है कि यदि अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक है, तो किसान फलन के दौरान 0.2 प्रतिशत म्यूरेट ऑफ पोटाश या 2 प्रतिशत पोटेशियम नाइट्रेट को 200 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ छिड़काव कर सकते हैं।

## एक नजर

### शिविर में 119 लोगों की जांची गई सेहत

**कानपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर यती संकल्प संस्थान की ओर से गंगा बैराज की मछुआ नगर बस्ती में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। संस्था की सचिव नीतू सिंह ने कहा कि कोरोना काल के बाद स्वास्थ्य सबसे बड़ी पूंजी बनकर उभरा है। ऐसे में हम सभी को अपने स्वास्थ्य का ठीक ढंग से रखरखाव करना चाहिए। इससे हम किसी बीमारी से ग्रसित न हों। उन्होंने व्यायाम, योग से लाभ व स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में कई सुझाव दिए। शिविर में 119 लोगों ने स्वास्थ्य की जांच कराई। यहां डॉ. दीपक श्रीवास्तव, डॉ. दीप्ति तिवारी, डॉ. शायनी सेठी, डॉ. ज़ीशान अली, डॉ. सुभाष, राकेश त्रिपाठी, बृजमोहन सिंह, अंशु ठाकुर, रेखा निगम, किशन, अजय आदि रहे।

### जीएसवीएम के डॉक्टरों ने देखे तीन सौ मरीज

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की टीम ने रविवार को किदवई नगर के ज्वाला पार्क में 18वां स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। एमबीबीएस प्रथम वर्ष के 20 डॉक्टर व 18 रेजिडेंट डॉक्टरों ने करीब तीन सौ मरीजों की जांच की। प्राचार्य प्रो. संजय काला ने एमबीबीएस छात्र-छात्राओं को गरीब लोगों के प्रति संवेदनशीलता का पाठ पढ़ाया। कैंपों के माध्यम से मलिन बस्तियों में लोगो को सरकारी स्वास्थ्य चिकित्सा सेवा और सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया।

# चैनल नहीं खुले तो फिर डूबेगा ग्वालटोली

## नाले के टैपिंग प्वाइंट पर लगे चैनल क्षतिग्रस्त, पानी बढ़ने पर नहीं खुल पाते गेट, बढ़ जाती मुसीबत

**सीसामऊ नाला**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर निगम अफसरों के निरीक्षण में सामने आई समस्या जल निगम को लिखा पत्र

सीसामऊ नाले की ठीक से नहीं हो पा रही सफाई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सीसामऊ नाले के टैपिंग प्वाइंट पर लगे क्षतिग्रस्त गेट नहीं खुले तो इस बार भी ग्वालटोली क्षेत्र पानी में डूबेगा। नगर निगम के अधिकारियों के निरीक्षण में यह बड़ी समस्या सामने आई है। इसके बाद अधिकारियों ने क्षेत्र की लगभग 20 हजार की आबादी को जलभराव से बचाने के लिए गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई के परियोजना प्रबंधक को पत्र लिखा है और बरसात शुरू होने से पहले ही गेटों की मरम्मत कराने को कहा है। पिछले वर्ष बरसात में यहां नाले के आसपास सैकड़ों घरों में नाले का पानी घुस गया था।

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि सीसामऊ नाले के निरीक्षण के दौरान जल निगम के कर्मचारी ने बताया कि टैपिंग प्वाइंट पर लगे गेट क्षतिग्रस्त हैं। सीसामऊ नाला 10 मीटर चौड़ा है। इसको देखते हुए जल निगम ने वीआईपी रोड पर स्थित भैरव घाट चौराहे पर गेट लगाकर नाले को टेप किया है।

नाले की औसतन चौड़ाई काफी अधिक व टेपिंग की दीवार बनाकर लगाए गए गेट की चौड़ाई कम होने के कारण ज्यादा बरसात होने पर तुरंत नाले का पानी नहीं निकल पाता है, जिसके कारण नाले में पानी बैकफ्लो होता है। इस वजह से टैपिंग प्वाइंट पर लगे गेटों को खोल दिया जाता है, लेकिन वर्तमान में यहां लगे गेट क्षतिग्रस्त हालत में हैं, जिसके कारण उनको समय से खोल पाना मुश्किल है।

### 70 साल से इलाके के लोग परेशानः पार्षद

क्षेत्रीय पार्षद अंकित मौर्य का कहना है कि 70 साल से ग्वालटोली के लोग गंदे नाले से परेशान हैं। आए दिन लोग बीमार होते हैं। बरसात के दिनों में घरों में पानी घुसता है, जिससे समस्या बढ़ जाती है। ग्वालटोली में साईं मंदिर के पास जालियां लगवाकर अगर नाले की सफाई की जाए तो समस्या का निदान हो सकता है। इसी तरह एनएलके वेंडी स्कूल के सामने नाला खुला है। वहां भी जाली लगाई जाए।

### अभी नहीं चेते तो फिर होगा जलभराव

नगर निगम जोन-4 के अधिशाषी अभियंता ने बताया पिछली बार वर्षा के समय इसी समस्या के चलते लोगों के घरों में पानी भरा था। अगर क्षतिग्रस्त गेटों की मरम्मत नहीं की गई तो इस बार भी बरसात होने पर नाले से पानी बैकफ्लो होकर आस-पास के क्षेत्रों में भरेगा। नगर निगम ने इस संबंध में जल निगम ने को पत्र लिखकर तत्काल मरम्मत करने को कहा है।

### पूरा क्षेत्र बन जाता टापू थम जाता यातायात

सीसामऊ नाला ग्वालटोली में कई जगह खुला हुआ है। बरसात में जब अत्यधिक वर्षा होती है, तो नाले का पानी ओवरफ्लो होकर आसपास के क्षेत्रों में भरने लगता है। सड़कें तो टापू बन जाती हैं। कई बार तो जलभराव की वजह से क्षेत्र में चारों ओर यातायात बंद करना पड़ता है। जलभराव की वजह से कई बार तो दुर्घटनाएं होती हैं।

## सार-संक्षेप

प्रमाणपत्रों के साथ प्रतियोगिता में शामिल हुए बच्चे। अमृत विचार

### अप्रतिम और भाविका बनीं शतरंज की चैंपियन

**कानपुर।** मास्टर्स एथलेटिक एसोसिएशन की ओर से जिला शतरंज चैंपियनशिप अर्मापुर स्टेट स्थित जूनियर क्लब में संपन्न हुई। इसकी शुरुआत एडवांस वेपंस एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड के संयुक्त महाप्रबंधक अनूप मुखर्जी व आयुध निर्माणी के संयुक्त महाप्रबंधक सुधीर यादव ने की। पुरुष वर्ग में अप्रतिम शुक्ला और महिला में भाविका वर्मा शतरंज चैंपियन बनीं। इस चैंपियनशिप में सात से लेकर 80 वर्ष तक के लगभग 100 प्रतिभागियों ने अपनी दिमागी कसरत की। विजेताओं को आयुध निर्माणी के वरिष्ठ महाप्रबंधक संदीप कन्हाई व महाप्रबंधक आरके सिंह ने पुरस्कृत किया। शतरंज चैंपियनशिप का संचालन मास्टर्स एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव विनय अवस्थी ने किया। बाल गोविंद अवस्थी, दिलीप श्रीवास्तव, अरविंद कुमार, जितेंद्र सिंह, नवीन विश्वकर्मा, रक्षा चतुर्वेदी, यशवंत श्रीवास्तव, मुकेश साह, अरुण प्रताप सिंह, सुनील कुमार, महेंद्र, दीपक शुक्ला आदि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

### 37 डिग्री सेल्सियस पहुंचा अधिकतम तापमान

**कानपुर।** शहर में रविवार को मौसम विभाग की ओर से अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह न्यूनतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने कहा कि रविवार को हवा की गति सामान्य से तेज रही। इसे 3.3 प्रतिघंटा की रफ्तार से मापा गया। यही वजह रही कि दोपहर को शहरवासियों को लू चलने जैसा एहसास हुआ। बताया कि मंगलवार तक शहर के तापमान में लगभग दो डिग्री की बढोत्तरी दर्ज की जा सकती है। इससे दोपहर में तपिश बढ़ सकती है। प्री मॉनसून की गतिविधियां भी संभव हो सकती हैं।

# नव संवत्सर पर निकलेगी गीता संदेश यात्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

पत्रकारों को यात्रा की जानकारी देते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

- शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से निकलेंगी यात्राएं, जेके मंदिर में होगा महोत्सव

**अमृत विचार।** श्रीमद्भगवद्गीता जयंती आयोजन समिति की ओर से भारतीय नववर्ष पर विशाल गीता संदेश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्राएं 9 अप्रैल को निकाली जाएंगी। खास बात यह है कि गीता संदेश यात्रा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से निकलकर पांडु नगर स्थित जेके मंदिर पहुंचेंगी। मंदिर में शाम को भव्य महोत्सव आयोजित किया जाएगा।

यह जानकारी रविवार को समिति के संरक्षक मंडल के डॉ. उमेश पालीवाल, परमानन्द शुक्ला, बालयोगी अरुणपुरी चैतन्य जी महाराज व पनकी मंदिर के महंत जितेंद्र दास जी महाराज ने दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को भारतीय नववर्ष की शुरुआत हो रही है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 पर नववर्ष गीता संदेश यात्रा व सांस्कृतिक संध्या महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

मंगलवार शाम को 3 बजे शहर के विभिन्न स्थानों से अनेक भारतीय नववर्ष गीता संदेश यात्राएं निकाली जाएंगी, जो पाण्डु नगर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर (जेके मंदिर) में शाम पांच बजे आकर विराम लेंगी। इसके बाद सभी यात्राओं का यहां समागम होने के साथ ही सांस्कृतिक संध्या महोत्सव का आयोजन होगा। बताया गया कि संस्था उत्तर प्रदेश में गीता के प्रचार-प्रसार के लिए कार्य कर रही है। इसमें लिए संस्था तीन वर्षों से कानपुर में घरों में गीता ज्ञान यज्ञ, प्रदेश व्यापी गीता संदेश मानव श्रृंखला, गीता कर्मयोगी सम्मान, गीता जयंती वार्षिक स्मारिका, गीता मनीषियों की ओर से राष्ट्रीय संगोष्ठी व प्रति वर्ष भारतीय नव वर्ष के दिन नव वर्ष गीता संदेश यात्रा कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में जाग्रति ला रही है।

### भजन और नृत्य की धूम

जेके मंदिर में होने वाले महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक व विशिष्ट अतिथि के रूप में जेके ऑर्गनाइजेशन के वाइस प्रेसिडेंट आशीष वौहान शामिल होंगे। सुप्रसिद्ध गायिका डॉ. सपना बनर्जी व शिवम वर्मा भजन पेश करेंगे। ढींगरा ग्रुप की ओर से रंगारंग नृत्य पेश किए जाएंगे।

### यहां से निकलेंगी पद यात्राएं

पूर्व की यात्राएं मनोज इंटरनेशनल चौराहा जीटी रोड श्याम नगर में जुटेंगी, जबकि पश्चिम की यात्रा पनकी हनुमान मंदिर से महंत जितेन्द्र दास के निर्देशन में निकलेगी। उत्तर की यात्रा इस्कॉन मन्दिर से मुकेश पालीवाल के निर्देशन में निकलेगी। दक्षिण की यात्राएं दीप टॉकीज चौराहा साकेत नगर में एकत्र होंगी। शास्त्री नगर से अरुण के नेतृत्व में यात्रा निकालेगी।

# नई ऊर्जा देता हिंदू नव संवत्सर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

पथ संचलन करते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चैत्र प्रतिपदा से नव संवत्सर (हिंदू नववर्ष) शुरू होने से पहले रविवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया। रामलीला पार्क गीता नगर से पथ संचालन शुरू होकर मानस शाखा एवन मार्केट से सावरकर शाखा होते हुए वापस गीता नगर रामलीला मैदान पहुंची। इस दौरान हजारों लोग यात्रा में शामिल रहे।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक बैरिस्टरजी ने कहा कि हिंदू नव वर्ष वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित है। प्रकृति में पेड़-पौधे भी अपने पत्ते गिराकर नए पत्ते धारण करते हैं। इसी तरह हिंदू नव वर्ष नई ऊर्जा देने का कार्य करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय कवि सुरेश अवस्थी ने की।

इस दौरान विभाग संपर्क प्रमुख मुकेश, जिला सह संघचालक वीरेंद्रजी, जिला कार्यवाह समीर, जिला सह शारीरिक प्रमुख अमरेंद्र, नगर संघचालक मनीष, जिला सह संपर्क प्रमुख ऋषभ, नगर प्रचार प्रमुख आशुतोष, अमन, प्रह्लाद, संदीप, उमेश, विपिन, राजवीर, सुरेंद्र, ओमप्रकाश आदि रहे।

**जय माता दी** नवरात्र पर 20 घंटे होंगे बारादेवी मंदिर में दर्शन, सिर्फ चार घंटे बंद रहेंगे पट, धूप से बचने के लिए लगाया जाएगा टेंट

# सज गए मंदिर और बाजार, कल से शुरू होंगे नवरात्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

बाजार में सजीं पूजन सामग्री की दुकानें। अमृत विचार

नवरात्र के लिए सज गईं मां भगवती की प्रतिमाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नवरात्र पर्व मंगलवार से शुरू हो रहा है। पर्व को लेकर मंदिरों में सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। बाजारों में भी पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। नवरात्र पर मंदिरों में उमड़ने वाली भीड़ के चलते सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रमुख मंदिरों में सुरक्षा को लेकर रविवार देर रात तक बैठकें होती रही। खासतौर पर बारादेवी मंदिर में इस बार धूप से बचाव के लिए टेंट की व्यवस्था की जाएगी। माता के दर्शन के लिए 20 घंटे पट खोले जाएंगे। रात में सिर्फ 12 बजे से चार बजे तक पट बंद रहेंगे।

शहर के देवी मंदिरों को सोमवार रात से ही रोशन किए जाने की मंदिर कमेटियों की ओर से तैयारी की गई है। इनमें अशोक नगर स्थित दुर्गा मंदिर, शास्त्री नगर स्थित काली मठिया, रायपुरवा स्थित चंद्रिका देवी मंदिर शामिल हैं। उधर बारादेवी मंदिर के प्रबंधक रूपम शर्मा ने बताया कि नवरात्र पर दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को किसी तरह की समस्या न हो, इसके लिए पुख्ता व्यवस्था की गई है। बारा देवी मंदिर में मैदान से मंदिर तक टेंट व पानी की व्यवस्था की जाएगी। मंदिर के आसपास 10 मंदिरों को रोशनी से सजाया जाएगा। मंदिर में सोमवार शाम को मातारानी का आकर्षक फूलों से श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद मंगलवार भोर चार बजे भक्तों के दर्शन के लिए पट खोल दिए जाएंगे।

### बाजारों में पूजन सामग्री की खरीदारी शुरू

नवरात्र को लेकर रविवार को बाजारों में खरीदारी शुरू हो गई। भक्तों की ओर से पूजन सामग्रियों के साथ ही व्रत की सामग्री की खरीदारी हुई। छुट्टी का दिन होने के कारण क्षेत्रीय बाजारों में भीड़ अधिक रही। उधर, विजय नगर, शास्त्री नगर, रावतपुर, आर्यनगर, स्वरूप नगर में फलों की भी खरीदारी हुई। माना जा रहा है कि सोमवार शाम से फलों के दामों में इजाफा हो जाएगा।

### जानिए कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त

नौ अप्रैल को कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 05:52 से लेकर 10:04 बजे तक है। इसके बाद 11:45 से लेकर 12:35 बजे तक अभिजीत मुहूर्त रहेगा। इन दोनों मुहूर्त में घटस्थापना कर सकते हैं, जो अत्यंत फलदायी होगा। चैत्र नवरात्र के पहले दिन यानी प्रतिपदा तिथि पर सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग बन रहा है। अमृत सिद्धि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 07:32 बजे से प्रारंभ होगा और अगले दिन 10 अप्रैल को सुबह 05:06 बजे तक रहेगा। नवरात्र के पहले दिन रेवती नक्षत्र सुबह 07:32 बजे तक रहेगा। उसके बाद अश्विनी नक्षत्र सुबह 07:32 से लेकर अगले दिन 10 अप्रैल को सुबह 05:06 बजे तक रहेगा। इन योगों में मां दुर्गा की पूजा करने से साधक को अनंत सुखद फल की प्राप्ति होगी।

## न्यू कानपुर सिटी के लिए कवायद

**कानपुर।** केडीए की बहुप्रतिष्ठित न्यू कानपुर सिटी योजना के लिए जमीन खरीदने की प्रक्रिया जारी है। रविवार को केडीए अधिकारियों ने फिर काश्तकारों के पास पहुंचकर प्राधिकरण के पक्ष में भूमि विक्रय किए जाने के लिये प्रोत्साहित किया।

केडीए के अधिकारियों ने न्यू कानपुर सिटी योजना के तहत सिंहपुर कछार, गंगपुर चकबदा, हिन्दूपुर और सम्भरपुर ग्रामों से संबंधित भू-स्वामियों से वार्ता की और उनको योजना के फायदे गिनाए। केडीए वीसी के निर्देश पर विशेष कार्याधिकारी भूमि बैंक (जोन-1) डॉ. रवि प्रताप सिंह नायब तहसीलदार और अमीनों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने भू-स्वामियों को केडीए में आयोजित होने वाले कैम्प के बारे में जानकारी दी और कहा कि अधिक से अधिक काश्तकार सहमति के आधार पर भूमि विक्रय के लिए अपनी सहमति प्रदान करें ताकि जल्द योजना की बाधाओं को दूर किया जा सके।

होली मिलन समारोह में भाग लेते उद्यमी। अमृत विचार

## होली मिलन के साथ संगीत संध्या की धूम, झूमे लोग

**कानपुर।** दाल मिलर्स एसोसिएशन के उद्यमी परिवार का होली मिलन समारोह व संगीत संध्या का आयोजन रविवार को अग्रसेन भवन किदवई नगर में हुआ। एसोसिएशन के सदस्यों ने एक-दूसरे को चंदन का टीका लगाया और फूलों की होली खेली। इसके बाद लोगों ने होली के मधुर गीतों का आनंद लिया। मुख्य अतिथि एसोसिएशन के संरक्षक प्रमोद जायसवाल व सलिल विश्नाई रहे। समारोह में एसोसिएशन के अध्यक्ष मिथलेश गुप्ता, महामंत्री गिरीश चंद पालीवाल, कोषाध्यक्ष हरी मोहन गुप्ता, राम किशन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, जगदीश वत्यानी, सूर्यभान सिंह पटेल, श्याम मोहन गुप्ता, नरेश गुप्ता, अरूण कुमार गुप्ता, रतीराम अग्रवाल, सिद्ध गोपाल गुप्ता, हरीष अग्रवाल, संजय मिश्रा आदि रहे।

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

**आज का मौसम**
तापमान में बढ़ोतरी की संभावना। तेज धूप रहेगी।

| 37.0° | 17.6° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:52 | सूर्यास्त 06:29 |

**रमजान मुबारक**

| इफ्तार (सोमवार) | सहरी (मंगलवार) |
|---|---|
| सुन्नी-06:29 | सुन्नी-04:34 |
| शिया-06:42 | शिया-04:19 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज

- **प्रशिक्षण :** पॉलिटेक्निक में प्रथम कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण सुबह 10 बजे।
- **बैठक :** नवरात्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस कमिश्नर कार्यालय में बैठक सुबह 11 बजे।
- **जागरूकता :** मतदाता जागरूकता अभियान स्काउट भवन में दोपहर में एक बजे।
- **जनसंपर्क :** लोकसभा चुनाव में पीडीए परिवारों से सपा का जनसंपर्क तीन बजे से।

## एक नजर

### पैसे कमाने का झांसा देकर 3.45 लाख ठगे

**कानपुर।** बर्रा निवासी युवक को साइबर ठगों ने वर्क फ्रॉम होम करने का झांसा देकर 3.45 लाख रुपये की चपत लगा दी। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराने के बाद बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बर्रा दो निवासी आयुष सचान ने बताया कि 29 फरवरी 2024 को उनके मोबाइल पर एक वर्क फ्रॉम होम करने का मैसेज आया। जिसमें होटलों की ऑनलाइन अच्छी रेटिंग करनी थी, झांसे में आकर काम शुरू कर दिया। कुछ दिन रुपये भी भेजे। इसके बाद टेलीग्राम एप में जोड़कर बड़ा टास्क देने के नाम पर 15000 रुपये अपने खाते में डलवाए। साथ ही कई बार में 3.45 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद नंबर बंद बताने लगा, तो ठगी का अहसास हुआ। बर्रा इंस्पेक्टर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# ट्रैक किनारे कंक्रीट-जाली की दीवार, ट्रेनें भरेंगी रफ्तार

**एक्सक्लूसिव**

शिव प्रकाश मिश्र, कानपुर

**अमृत विचार।** कैटल रन ओवर (सीआरओ) की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रेलवे पुख्ता इंतजाम कर रहा है। रेल ट्रैक को जालियों और कंक्रीट की दीवार बनाकर कवर किया जा रहा है। यह दीवार बनने के बाद सुपरफास्ट और सेमी हाईस्पीड ट्रेनों की रफ्तार में इजाफा होगा। दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

प्रयागराज डिवीजन के तहत आने वाले गाजियाबाद से पंडित दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) वाया कानपुर तक रेल रूट को जालियों और कंक्रीट की दीवार से कवर किया जा रहा है। यह काम इसी साल सितंबर तक पूरा हो जाएगा। दरअसल, वंदे भारत जैसी ट्रेनों में सीआरओ और मैन रन ओवर (एमआरओ) की घटनाएं दिल्ली-हावड़ा रूट पर आए दिन होती हैं। यही हाल अन्य ट्रेनों का है, जिस कारण चालक औसत गति से ही ट्रेनों का संचालन करते हैं।

चालकों को ट्रैक पर भी नजर रखनी पड़ती है, इसलिए निर्धारित गति से नहीं चल पाते हैं। इन ट्रेनों के साथ उनके पीछे चलने वाली ट्रेनों की चाल भी प्रभावित होती है। इस समस्या के निदान के लिए गाजियाबाद से डीडीयू तक वाया कानपुर और प्रयागराज रेल ट्रैक को लोहे की जाली और कंक्रीट की दीवार बनाकर सुरक्षित किया जा रहा है, जिससे इंजन की बाडी को नुकसान नहीं होगा। कोई भी जानवर अचानक ट्रैक पर नहीं पहुंच सकेगा और सीआरओ की घटनाएं नहीं हो सकेंगी।

### ट्रेनों की राह होगी आसान, बिना बाधा भरेंगी फर्राटा

- एनसीआर रीजन के पीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि सीआरओ के कारण ट्रेनें लेट होती हैं। उन्होंने बताया कि आबादी वाले इलाकों में एमआरओ और खुले स्थान जैसे आउटर पर सीआरओ की घटनाएं होती हैं। जानवर चारे की तलाश में पटरी पर आ जाते हैं। सीआरओ की घटना में कई बार रेल इंजन भी प्रभावित हो जाता है। कई बार इंजन से टकराकर जानवर के शरीर का अवशेष रेल इंजन में फंस जाते हैं, जिसे निकालने व जानवर को ट्रैक से हटाने में काफी समय लग जाता है। इससे ट्रेनें प्रभावित होती हैं। दीवार बनने से ट्रेनें इन घटनाओं के कारण लेट नहीं होंगी।

- **सीआरओ और एमआरओ की घटनाओं पर अंकुश के लिए रेलवे का प्लान**
- **इंजन की बॉडी को नहीं होगा नुकसान, ट्रैक पर नहीं पहुंच पाएंगे मवेशी**

सीआरओ की घटनाओं को रोकने और ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने के लिए गाजियाबाद से डीडीयू तक ट्रैक को लोहे की जाली व कंक्रीट की दीवार बनाकर कवर किया जा रहा है। यह काम इस साल सितंबर तक पूरा हो जाएगा। गाजियाबाद से टूंडला तक रेल ट्रैक को कवर करने का काम इसी माह अप्रैल में पूरा हो जाएगा।

– हिमांशु बडोनी, डीआरएम, प्रयागराज डिवीजन

### शहर में 30 प्रतिशत काम हुआ पूरा

- कानपुर में कैंट क्षेत्र से चकेरी तक लगभग चार-पांच किमी का एरिया और कानपुर स्टेशन से जूही खलवा व गोविंदपुरी स्टेशन पर ट्रैक कवर का काम लगभग पूरा हो चुका है। कानपुर परिक्षेत्र में आने वाले हिस्से में लगभग 30 प्रतिशत ट्रैक कवर का काम पूरा है। ट्रैक कवर करने का काम तेजी से चल रहा है। सितंबर से पहले यह काम पूरा हो जाएगा।

### दुर्घटनाओं और पथराव जैसी घटनाओं पर लगेगा अंकुश

- सीआरओ की घटनाएं हर रूट पर होती हैं, मगर ये घटनाएं खासकर उन स्थानों पर ज्यादा होती हैं, जहां खुला एरिया होता है। शहर में जूही यार्ड, दादानगर, गुजैनी के अलावा भाऊपुर, घाटमपुर, झींझक, रूरा, इटावा, टूंडला, गाजियाबाद व अलीगढ़ में घटनाएं होती हैं। दीवार बनने से और भी लाभ होंगे, जैसे जानवरों के हादसे रुकेंगे। ट्रेन डिरेलमेंट का खतरा नहीं रहेगा। ट्रेन स्पीड से चल सकेंगी। अपराधिक व पथराव की घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

## एसी कोच में धरे गए अवैध वेंडर

**कानपुर।** सुपरफास्ट एक्सप्रेस 22122 में फस्ट से लेकर थर्ड एसी में पैंट्रीकार के मैनेजर व अवैध वेंडर को भोजन थाल व नाश्ता बेचते टीटीई ने पकड़ लिया। दोनों को सेंट्रल पर उतारा गया। विवाद होने से ट्रेन आधा घंटा देरी से गई।

लखनऊ से लोकमान्य तिलक टर्मिनल जा रही सुपरफास्ट एक्सप्रेस 22122 शाम चार बजे रवाना हुई तो कोच कंडक्टर बीएस कुशवाहा नियमित चेकिंग में लग गए। एसी कोच में उन्होंने पैंट्रीकार के मैनेजर नितिन शिवहरे को भोजन बेचते देखा तो अधिकार पत्र मांगा, लेकिन नितिन पत्र नहीं दिखा सके। दूसरे कोच में यात्रियों को खाना बेचते आशीष पांडेय को पाया। वह भी लाइसेंस न दिखा सके। टीटीई ने पूछताछ की तो विवाद शुरू हो गया। टीटीई ने कंट्रोल को मेमो दिया। आरपीएफ ने ट्रेन के पहुंचते ही दोनों को उतारा। प्लेटफार्म पर ही दोनों टीटीई से विवाद करने लगे। इससे करीब आधा घंटा ट्रेन लेट हुई।

**स्ट्रक्चर के काम में तेजी, दिसंबर के अंत तक स्लैब का काम पूरा करने का लक्ष्य**

# दादानगर पुल के लिए दो दिन बाद स्लैब की ढलाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दादा नगर समानांतर पुल निर्माण में पिलर और पीयर कैप का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद कार्यदायी संस्था ने पुल पर सुपर स्ट्रक्चर का काम शुरू कर दिया है। दो दिन के बाद पुल पर स्लैब ढलाई का काम शुरू होगा। इसके साथ ही रेलवे के भाग वाले क्षेत्र में निर्माण कार्य भी जल्द ही शुरू होगा, जिसके लिए सेतु निगम से संबंधित अधिकारियों से वार्ता की है।

दादानगर क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए 53.77 करोड़ की लागत से तैयार किए जा रहे 728.70 मीटर लंबे व 7.50 मीटर चौड़े दादानगर समानंतर पुल के निर्माण में फाउंडेशन व सबस्ट्रक्चर का काम पूरा होने के साथ ही 20 पिलर में 17 का निर्माण कार्यदायी संस्था साईं डेवलेपर ने करा दिया है। इसके साथ ही सभी पिलरों पर पीयर कैप का निर्माण भी पूरा हो चुका है। समानांतर पुल निर्माण के साथ ही पुल में स्लैब का काम शुरू होने वाला है, इसके लिए सेतु निगम ने सुपर स्ट्रक्चर का काम तीन माह पूर्व शुरू करा दिया था।

अधिकारियों के मुताबिक बीम व डेक स्लैब का काम शुरू कर दिया गया है। सुपर स्ट्रक्चर का काम अंतिम चरण में है। दो दिन बाद पुल में स्लैब ढलाई का काम शुरू किया जाएगा। पुल निर्माण में रेलवे वाले हिस्से पर तीन पिलर का निर्माण रेलवे की ओर से कराया जाएगा। पुल निर्माण में देरी न हो, इसके लिए रेलवे अधिकारियों से वार्ता की गई है। रेलवे के हिस्से वाले काम पुल निर्माण के साथ शुरू होने से सामानांतर पुल का काम तेजी से निपट जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि स्लैब का काम दिसंबर माह तक खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद पुल पर बिटुमिंस सरफेस का काम कराया जाएगा।

दादानगर के समानांतर पुल का काम तेज हुआ। अमृत विचार

पुल पर सुपर स्ट्रक्चर का काम हो रहा है। पिलर व पीयर कैप का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। दो दिन में स्लैब का काम शुरू हो जाएगा। रेलवे अधिकारियों से भी पुल निर्माण के संबंध में वार्ता की गई, जिससे काम समय से पूरा हो सके।

–अरविंद कुमार सागर, एई, सेतु निगम

| | |
|---|---|
| पुल की लागत | 53.77 करोड़ |
| पुल की लंबाई | 728.70 मीटर |
| पुल की चौड़ाई | 7.50 मीटर |

### जून व जुलाई में पनकी के पुलों पर फर्राटा भरेंगे वाहन

- पनकी पावर हाउस की 660 मेगावाट की यूनिट शुरू होने के बाद मालगाड़ियों का संचालन शुरू होते ही जाम की आशंका है। ऐसे में भाटिया तिराहे से पनकी मंदिर की रेलवे क्रासिंग पर 32 करोड़ की लागत से 601 मीटर लंबा पुल तैयार किया जा रहा है, जो जून 2021 से निर्माणाधीन है। इसी के साथ ही भाटिया तिराहा से पनकी धाम तक 32 करोड़ की लागत से 700 मीटर लंबे पुल का निर्माण कराया जा रहा है। स्लैब का काम पूरा होने के साथ व्यू कटर व सीढ़ियों का कार्य शेष रह गया है। अधिकारियों ने बताया कि जून तक पनकी धाम व जुलाई तक पनकी पावर हाउस पुल का निर्माण पूरा करा दिया जाएगा।

# आईएमए की ओपीडी में मुफ्त परामर्श

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आपको अगर किसी प्रकार की गंभीर बीमारी है, आपके पास रुपये कमी है और नामी डॉक्टरों से परामर्श लेकर जल्द स्वास्थ होना भी चाहते है तो उसके लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने एक अच्छी पहल शुरू की है। परेड स्थित आईएमए भवन में मल्टी स्पेशियलिटी ओपीडी में शहर के नामी डॉक्टर मरीजों को निशुल्क परामर्श देंगे। जांच कराने पर 50 प्रतिशत और एक्सरे व अल्ट्रासाउंड पर 30 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रविवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर की शाखा ने आईएमए मल्टी स्पेशियलिटी ओपीडी की शुरुआत की। ओपीडी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि शुभम गोल्डी मसाले प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सुरेंद्र कुमार गुप्ता ने किया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सुबह 10 बजे से लेकर एक बजे तक 289 मरीजों को परामर्श दिया। 135 मरीजों की ईसीजी, ब्लड शुगर व बीपी की जांच निशुल्क की गई। 120 मरीजों की खून से संबंधित जांचे आहूजा पैथोलॉजी में 50 प्रतिशत के डिस्काउंट में की गई।

दीप प्रज्ज्वलित कर ओपीडी की शुरुआत करते आईएमए पदाधिकारी। अमृत विचार

### एक छत के नीचे मिलेंगी ये सुविधाएं

आईएमए सचिव डॉ.कुणाल सहाय ने बताया कि मल्टी स्पेशियलिटी ओपीडी प्रतिदिन संचालित की जाएगी। ओपीडी में कैंसर रोग, न्यूरो, गायनी, हड्डी रोग, त्वचा रोग, हृदय रोग, चेस्ट रोग, नाक, कान व गला, गुर्दा रोग, बाल रोग, हार्मोंस एवं मधुमेह रोग, पेट रोग, किडनी रोग, स्पाइन व मूत्र रोग समेत विभिन्न बीमारियों का इलाज मिलेगा। ऐसे में मरीजों को भटकना भी नहीं पड़ेगा।

आईएमए मल्टी स्पेशियलिटी ओपीडी के चेयरमेन डॉ. वीसी रस्तोगी व कंवीनर डॉ. एसी अग्रवाल आइएमए सचिव डॉ. कुनाल सहाय ने बताया कि आईएमए कानपुर मल्टी स्पेशियलिटी ओपीडी में शहर और मेडिकल कॉलेज कानपुर के विशेषज्ञ डॉक्टर सेवाएं देंगे। ओपीडी में आने वाले रोगियों की सभी प्रकार की खून जांच डॉ.सुरजीत अहूजा अपनी पैथोलॉजी में 50 प्रतिशत और एक्सरे व अल्ट्रासाउंड डॉ.अरूण शर्मा 30 प्रतिशत छूट पर करेंगे। इससे मरीजों को लाभ और डॉक्टरों को सेवा का मौका मिलेगा।

कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश सिंह सचान, जनरल फिजीशियन डॉ. अंबिका प्रसाद, डॉ. वीके कपूर, डॉ. कीर्ति जलोटा मेहरोत्रा, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. बृजेंद्र शुक्ला, डॉ. संजीव कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अवध दुबे, डॉ. शालिनी मोहन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय रस्तोगी, डॉ. केके त्रिपाठी, गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना भदौरिया, मधुमेह विशेषज्ञ डॉ.एसी अग्रवाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.रीता मित्तल, डॉ. किरन सिन्हा, डॉ.मनीषा बाजपई, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सविता रस्तोगी, डॉ. वीएन त्रिपाठी आदि परामर्श देंगे।

कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते केके दुबे व अजित अग्रवाल। अमृत विचार

# नव संवत्सर के स्वागत में अटल घाट पर आयोजन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन करेगा शंखनाद जल स्तुति और नृत्य -भजन

**अमृत विचार।** कानपुर स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को नव संवत्सर पर विशेष आयोजन होंगे। नव संवत्सर की पहली किरण का स्वागत उत्साह के साथ किया जाएगा। इस बीच अटल घाट पर होने वाले आयोजन में जल स्तुति, शंखनाद के साथ नृत्य व भजनों के बीच नए साल का स्वागत उत्साह के साथ किया जाएगा।

यह जानकारी रविवार को संस्था के संरक्षक डॉ. संजय कपूर, अध्यक्ष अजित अग्रवाल व महामंत्री पंडित कृष्ण कुमार दुबे ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि सुबह पांच बजे शुरू होने वाले कार्यक्रम में नृत्य और भजन के लिए मुंबई से कलाकार आ रहे हैं। इस आयोजन से शहर में एक अद्भुत व अनूठी पहल शुरू की जा रही है। नए साल के पहले दिन गंगा के दर्शन, शंख ध्वनि व मंत्रोच्चार के साथ भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। समारोह में सभी लोग भारतीय परिधान में दिखेंगे। संस्था की यूथ विंग की ओर से सेंट्रल स्टेशन पर सुबह 8 बजे से 12 के बीच यात्रियों का तिलक लगाकर भारतीय नव संवत्सर की शुभकामनाएं दी जाएंगी। जल स्तुति एवं शंखनाद में मठ मंदिरों के संतों, सामाजिक संगठनों, औद्योगिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों के अतिरिक्त लगभग 101 बटुकों की ओर से मंत्रोच्चारण किया जाएगा।

# गोरखपुर-पुणे स्पेशल को बताया बैलगाड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ट्रेन 10 घंटे लेट होने पर यात्रियों ने ट्वीट कर जताई नाराजगी

**अमृत विचार।** गोरखपुर से चलकर पुणे जाने वाली 01432 स्पेशल ट्रेन ने लेटलतीफी के कारण यात्रियों को छका लिया। 10 घंटे लेट होने के कारण यात्रियों ने ट्वीट कर स्पेशल ट्रेन को बैलगाड़ी बताया। रेलवे के अधिकारियों को ट्वीट करके अपनी नाराजगी जताई। लिखा इसी वजह से लोगों के अनेकों काम छूट जाते हैं।

01432 गोरखपुर-पुणे स्पेशल का सेंट्रल स्टेशन पर पहुंचने का समय सुबह छह बजे है, लेकिन यह ट्रेन रविवार को 10 घंटे देरी के कारण शाम चार बजे के बाद पहुंची। ट्रेन में सफर कर रहे एक यात्री आशुतोष तिवारी ने जब 20 मिनट तक ट्रेन स्टेशन पर खड़ी रही तो ट्वीट किया कि गोरखपुर-पुणे स्पेशल बैलगाड़ी की तरह चल रही है, जबकि किराया सुपरफास्ट से भी अधिक का वसूल किया जाता है। ट्रेन की लेटलतीफी और समय पर न पहुंचने के कारण लोगों के कई काम समय से पूरे नहीं हो पाते हैं। रेलवे को अपनी कार्यशैली सुधारने की जरूरत है। इसी तरह 02563 बरौनी-नई दिल्ली स्पेशल छह घंटे देरी से पहुंची। इसकी शिकायत प्रियांशु कुमार, समीर श्रीवास्तव व अजय ने ट्वीट करके की। 04152 एलटीटी कानपुर स्पेशल के यात्री महेश शर्मा ने बताया कि ट्रेन करीब छह घंटे देरी से चल रही है जिससे यात्री परेशान रहे।

## किराया हवाई जहाज का और काट रहे मच्छर

**कानपुर।** लखनऊ से नई दिल्ली जाने वाली कॉरपोरेट ट्रेन 82501 तेजस एक्सप्रेस के कोच में मच्छर काटने की शिकायत यात्री राजीव शर्मा ने ट्वीट कर की। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन में हवाई जहाज का किराया लिया जा रहा है, लेकिन मच्छर काट रहे हैं। एक नंबर कोच में सीट नंबर 71 पर सफर करने वाले राजीव ने बताया कि लखनऊ से नई दिल्ली जाने वाली तेजस में हम है। इसका किराया भी प्रीमियम है। इसके बावजूद कोच में मच्छरों की भरमार है। बैठाना मुश्किल हो रहा है।

## सड़क पर मिला अधेड़ का शव

**कानपुर।** सीटीआई चौराहे के पास रविवार सुबह अधेड़ का शव पड़ा मिला। गोविंद नगर पुलिस ने शव की तलाशी ली। जेब से मिली पर्ची के आधार पर उसकी शिनाख्त कन्नौज के गुरसहायगंज निवासी दिनेश तिवारी के रूप में की।

कन्नौज के गुरसायगंज निवासी दिनेश तिवारी (53) का विवाह गोविंद नगर क्षेत्र के संजय नगर निवासी कमल की बहन सोनी से हुआ था। कमल ने बताया कि बहनोई शराब के लती थी, जिसके चलते उनका लीवर खराब हो चुका था। रावतपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। एक सप्ताह पहले ससुराल आए थे। इसके बाद मंधना निवासी अपने भाई श्याम मोहन के यहां रुके हुए थे।

**डॉक्टर्स की राय** | कानपुर ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के कोएकॉन-2024 में विशेषज्ञों ने दी महत्वपूर्ण जानकारी

# कोरोना के बाद कूल्हे की हड्डी हो रही कमजोर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कोरोना ने लोगों को इस कदर प्रभावित किया है कि संक्रमण मुक्त होने के बाद भी वह पूर्ण रूप से स्वस्थ नहीं हो पा रहे हैं। जिन्हें कोरोना हुआ था, उन्हें कूल्हे की हड्डी से संबंधित बीमारी बढ़ी है। यह समस्या उन्हें अधिक हो रही है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा या दो से तीन बार कोरोना पॉजिटिव हुए। यह जानकारी मुजफ्फर नगर के वरिष्ठ अस्थि रोग के डॉ.मुकेश जैन ने कोएकॉन 2024 में दी।

कानपुर ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के रविवार को तिलक नगर के होटल में आयोजित कोएकॉन 2024 में नगर के साथ ही मुंबई, आगरा, लखनऊ आदि शहरों के 150 अस्थि विशेषज्ञ शामिल हुए।

मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ आर्थो सर्जन डॉ.मुकेश जैन ने बताया कि कोरोना से पीड़ित लोगों ने स्टेराइड का अधिक इस्तेमाल किया, जिसका असर अब दिख रहा है। कोरोना से पहले 70 से 75 के लोगों के कूल्हे में समस्या होती थी, लेकिन अब 50 से 60 वर्ष में ही समस्या बढ़ी है। मुंबई से आए डॉ.अमित ने बताया कि हिप ज्वाइंट में समस्या अधिक हो रही है। वैक्सीन का हड्डियों पर असर पड़ा। वहीं, अस्टियोपोरोसिस की समस्या से पीड़ित लोगों की हड्डियां खोखली हो रही हैं। समय से इलाज जरूरी है। यहां डॉ.चंदन कुमार, डॉ. अनूप अग्रवाल, डॉ. रवि गर्ग, डॉ. राघवेंद्र त्रिपाठी, डॉ. रोहित नाथ, डॉ. एके अग्रवाल, डॉ.मानव लूथरा, डॉ. निर्भय सक्सेना, डॉ. गौरव गुप्ता, डॉ.अजीत तिवारी, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. केडी त्रिपाठी आदि डॉक्टर मौजूद रहे।

डॉ.अमित। अमृत विचार

डॉ.मुकेश जैन। अमृत विचार

### गड्ढे युक्त सड़कों पर राइड दे रही दर्द

डॉ.मुकेश जैन ने बताया कि खराब व गड्ढे युक्त सड़कों पर बाइक राइडिंग की वजह से घुटने व कंधे के फैक्चर की समस्या बढ़ी है, जिनमे युवा अधिक संख्या में शामिल है। क्योंकि प्रतिदिन घुटने व कंधे में होने वाले दर्द लोग अधिकतर आम समस्या समझ लेते है, जिस कारण वह समस्या गंभीर हो जाती है। बताया कि एफएनएस, टीएफएनए व पीएफएनए तकनीकी से जोड़ों के पास होने वाले फैक्चर को जोड़ने का काम किया जा रहा है। इससे मरीज जल्द ठीक होता है और बार-बार ऑपरेशन की जरूरत भी नहीं होती है।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# तीन नाबालिगों ने की थी घुमनी बाजार की कपड़ा दुकान में चोरी

## बाजार की ही दूसरी दुकानों में करते थे काम, नकदी समेत चोरी का पूरा सामान बरामद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर चोरों तक पहुंची पुलिस

**अमृत विचार।** फीलखाना थाना क्षेत्र के चावल मंडी स्थित कपड़े की दुकान में शनिवार को हुई चोरी का रविवार को पुलिस ने खुलासा किया। पुलिस ने घटना में शामिल तीन नाबालिग चोरों को पकड़ा है। शातिर नाबालिगों ने पहचान छिपाने के लिए सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर व हार्डडिस्क पार की थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी का सामान बरामद किया है।

लालबंगला निवासी आशीष जायसवाल उर्फ बबलू की चावल मंडी घुमनी बाजार में नीलकंठ फैब्रिक्स के नाम से शूटिंग सर्टिंग की दुकान है। शनिवार सुबह दुकान में काम करने वाले जितेंद्र साहू जब दुकान पहुंचे तो शटर खुला देख चोरी की जानकारी आशीष को दी थी। अंदर पहुंचने पर देखा तो पूरा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और गोलक में रखे 1.75 लाख रुपये गायब थे। इसके साथ ही दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर, हार्डडिस्क व लैपटॉप चोरों ने पार कर दी थी। पीड़ित ने फीलखाने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस ने दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, जिसमें तीन नाबालिग बच्चे दुकान के अंदर जाते हुए कैद हो गए थे। पुलिस ने तीनों नाबालिगों की फोटो आशीष और आसपास के दुकानदारों को दिखाई, जिसके बाद शातिरों की पहचान हुई। तीनों बाजार में ही अलग-अलग दुकानों में काम करते थे। शिनाख्त होने पर पुलिस ने रविवार सुबह तीनों नाबालिगों को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1.09 लाख रुपये, लैपटॉप, मोबाइल और डीवीआर बरामद किया। फीलखाना थाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि तीनों नाबालिगों के पास से चोरी का सामान बरामद कर लिया गया है।

# दो चोर दबोचे, मोबाइल बरामद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आरपीएफ और जीआरपी ने रात्रि गश्त के दौरान सेंट्रल स्टेशन पर चोरी की वारदातें करने वाले दो चोरों दबोचा लिया। आरोपियों के पास से दो स्मार्ट मोबाइल बरामद किए गए।

आरपीएफ के उपनिरीक्षक अमित द्विवेदी ने बताया कि क्राइम विंग व जीआरपी के साथ शनिवार रात गश्त कर रहे थे, तभी स्टेशन के पश्चिमी किनारे टाटमिल जाने वाले रास्ते पर रेल लाइन से 30 कदम की दूरी पर दो संदिग्धों को पकड़ा। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम रोमिल गुप्ता निवासी मैकेनिक नगर, उरई जिला जालौन और रोशन अली निवासी खलवा थानाक्षेत्र व जिला बलरामपुर बताया।

तलाशी के दौरान दोनों के पास से एक-एक करीब 27000 रुपये कीमत का मोबाइल बरामद हुआ। तलाशी में रोमिल के पास 100 और रोशन के पास 50 रुपये बरामद हुए। आरोपियों ने बताया एक मोबाइल गोविंदपुरी और दूसरा सेंट्रल स्टेशन से चोरी किया था। दोनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पकड़े गए मोबाइल चोर। अमृत विचार

- आरपीएफ और जीआरपी ने गश्त के दौरान पाई सफलता

# कंपनी के आउटलेट से लाखों का माल समेटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई पूरी घटना
- मेस्टन रोड में हुई घटना एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार।** मेस्टन रोड स्थित एलेनकूपर के आउटलेट से लाखों का माल पार करने के आरोप में कंपनी अधिकारी ने कर्मचारी के खिलाफ मूलगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि कर्मचारी पिछले कई महीनों नकदी और माल पार कर रहा था। ऑडिट में गड़बड़ी मिलने पर सीसीटीवी कैमरे की जांच में घटना का खुलासा हुआ।

हॉस्पिटल रोड निवासी सुपरहाउस में यूनिट हेड सिराज अहमद ने बताया कि एलेनकूपर कंपनी की एक आउटलेट मेस्टन रोड पर है, जिसमें दिव्य श्रीवास्तव स्टोर मैनेजर थे। कई महीनों ने आउटलेट में चोरी व माल की हेराफेरी की जानकारी मिल रही थी। कुछ समय पहले आउटलेट का ऑडिट किया गया तो बात सही निकली। आउटलेट में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तो पता चला कि आउटलेट में न रहने पर दिव्य कुमार नकदी समेत लाखों का माल पार कर रहा था। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। उन्होंने बताया कि घटना के बाबत दिव्य कुमार से पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए 30 जनवरी को 10 हजार रुपये वापस किए और करीब सात लाख के माल की भरपाई करने की बात कही। इसके बाद उसने दुकान आना बंद कर दिया। सिराज ने आरोपी के खिलाफ मूलगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### चोरी के आरोप में मां-बेटे पर एफआईआर

**कानपुर।** काकादेव शास्त्री नगर निवासी लक्ष्मीकांत शुक्ला ने चोरी के आरोप में मां-बेटे पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि उनकी दुकान में एसी, इन्वर्टर, मेज, कुर्सी, टीवी और दो हजार रुपये की नकदी रखी थी, जिसे शुभ्रा चटर्जी व उनके बेटे अबीर ने गायब कर दिया। नजीराबाद थानाध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# फोन पर पति को दे रही थी गाली, पड़ोसियों ने धुना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बेटी ने हनुमंत विहार में दर्ज कराई एफआईआर
- रुपयों को लेकर दंपति के बीच हो रहा था विवाद

**अमृत विचार।** रविवार को हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में एक रोचक मामला सामने आया। पैसों के विवाद को लेकर पति से फोन पर तेज आवाज में बात करने के दौरान गालीगलौज करना महिला को महंगा पड़ गया। पड़ोसियों ने भ्रम में आकर महिला के घर में घुसकर जमकर पिटाई कर दी। पीड़िता के गंभीर चोट आने पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि महिला अक्सर मोहल्ले के लोगों के साथ गाली-गलौज करती थी, जिसके भ्रम में आकर लोगों ने उसकी पिटाई की है।

हनुमंत विहार निवासी शालू यादव ने बताया कि पांच अप्रैल को मां ननकी यादव और पिता गिरजा शंकर के बीच पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। इसी दौरान ननकी ने पिता को फोन किया, जिस पर दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। बहस के दौरान ननकी तेज आवाज में पति के साथ गालीगलौज करने लगी। इस दौरान मोहल्ले में रहने वाले लोगों को लगा कि ननकी उनको गाली-गलौज कर रही है। पड़ोसी राधे गिरी और शैलेंद्र प्रजापति उसके घर में घुस आए और उसकी मां की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई।

पीड़िता की बेटी ने आरोपियों के खिलाफ हनुमंत विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि ननकी का बेटा सतीश यादव अपराधी प्रवृत्ति का है, जिस कारण उसे जिलाबदर किया गया है। ननकी भी अक्सर पड़ोसियों के साथ गाली-गलौज करती है, जिस कारण पड़ोसियों ने उसकी पिटाई की होगी। रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**कृपया! पुलिस से सहायता न मांगें :** नौबस्ता-रामादेवी हाईवे पर अगर कोई हादसा होता है और कोई घायल हो जाता है तो मित्र पुलिस सहायता करने में असमर्थ है। हाईवे के पुलिस सहायता केंद्र को खुद मदद की दरकार है। पुलिस मित्र नदारद है। यह पुलिस की लापरवाही की एक बानगी है। शहर के कई स्थानों पर पुलिस सहायता केंद्र ऐसी ही हालत में हैं। **फोटो-मनोज तिवारी**

# शराब के विरोध पर फांसी लगा दी जान

**कानपुर।** बिधनू में शराब पीने का विरोध करने पर युवक ने चादर से फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों की दरवाजा तोड़ कर उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम भिजवाया।

बिधनू निवासी अमित अवस्थी (22) एक कार कंपनी के शोरूम में काम करता था। परिवार में मां पुष्पा, पिता रामकिशोर, पत्नी प्रिया व बेटा शिवांशु है। अमित के चाचा अरुण ने बताया कि अमित का छोटा भाई सुमित एयरफोर्स में प्रयागराज में तैनात है। अमित होली से शराब पीकर घर में विवाद करता था। शनिवार शाम भी अमित शराब के नशे में धुत होकर आया। फिर परिजनों से विवाद हुआ। देर रात अमित ने कमरे में चादर का फंदा बना कर फांसी लगा ली। रात करीब 10 बजे खाने को परिजन बुलाने गए तो शव लटकता मिला। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर अमित को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# वूल स्टोर संचालिका से छेड़छाड़ में दो पर रिपोर्ट

**कानपुर।** गुमटी स्थित वूल स्टोर की संचालिका ने पड़ोसी दुकानदार के खिलाफ छेड़छाड़ संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि पड़ोसी दुकानदार गुरुविन्दर सिंह उर्फ रिशू और बलजीत सिंह ने अश्लील इशारे किए। एक अप्रैल की शाम वह दुकान आ रही थीं। इसी दौरान बलजीत ने रोक लिया और अश्लील इशारे करने लगा। फिर चार अप्रैल को आरोपी दुकान पहुंचा और पति से अभद्रता कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने नजीराबाद थाने में दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# रेलवे में नौकरी के नाम पर ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलवे में नौकरी लगवाने का झांसा देकर धोखेबाज ने युवक के साथ एक लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। एक साल तक नौकरी न लगने पर पीड़ित ने पैसों की मांग की तो आरोपी ने साथियों संग उसके साथ मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत करने के बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रेलबाजार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

मूलरूप से उन्नाव के विहार, भगवंत नगर, नैकामऊ निवासी अंकित कुमार ने बताया कि गांव के परिचित दयाशंकर बर्रा आठ में रहते हैं और रेलवे में कार्यरत हैं। दयाशंकर ने साल 2017 में अंकित से रेलवे में नौकरी लगवाने की बात कहते हुए चार लाख रुपये की मांग की। झांसे में आकर उन्होंने 25 हजार रुपये नकद और 75 हजार रुपये की चेक दे दी। कई साल बीत जाने पर भी जब नौकरी नहीं लगी तो अंकित ने रुपये वापस मांगे। इस पर आरोपी ने रुपये वापस करने के बहाने नवंबर 2023 में न्यू कोंचिग कांपलेक्स लोको कॉलोनी, टाटमिल बुलाया। जहां पर आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पीटा और रुपये को जान से मारने की धमकी देते हुये भगा दिया। आरोप है कि दयाशंकर कई लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी कर चुका है। उस पर कई थानों में मामले दर्ज है। पीड़ित का आरोप है कि मामले की शिकायत रेलबाजार पुलिस से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की। जिसके बाद उन्होंने कोर्ट की शरण ली।कोर्ट के आदेश पर रेलबाजार पुलिस ने आरोपी दयाशंकर व उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### प्लाट खाली करने के लिए मांगे 25 लाख

**कानपुर।** ग्रेटर कैलाश निवासी उमेश उपाध्याय ने अपने गांव कुशीनगर में जमीन खरीदी थी, जिस पर वहीं के सच्चिदानंद पांडेय ने कब्जा कर लिया। आरोपी ने 4 अप्रैल को फोन पर गालीगलौज कर प्लाट खाली करने के नाम पर 25 लाख रुपये मांगे। पीड़ित तहरीर पर चकेरी में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

# गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक को पीटा

**कानपुर।** रायपुरवा तेजाब मिल कैंपस निवासी आनंद कुमार ने बताया कि बीते 30 मार्च को वह घर पर थे। तभी मोहल्ले के विशाल शुक्ला अपने साथियों के साथ उनके घर के बाहर आकर जाति सूचक गालियां देने लगा। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। लोगों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी विशाल, शशांक, कृष्णा समेत तीन अज्ञात के खिलाफ मारपीट, एससी-एसटी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# वृद्ध की मौत, छोटे भाई पर लगाया हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सांस की बीमारी से पीड़ित थे बुजुर्ग, चल रहा था इलाज

**अमृत विचार।** चकेरी में वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के बड़े बेटे ने भाई पर ऊपर जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप लगा कर हंगामा किया। हंगामें की सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

चकेरी के सदानंद नगर निवासी सूरज पाल (60) के दो बेटे लाल सिंह व राकेश हैं। छोटे बेटे राकेश ने बताया कि पिता सांस की बीमारी से ग्रसित थे। वह उसके साथ ही रहते थे, जबकि लाल सिंह अलग रहते थे। शनिवार की सुबह पिता की तबीयत खराब होने पर उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। रविवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पिता की मौत की जानकारी पर लाल सिंह मौके पर पहुंचे और छोटे भाई पर जहरीला पदार्थ देकर पिता की हत्या करने का आरोप लगाकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर चकेरी पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# बर्तन कारोबारी की जेब काटने वाले पकड़े गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शातिरों ने 12 मार्च को 45 हजार की लगाई थी चपत

**अमृत विचार।** आनंदपुरी में बर्तन कारोबारी की जेब काट कर 45 हजार रुपये पार करने वाले तीन दिन आरोपियों को जूही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने 12 मार्च को ई-रिक्शा में बैठे कारोबारी के साथ घटना को अंजाम दिया था। पुलिस को आरोपियों के पास से ब्लेड, तमंचा, कारतूस व रुपये बरामद हुए।

किदवई नगर जी ब्लॉक निवासी बर्तन कारोबारी अनिल गुप्ता बीते 12 मार्च को साइड नंबर वन जूही में ई-रिक्शा पर बैठ कर खरीदारी के लिए घंटाघर जा रहे थे। उनकी जेब में 45 हजार रुपये रखे हुए थे। ई-रिक्शे में पहले से बैठे दो युवकों ने अनिल की जेब काट कर रुपये पार कर दिए। अनिल ने शोर मचाना शुरू किया तो आरोपी ई-रिक्शा से उतर कर पीछे से आ रही बाइक में बैठ कर फरार हो गए थे। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। जूही इंस्पेक्टर संजय पांडेय ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। रविवार को शातिर आनंदपुरी में खड़े थे। पुलिस ने कन्नौज जिले के इंदरगढ़ क्षेत्र के जागतापुर निवासी रवि उर्फ विजय, शंकर और औरैया निवासी राजा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक, तमंचा, 13270 रुपये बरामद किए।

अबीर-गुलाल उड़ा | क्षत्रिय सभा का होली मिलन समारोह, करौली शंकर महादेव भवन निर्माण में करेंगे मदद

# भजनों पर झूमे लोग, खेली फूलों की होली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अभिमन्यु क्षत्रिय सभा की ओर से रविवार को परसौली हंसपुरम में होली मिलन समारोह हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि करौली शंकर महादेव ने भवन निर्माण के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा की और पांच लाख का चेक सौंपा। समारोह में क्षमा करो भूल जाओ का संदेश दिया। कन्या भ्रूण हत्या, नशामुक्ति व महिला हिंसा के खिलाफ आंदोलन चलाने पर बल दिया।

क्षत्रिय सभा के अध्यक्ष पंकज सिंह तोमर ने बताया कि हर साल दशहरा और होली के मौके पर दो कार्यक्रम किए जाते हैं। क्षत्रिय सभा के भवन निर्माण के लिए परसौली में जमीन ली गई है। उसी जमीन पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। भजन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद लोगों ने फूलों की होली खेली। अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी। सभी लोगों ने जलपान किया। उन्होंने बताया कि करौली शंकर महादेव ने क्षत्रिय सभा की सराहना करते हुए भवन निर्माण में मदद करने की घोषणा की है। सभा के महामंत्री नरेंद्र प्रताप सिंह सेंगर और कोषाध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने कार्यक्रम की सफलता के लिए पदाधिकारियों को बधाईदी। अध्यक्षता पंकज तोमर और संचालन महामंत्री ने किया। समारोह में सांसद देवेंद्र सिंह भोले, लाल सिंह तोमर, अरुणा तोमर, भाजपा के महामंत्री शिवराम सिंह, विधायक अभिजीत सिंह सांगा, पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया, अविनाश सिंह चौहान, आरएन सिंह, उमेश तोमर, युग दधीचि के मनोज सेंगर, धर्मराज सिंह चौहान, एसडी सिंह परिहार, भूपेन्द्र चौहान, मुनीन्द्र चौहान आदि रहे।

करौली शंकर महादेव को प्रतीक चिह्न देते क्षत्रिय सभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

महोत्सव के दौरान भजनों पर थिरकतीं महिलाएं। अमृत विचार

### बरसी महोत्सव में भजन पर झूमे श्रद्धालु

**कानपुर।** जूही लाल कालोनी स्थित स्वामी पुरसनाराम दरबार में स्वामी पुरसनाराम हथूंगे वाले संतान की 69वीं बरसी महोत्सव मनाई गई। रविवार सुबह हवन हुआ। गुड़ी ज्ञानी व कलाकार पधारे। जयपुर वाले गदी नसीम सांई मुकेश साध महाराज, डबरा की सागर एंड पार्टी ने अपने भजनों से सभी को निहाल किया। भक्त भजनों पर जमकर झूमे-नाचे और तालियां बजाईं। इसके बाद महाआरती हुई और प्रसाद वितरण के साथ भंडारे का आयोजन हुआ। हवन, पाठ, कीर्तन, भंडारा और माता की चौकी में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। जिसमें अध्यक्ष नरेश कुमार आसनानी, पदमा खिलवानी, पिंकी आसनानी, सपना मुदिता लखवानी रहीं।

होली मिलन समारोह में राधा-कृष्ण ने धूम मचाई। अमृत विचार

### राधा-कृष्ण के साथ खेली फूलों की होली

**कानपुर।** मान सरोवर जन कल्याण सीमित की ओर से रविवार को एलआईसी कलोनी पार्क शारदा नगर में होली मिलन समारोह और राधा-कृष्ण के साथ फूलों की होली खेली गई। होली मिलन समारोह में लोगों ने एक दूसरे को आबीर-गुलाल लगाकर राधा-कृष्ण के साथ फूलों की होली खेली। मनमोहक भजनों होली खेले रघुवीरा..., बरसाने में होली खेले नंदकिशोर..., आदि गीतों पर लोगों ने नृत्य किया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति क्षेत्रीय विधायक नीलिमा कटियार ने सभी को होली की बधाई दी। समारोह में मौजूद लोगों ने चाट का आनंद लिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष आरके बाजपेई, सचिव आरके मिश्रा, वीके अवस्थी, जेपी त्रिवेदी, सुरेश सिह, ज्ञानेंद्र विश्नोई आदि मौजूद रहे।

### हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**कानपुर।** सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला 25 मार्च को पति व बच्चों के साथ कन्नौज अपने गांव जा रही थी। कर्नलगंज पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। बर्रा तात्या टोपे नगर निवासी अभय श्रीवास्तव केस्को में संविदाकर्मी हैं। साढू परवेंद्र ने बताया कि 25 मार्च को वह पत्नी बीनू (38) और बच्चे तनिष्क व मिठू के साथ कन्नौज अपने गांव जा रहे थे। वह ठठिया के पास पहुंचे थे, तभी सामने से आ रही बाइक से उनकी भिंड़त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को कन्नौज मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। इसके बाद परिजनों ने बीनू को कर्नलगंज के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर रविवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची कर्नलगंज पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत

**कानपुर।** चकेरी कोयला नगर दहेली पुलिया निवासी शिवकुमार (28) प्राइवेट नौकरी करते थे। शनिवार सुबह वह बाइक से किसी काम से जा रहे थे। तभी लाल बगंला विशाल मेगा मार्ट के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल अवस्था में उन्हें कांशीराम अस्पताल ले गई, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### अवैध बालू खनन कर ले जा रहे तीन ट्रैक्टर-ट्राली सीज

**राजपुर।** थाना पुलिस ने दमनपुर छोलापुर यमुना पट्टी से अवैध बालू खनन करते हुए तीन ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा है। जिन्हें सीज कर दिया गया है। राजपुर थाना क्षेत्र के छोलापुर गांव के पास यमुना नदी में अवैध रूप से बालू खनन होता है। खनन माफिया नदी से बालू निकालकर गांव किनारे डंप कर रहे हैं। रात के अंधेरे में बालू को ट्रक व ट्रैक्टर ट्राली से ले जाया जाता है। कस्बा इंचार्ज पंकज कुमार ने पुलिस बल के साथ शनिवार रात यमुना किनारे पहुंकर तीन ट्रैक्टर ट्राली को लोड बालू के साथ पकड़ा है। राजपुर थानाध्यक्ष प्रभात सिंह ने बताया कि शनिवार रात दमनपुर गांव के पास से पकड़े गए बालू लदे तीन टैक्टर ट्राली को सीज कर दिया गया है।

प्रवेश प्रारम्भ | प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# संविधान और लोकतंत्र बचाने को करें मतदान

**कानपुर।** ईदगाह स्थित कस्तूरबा बाई इंटर कॉलेज में रविवार को सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के विधानसभा पदाधिकारियों, वार्ड अध्यक्षों, सेक्टर जोनल, 275 बूथ प्रभारियों व प्रमुख नेताओं की बैठक में जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के 275 बूथ प्रभारी व पोलिंग एजेंट अपने पोलिंग स्टेशनों पर मुस्तैदी से तैनात रहकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का काम करेंगे। जनसभाओं, नुक्कड़ सभाओं, सोशल मीडिया या अन्य किसी माध्यम से किसी भी प्रकार की गलत टिप्पणी, बयानबाजी व गलत पोस्ट नहीं करनी है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने कहा कि सत्ताधारी दल की जन विरोधी नीतियों से जनता को अवगत कराना होगा। इस सरकार में लोकतंत्र की हत्या हो रही है। संविधान की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। लोकतंत्र व संविधान बचाने के लिए गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान प्रतिशत बढ़ाकर भारी मतों से विजई बनाकर गठबंधन का परचम फहराना है। महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, वरिष्ठ नेता सरताज अनवर, राजीव शर्मा, सिराज हुसैन, उदय द्विवेदी, फखरे आलम, हाजी शीबू, नदीम सिद्दीकी, जीतू कैथल, मुन्ना मिश्रा, सतीश यादव रहे।

# वाहन किराये से अलग होगा ईंधन और चालक का खर्च

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में एक उम्मीदवार अधिकतम 95 लाख रुपये खर्च कर सकता है। इसमें चुनाव प्रचार, वाहन, खाना-पानी, टेंट, फूल-माला, कार्यालय, बैनर-पोस्टर, विज्ञापन जैसे सभी खर्चों को जोड़ा जाएगा। आयोग ने प्रमुख मदों के लिए राशि निर्धारित की है। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश सिंह ने बैठक की।

गाइडलाइन के अनुसार नामांकन के बाद निर्धारित खर्च का विवरण प्रत्याशियों के खर्च में जोड़ा जाएगा। इससे पहले के खर्च पार्टी के खर्च में जुड़ेंगे। प्रचार वाहन में जीप, सूमो, स्कार्पियो, बोलेरो, सफारी व छोटी कार के लिए प्रतिदिन न्यूनतम 80 किमी और 10 रुपये प्रति किमी के हिसाब से गणना की जाएगी। चालक का भुगतान प्रतिदिन 600 रुपये होगा।

प्रत्याशी घोषित होने के बाद अलग से खाता और चुनावी खर्च का रजिस्टर तैयार किया जाता है। चुनावी कार्यक्रम में बैनर, पोस्टर, नाश्ता, लंच पैकेट, वाहन आदि जैसे खर्च जोड़े जाते हैं। आयोग ने वाहनों का किराया भी निर्धारित किया गया है, लेकिन चालक व ईंधन खर्च की गणना अलग से की जाएगी। इसी तरह सभा, रैली में साउंड, टेंट, फर्नीचर, बैरीकेडिंग, बल्ली, बैनर, पोस्टर आदि का खर्च जोड़ा जाता है। विधानसभावार व्यय लेखा दल चुनावी खर्चों पर निगरानी रखता है।

बैठक करते डीएम। अमृत विचार

### प्रचार वाहनों में बैंड ट्राली का किराया सर्वाधिक

- इस बार प्रचार वाहनों में सबसे अधिक किराया साउंड सहित बैंड ट्राली का निर्धारित किया गया है। उसके बाद वीडियो वैन और फार्च्यूनर कार का है। यह किराया प्रतिदिन के हिसाब से प्रत्याशी के चुनाव खर्च में जोड़ा जाएगा।

### 300 का वीआईपी लंच और 20 रुपये की पानी की बोतल

- चुनावी कार्यक्रमों में भोजन, पानी के भी रेट निर्धारित किए गए है। इसमें वीआईपी लंच पैकेट की कीमत सबसे अधिक है। जलपान और एक लीटर पानी की कीमत सबसे कम 20 रुपये है।

## 95 लाख

चुनाव आयोग ने निर्धारित किया है एक लोकसभा प्रत्याशी के लिए अधिकतम चुनाव का खर्च

- 10 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से प्रतिदिन 80 किमी परिचालन के साथ चालक के 600 रुपये जोड़े जाएंगे
- नामांकन के बाद हर प्रत्याशी के चुनावी खर्च का रजिस्टर, विधानसभा वार व्यय लेखा दल रखेगा नजर

### वाहनों के लिए तय हुई दरें

| वाहन | प्रतिदिन किराया |
|---|---|
| जीप, सूमो, मार्शल | 1000 |
| एसयूवी, स्कार्पियो, बोलेरो | 1200 |
| छोटी कार | 900 |
| टेंपो, ट्रैक्टर | 900 |
| आटो | 80 |
| वीडियो वैन | 2300 |
| साउंड सहित बैंड ट्राली | 5000 |
| फार्च्यूनर कार | 2000 |

### नाश्ता और भोजन कितने का

| | |
|---|---|
| पूड़ी-सब्जी पैकेट | 20 रुपये |
| एक लीटर पानी बोतल | 20 रुपये |
| 25 लीटर वाटर कैन | 25 रुपये |
| प्रति व्यक्ति जलपान | 20 रुपये |
| वीआईपी भोजन थाली | 300 रुपये |

# पांच कांग्रेसी और एक सपा समर्थित पार्षद आज शामिल होंगे भाजपा में

## पूर्व विधायक अजय कपूर के समर्थक हैं दक्षिण क्षेत्र से चुने गए कांग्रेस पार्षद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर नगर निगम के पांच कांग्रेसी, एक सपा समर्थित पार्षद सोमवार को भाजपा का दामन थामेंगे। सभी को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में पार्टी का पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई जाएगी। भाजपा सूत्रों की माने तो इसी दौरान प्रदेश कांग्रेस से जुड़ा एक बड़ा पदाधिकारी भी पार्टी की सदस्यता लेगा। इसके साथ ही एक दर्जन पूर्व पार्षद भी भाजपा में शामिल होंगे।

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले सभी छह पार्षद पूर्व विधायक अजय कपूर के करीबी हैं। अजय कपूर के कांग्रेस के 'हाथ' का साथ छोड़ने के बाद से ही इन सभी के भाजपा में जाने की संभावना जताई जा रही थी। इन कांग्रेसी पार्षदों के साथ ही एक दर्जन से अधिक अलग-अलग राजनीतिक दलों से जुड़े पूर्व पार्षद भी सोमवार को भाजपा की सदस्यता लेंगे। इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। लोकसभा चुनाव के संग्राम में कानपुर सीट पर भाजपा और गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी आमने-सामने हैं। लेकिन भाजपा में अन्य दलों के नेता, पदाधिकारी और सामान्य कार्यकर्ता लगातार शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस के बड़े चेहरे अजय कपूर ने पार्टी में टिकट की दावेदारी छोड़कर पिछले दिनों भाजपा की सदस्यता ली थी। अब उनके करीबी पार्षद भी भाजपा का दामन थामने जा रहे हैं। अमृत विचार ने सबसे पहले इससे संबंधित खबर को प्रकाशित किया था। भाजपा के एक पदाधिकारी के अनुसार पार्षदों को शामिल करने से पहले सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। भाजपा सूत्रों के अनुसार सोमवार को कांग्रेस से पार्षद अंजुलि दीक्षित, अनिल यादव, अमित जायसवाल, शालू कनौजिया, सरोज चड्ढा और सपा समर्थित सुधीर यादव भाजपा की सदस्यता लेंगे। इनके साथ ही आदर्श दीक्षित, अशोक मिश्रा, राजू सेतिया, योगेंद्र सिंह, सुनील कनौजिया, धीरेंद्र वर्मा समेत एक दर्जन पूर्व पार्षद भाजपा में शामिल होंगे।

अजय कपूर के करीबी छह पार्षद बोलेंगे जय श्रीराम

- एक दर्जन से अधिक पूर्व पार्षद भी पहनेंगे भाजपा का पटका

### पार्टी को थमाया इस्तीफा

कांग्रेस नेता सुनील कनौजिया और पार्षद शालू कनौजिया ने एक दिन पहले ही अपना इस्तीफा पार्टी को सौंप दिया। इसके साथ ही कांग्रेस के अन्य पार्षदों ने भी अपनी प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

जन संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेते भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी। अमृत विचार

# अफसर व नेता नहीं जनता खींचेगी विकास का खाका

**कानपुर।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने रविवार को आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर जनसंवाद कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि जिस उत्साह एवं जोश से सेंट्रल स्टेशन पर और केन्द्रीय चुनाव कार्यालय के उद्घाटन में भीड़ उमड़ी है, उसने साबित कर दिया है कि यह सीट फिर से पार्टी रिकार्ड मतों से जीतेगी। वह जल्द ही एक टोलफ्री नंबर जारी कर शहर के विकास के लिए जनता से सुझाव मांगेंगे।

गोविंद नगर के जयश्री कृष्णा पार्क में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार किया है।

- भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी जल्द जारी करेंगे सुझाव लेने के लिए टोल फ्री नंबर

पूर्व विधायक अजय कपूर ने कहा कि रमेश अवस्थी की जीत का लक्ष्य अबकी बार पांच लाख से अधिक होना चाहिए। कार्यक्रम में प्रकाश वीर आर्य, देवेंद्र सब्बरवाल, अनिल त्रिपाठी, सुनील नारंग, विपुल त्रिवेदी, अरूण कुमार बाजपेई, उदयवीर सिंह गौर, पार्षद अनिल यादव, नीरज चड्ढा रहे।

## सोशल मीडिया से मतदान की अपील

**कानपुर।** निर्वाचन आयोग ने युवा और शहरी मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया मंचों पर विभिन्न अभियान शुरू किए हैं। आयोग ने एक अभियान शुरू कर लोगों से आग्रह किया गया है कि वे सोशल मीडिया पर, चुनाव से संबंधित जो भी सूचना प्राप्त करते हैं उसे पहले सत्यापित करें और फिर उसे साझा करें। अधिकारियों के मुताबिक आयोग 'टर्निंग 18' अभियान के माध्यम से युवा और पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को प्रेरित कर रहा है। उनसे मतदान का आग्रह कर रहा है। 'यू आर द वन' अभियान के तहत आयोग विभिन्न हितधारकों का पता लगाने का प्रयास कर रहा है।

# गठबंधन से खुलेगा तरक्की का रास्ता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार आलोक मिश्रा ने रविवार को कांग्रेस, आप और सपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कई क्षेत्रों में संपर्क किया। प्रत्याशी गुमटी गुरुद्वारे में अरदास में शामिल हुए।

पाण्डुनगर, तिलक हाल, हालसी रोड, ईदगाह कालोनी, श्याम नगर, आजाद नगर, दर्शनपुरवा, नौबस्ता, संजय गांधी नगर, शास्त्री नगर, रावतपुर, लाल बंगला समेत क्षेत्र में लोगों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आपसी मनभेद और मतभेद भूलकर एकजुट होने का समय है। हर हाल में इस बार चुनाव को जीतना है। तभी देश और कानपुर की तरक्की होगी।

सपा जिलाध्यक्ष फजल महमूद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, मंजीत सिंह, राजेंद्र मिश्रा, बबलू भैया, नीरज द्विवेदी, रामजी द्विवेदी, सुशील तिवारी, जीतू तिवारी, उमेश तिवारी, आसिफ कादरी, वरुण जायसवाल, राघवेंद्र सिंह रजत, रोहित यादव, गौरव पाल व रामजी शुक्ला आदि साथ रहे।

बैठक को संबोधित करते प्रत्याशी आलोक मिश्रा। अमृत विचार

# दो तिहाई पुलिस कर्मियों की लगेगी चुनाव ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में जुटी कमिश्नरेट पुलिस ने फैसला लिया है कि इस बार महिला पुलिस कर्मियों और बीमार पुलिस कर्मियों की ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी। लेकिन बीमार पुलिस कर्मियों को अपने मेडिकल कागजात देने होंगे।

थानों से 70 प्रतिशत ऐसे पुलिस बल की सूची मांगी गई है जो पूरी तरह से स्वस्थ हैं और चुनाव ड्यूटी से उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी। महिला और बीमार पुलिस कर्मियों की तैनाती पुलिस अधिकारियों के ऑफिस और अन्य स्थानों पर की जाएगी। जिन कर्मियों को कंप्यूटर की जानकारी है उन्हें चुनाव सेल में लगाया जाएगा। इसके लिए ऐसे कर्मियों को चुनावी कामकाज की ट्रेनिंग दी जा रही है। पुलिस लाइन में बने चुनाव सेल में इसकी कवायद शुरू कर दी गई है।

**अमरोहा, सहारनपुर और हापुड़ जाएंगे पुलिस कर्मी :** कमिश्नरेट पुलिस के पास पांच कंपनी सीपीएमएफ और दो कंपनी पीएसी है, जिसकी मदद से एरिया डॉमिनेशन और दंगा नियंत्रण स्कीम लागू कर पुलिस की फुट पेट्रोलिंग और मूवमेंट शुरू कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों की माने तो पहले चरण के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अमरोहा, सहारनपुर और हापुड़ के लिए 1000 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है।

दूसरे चरण में 4000 होमगार्ड चुनाव ड्यूटी में यूपी के चार जिलों में भेजे जाएंगे। तीसरे चरण में कानपुर में वोटिंग होगी, इस वजह से स्थानीय पुलिस फोर्स कानपुर वापस आ जाएगा। वोटिंग संपन्न कराने के बाद पुलिस टीम अगले चरणों के लिए रवाना की जाएगी। इसके बाद ये टीम चुनाव के बाद ही लौटेगी।

- महिला और बीमार पुरुष पुलिस कर्मियों को चुनाव की ड्यूटी से रखा जाएगा मुक्त
- पहले चरण के मतदान में 1000 पुलिस कर्मी जाएंगे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सीटों पर

### हर हरकत पर निगाह रखेंगे ऑपरेशन त्रिनेत्र के कैमरे

- मतदान प्रक्रिया शुरू होने के साथ पुलिस कर्मियों की बड़ी कमी होने वाली है। हालांकि निवारक कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में अराजकततत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि कुछ दिन पहले से पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत काम करना शुरू किया था, जिसके तहत आम और खास लोगों की मदद से हर चौराहे और हर गली में कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों का आउटपुट एक महीने तक रखने के लिए कहा गया है। पुलिस अधिकारियों की माने तो इन कैमरों के इनपुट से शहर में हर तरह के हालात संभालने में मदद मिलेगी। इसके लिए कंट्रोल रूम को हाईटेक किया गया है।

समर्थकों के साथ संपर्क करते राजाराम पाल। अमृत विचार

### विकास के लिए चाहिए वोट: राजाराम

**कानपुर।** अकबरपुर संसदीय सीट से सपा उम्मीदवार राजाराम पाल ने कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस दौरान अशोक नगर में सिख समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया। वहां कानपुर से कांग्रेस उम्मीदवार आलोक मिश्रा भी पहुंचे। राजाराम पाल ने कहा कि वे विकास के लिए वोट मांग रहे हैं। अकबरपुर संसदीय क्षेत्र में जैसा विकास होना चाहिए था नहीं हुआ। बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि जनप्रतिनिधियों ने इस क्षेत्र के विकास पर ध्यान नहीं दिया। पूर्व विधायक सतीश निगम ने कहा कि राजाराम पाल क्षेत्र का विकास करेंगे।

# मिश्रिख सीट पर बसपा को प्रत्याशी की तलाश

अभय प्रताप सिंह, बिल्हौर

**अमृत विचार।** पिछल लोकसभा चुनाव में सपा से गठबंधन के चलते 10 सीटें जीतने वाली बसपा को इस बार कई सीटों पर दमदार प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। कानपुर नगर से कुलदीप सिंह भदौरिया और अकबरपुर से राजेश द्विवेदी को टिकट देने के बाद पार्टी में मिश्रिख सीट के प्रत्याशी को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। 2019 में सपा-बसपा गठबंधन के चलते मिश्रिख लोकसभा सीट बसपा के खाते में आई थी और पार्टी से नीलू सत्यार्थी ने चुनाव लड़ा था। इस बार भी वह दावेदारी कर रही हैं। 13 मई को मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। अगले हफ्ते से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। लेकिन प्रत्याशी का चयन न होने पर बसपा के कैडर वोट में ऊहापोह जैसी हालत है। मिश्रिख लोकसभा में शामिल बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में कभी बसपा का वोट बैंक था लेकिन समय के साथ सोशल इंजीनियरिंग की हवा निकलती गई और भाजपा ने उसके वोट बैंक में सेंधमारी कर ली। इस बार कांग्रेस-सपा गठबंधन में मिश्रिख लोकसभा सीट सपा के हिस्से में आई है और सपा की ओर से पूर्व मंत्री राम पाल राजवंशी की बहू संगीता राजवंशी को चुनाव मैदान में उतरा गया है। फिलहाल बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार में सबसे सक्रिय भाजपा के प्रत्याशी वर्तमान सांसद अशोक रावत हैं। वह क्षेत्र में लगातार जनता के बीच पसीना बहा रहे हैं जबकि सपा प्रत्याशी की ओर से विधानसभा क्षेत्र में सक्रियता नहीं देखी जा रही है।

मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र हरदोई की तीन विधानसभा सीटों व सीतापुर की मिश्रिख विधानसभा और कानपुर नगर के बिल्हौर विधानसभा मिलाकर बना है। यह तीन जनपदों से मिलकर बनने वाला लोकसभा क्षेत्र है। यहां करीब 33% वोटर दलित समुदाय के हैं। हर चुनाव में अनुसूचित जाति के मतदाता ही ट्रंप कार्ड साबित होते हैं।

नव मतदाता सम्मेलन में जिलाध्यक्ष को सम्मानित करते पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

# नव मतदाता सम्मेलन में भाजपाइयों ने भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- क्षेत्रीय कार्यालय में नव मतदाताओं को बुलाया गया
- दक्षिण जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया कार्यक्रम

**अमृत विचार।** अगले 25 वर्ष भारत और उसके युवाओं दोनों के लिए महत्वपूर्ण हैं। 2047 तक भारत को विकसित भारत में बदलना युवाओं की जिम्मेदारी है। देश के युवाओं के पास परंपरा और प्रतिभा के साथ-प्रेरणा और नवीनता भी है। मोदी को पीएम बनाने में युवा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। अबकी बार भाजपा 400 से अधिक सीटें जीतेगी। यह बातें रविवार को भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने भाजपा दक्षिण जिले के नव मतदाता सम्मेलन में कही।

केशव नगर स्थित पार्टी मुख्यालय में दक्षिण जिले के नव मतदाता सम्मेलन में 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले पहली बार मतदाता बने युवाओं को आमंत्रित किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। आने वाले समय में भारत कैसा हो यह देश की युवा शक्ति ही तय करेगी। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पहली बार मतदाता बने युवा चुनावी महापर्व में अपने मत का दान अवश्य करें। जिलामंत्री जसविंदर सिंह ने कहा कि देश का भविष्य चुनने में नौजवान मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। आपका एक वोट भारत को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने, भारत को एक स्थिर और बड़े बहुमत वाली सरकार लाने, देश में डिजिटल क्रांति, अंतरिक्ष में स्पेस स्टेशन बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। संचालन दिग्विजय सिंह एवं अध्यक्षता रुद्र प्रताप सिंह ने की।

**लोकसभा का रण** | भाजपा और गठबंधन प्रत्याशी के चुनाव अभियान को जमीन पर उतारने की कवायद

# युवाओं के सहारे मतदान बढ़ाकर बूथ पर उतारी जाएगी लड़ाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के सामने विपक्षी गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी सामने है। नामांकन से पहले दोनों खेमों ने चुनावी अभियान को बूथ स्तर पर ले जाने की रणनीति को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इस काम में युवा फौज को आगे किया गया है। मतदाता सूची के साथ अपने पक्ष में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर है। अमृत विचार ने प्रमुख राजनीतिक दलों से उनकी बूथ लेवल की चुनावी रणनीति का जायजा लिया, जिसमें सभी ने अपनी तैयारी पुख्ता बताते हुए जीत के दावे किए।

### भाजपा का 'युवा प्रमुख' हर बूथ पर तैनात

लोकसभा चुनाव में युवा मतदाता अपनी भागीदारी बढ़ा सकें इसके लिये भाजपा ने हर बूथ पर अपने युवा प्रमुख तैनात कर दिये हैं। यह युवा प्रमुख नये मतदाताओं को बूथ तक ले जाने और वोट कराने में अहम भूमिका निभाएंगे। क्षेत्र के सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के 20845 बूथों पर युवा प्रमुखों की तैनाती की है। युवा मतदाताओं को घर से निकालने और वोट कराने के लिए अब जल्द ही भाजपा युवा सम्मेलन करने जा रही है। युवा मतदाता सम्मेलन पहले ही आयोजित किए जा चुके हैं।

### बसपा की बूथ कमेटियां हुईं तैयार

**कानपुर।** बहुजन समाज पार्टी भी बूथों पर युवा मतदाताओं का वोट फीसद बढ़ाने को तैयार है। इसके लिये जोन की सभी 10 सीटों पर बूथों पर बूथ कमेटियों की तैनाती की गई है। बसपा के जिलाध्यक्ष राम शंकर कुरील ने बताया कि पार्टी का संगठन सिर्फ चुनाव के समय कार्य नहीं करता है। हम पिछले पांच वर्षों से संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं। जो कमियां रह गई हैं उन्हें दूर कर रहे हैं। बसपा संगठन का अपना तरीका है काम करने का, किस तरह अपने युवाओं को आगे लाकर वोट फीसद बढ़ाना है इसकी जानकारी कार्यकार्ता बैठकों में दी जा चुकी है।

### सपा ने तैयार किया अपना ढांचा

समाजवादी पार्टी बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने में जुटी है। युवाओं का वोट बढ़ाने के लिये पार्टी ने अपनी युवा वाहिनी और युवजन सभा को एक्टिव कर दिया है। इसके साथ ही सपा के छात्र विंग के जरिये मतदाताओं को अखिलेश सरकार के काम गिना रही है। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने बताया कि हम युवाओं के लिये तरक्की के रास्ते खोलना चाहते हैं। अखिलेश यादव ने युवाओं के हाथ में लैपटॉप, मोबाइल दिये हैं। युवा इस बार बूथ पर जाकर गठबंधन को वोट देगा।

### कांग्रेस ने बूथों पर उतारे कार्यकर्ता

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी का युवा मतदाता पर फोकस है। बूथों तक मतदाताओं को ले जाने के लिये पार्टी की युवा फौज तैयार है। जो अपने-अपने बूथों पर मतदाताओं से मिल रही है। इससे पहले नाम बढ़वाने के लिये भी पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर पहुंच चुके हैं। अब पूरी तरह से बूथों पर उन्हें तैनात किया गया है। कांग्रेस के इसके लिये अपनी छात्र विंग एनएसयूआई का सहारा ले रही है। युवा नेताओं को बूथों स्तर पर ट्रेनिंग भी दी जा रही है। जिलाध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने बताया कि इस बार हर बूथ पर कार्यकर्ता मदद करेंगे।

# भूसे की झाल में छिपाकर ले जाया जा रहा गांजा बरामद, पांच दबोचे

## ट्रैक्टर-ट्रॉली में बोरों में भरा दो क्विंटल गांजा मिला, उड़ीसा से बांदा करते थे सप्लाई

संवाददाता, घाटमपुर

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और उनसे बरामद गांजे से भरे बोरे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सजेती क्षेत्र में नारकोटिक्स टास्क फोर्स व पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। यहां पर टीम ने एक ट्रैक्टर ट्रॉली समेत बोलेरो सवार पांच गांजा तस्करों को पकड़ा है। टीम को तस्करों ने पास से लगभग दो क्विंटल गांजा बरामद हुआ है। पुलिस की पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वह ट्रैक्टर ट्रॉली का प्रयोग पुलिस और नारकोटिक्स टीम से बचने के लिए करते थे। पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया है।

झांसी थाने के नारकोटिक्स टास्क फोर्स(एएनटीएफ) प्रभारी चंदन पाण्डेय ने बताया कि उन्हे कई दिनों से गांजा तस्करी होने की सूचना मिल रही थी। उन्होंने मुखबिरों को अलर्ट कर रखा था। रविवार दोपहर मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि गांजा तस्कर एक बोलरो और ट्रैक्टर-ट्रॉली में गांजा लेकर हमीरपुर की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही वह घाटमपुर पहुंचे उन्होंने घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह को पूरी जानकारी दी। जिसके बाद विधनू और सजेती पुलिस हाइवे पर अलर्ट रही। दुर्गा देवी मोड़ के पास स्थित लहुरिमऊ तिराहे पर चेकिंग के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली समेत बोलेरो सवार पांच तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ गए। ट्रैक्टर ट्रॉली में भूसे की झाल में दो क्विंटल गांजा था। पकड़े गए गांजा तस्करों में अवधेश कुमार शिवहरे निवासी जवाहर नगर बांदा, रामयश निवासी ग्राम लोधीनपुरवा बरकोला नरैनी बांदा, वेदप्रकाश सिंह निवासी ग्राम रघुवंशी डेरा कनवारा बांदा, रमेश निवासी ग्राम गौरा कला जनपद बांदा, शिवम सिंह निवासी संजीव नगर रामादेवी कानपुर चकेरी कानपुर हैं। तस्करों के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# चाचा पर किया जानलेवा हमला, हालत नाजुक

संवाददाता,सरसौल

- हमले के दौरान हथौड़ी से वार करते भतीजे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



हमले की वायरल तस्वीर। वीडियो ग्रैब

**अमृत विचार।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के सिकठिया पुरवा में बहस के दौरान भतीजे ने चाचा पर धारदार हथियार और हथौड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर मरणासन्न कर दिया। आसपास मौजूद लोगो ने किसी तरह आरोपी के चुंगल से घायल को बचाया। आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। हैलट अस्पताल में घायल की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

सिकठिया निवासी सुरेश गांव में ही टेलरिंग का काम करते हैं। रविवार दोपहर को भाई के बेटे महेंद्र से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। महेंद्र ने सुरेश के सिर पर धारदार चीज से कई बार कर दिए जिससे सुरेश वही गिर पड़ा। ग्रामीणों ने जैसे तैसे आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वारदात के पीछे जमीन विवाद बताया जा रहा है जिसकी वजह से पहले भी दोनो के परिवारों में कई बार झड़प हो चुकी है। पुलिस ने सुरेश को गंभीर हालत में पहले सीएचसी सरसौल भिजवाया वहा से कांशीराम फिर हालत देखते हुए हैलेट रेफर कर दिया गया।चौकी प्रभारी अमित कुमार यादव ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सार-संक्षेप

### नौ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास

**सेन पश्चिमपारा।** ओरक्षी गांव में 9 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास का मामला सामने आया है। बच्ची के पिता ने इसकी शिकायत थाने में दी है। महिला पुलिस ने मामले की जांच करते हुए एक युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। नाबालिग बच्ची के पिता ने बताया कि उसकी बेटी पास में ही स्थित मंदिर में दीपक जलाने जा रही थी। तभी गांव का ही एक युवक चाकलेट देने का लालच देकर अपनी वैन में बैठा कर रेलवे पटरी के पास ले गया और बच्ची के साथ अश्लील हरकतें करने लगा। बच्ची ने शोर मचाते हुए युवक के हाथ में काट लिया और उसके चंगुल से भाग निकली। आप पास के लोगो ने बच्ची को देख अपने अंगौछे से बच्ची का तन ढक आरोपी की तरफ दौड़े। आरोपी मौके से भाग गया। ग्रामीणों ने बच्ची को घर पहुंचाया। थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### हाईवे किनारे पड़ा मलबा हटाने का ईओ को निर्देश

**घाटमपुर।** मां कुष्मांडा देवी मंदिर परिसर का शनिवार को घाटमपुर एसडीएम ने निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालिका ईओ को नवरात्र में मंदिर परिसर में साफ सफाई के साथ व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए है। उन्होंने ईओ से कानपुर सागर हाइवे के किनारे व मंदिर परिसर में पड़ा दुकानों का मलबा हटाने को कहा है। घाटमपुर नगर स्थित मां कुष्मांडा देवी शक्ति पीठ शनिवार दोपहर पहुंचे घाटमपुर एसडीएम यादुवेंद्र सिंह वैश्य ने मंदिर परिसर का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यहां पर आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। नगर पालिका इसके लिए पहले से प्रबंध करे। उन्होंने कानपुर सागर हाइवे के किनारे पड़े दुकानों के मलबे को हटाने के निर्देश नगर पालिका ईओ डा महेंद्र कुमार को दिए है।

### वाहन चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**चौबेपुर।** क्षेत्र के देवपालपुर गांव निवासी दयाशंकर त्रिवेदी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि रविवार सुबह वह बाइक से खेत पर गए थे। तभी उनकी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने छानबीन के बाद सहज्योरा गांव निवासी सोनू उर्फ गुज्जर को पकड़ा। कड़ाई के साथ की गई पूछताछ में उसने चोरी की वारदात कबूल कर ली। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गई बाइक बरामद कर ली। थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़े गए शातिर के खिलाफ पूर्व में भी थाने में आधा दर्जन विभिन्न मामले पंजीकृत हैं। इसके अलावा क्षेत्र के जरारी गांव निवासी वारंटी अमर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

# बंदी माता मार्ग पर गड्ढे हुए खतरनाक

संवाददाता, चौबेपुर

बंदी माता मार्ग पर बने गड्ढे। अमृत विचार

- प्रमुख मार्ग से जुड़े हैं गंगा तटवर्ती दो दर्जन से अधिक गांव

**अमृत विचार।** कस्बे से जुड़ा क्षेत्र का बंदी माता मार्ग मरम्मत के अभाव में मौजूदा समय में जर्जर हालात में है। मार्ग पर हुए बड़े-बड़े गड्ढों से जहां दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं, वहीं इसके कारण रात के समय मार्ग पर आवागमन करना खतरे से खाली नहीं है। समस्या को देखते हुए इलाकाई लोगों ने मार्ग की मरम्मत अविलंब कराए जाने की मांग उच्चाधिकारियों से की है।

मालूम हो कि कस्बे से जुड़े बंदी माता मार्ग पर समय रहते कोई मरम्मत कार्य न कराए जाने से मौजूदा समय में मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित करीब 10 किमी मार्ग पर गिट्टी व बजरी उखड़ने के साथ जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इससे दो पहिया वाहन चालक आए दिन गिरकर चुटहिल होते हैं, वहीं इसके कारण ई-रिक्शा व टैंपो आदि के पलटने की आशंका बराबर बनी रहती है।

समस्या के बाबत त्रिलोकपुर गांव के जयसिंह , विकास यादव ,अविनाश यादव ,गबड़हा के अनिल पटेल, अबाबकरपुर के नगेंद्र यादव, राजारामपुर गांव के देवशरण तिवारी ,मोहनी नवादा के शिवाकांत, फत्तेपुर के राजेंद्र चौरसिया व सुनौढ़ा गांव के हर्ष बहादुर सिंह आदि ने बताया कि करीब पांच वर्ष पहले जहां-तहां पैच वर्क कराया गया था जो उखड़ चुके हैं। मार्ग पर गिट्टी व बजरी बिखरी होने से दुर्घटनाएं तो होती ही हैं, साथ गड्ढायुक्त मार्ग होने से रात के समय इस पर लूटपाट का भय व्याप्त रहता है। मार्ग से क्षेत्र के गंगा तटवर्ती करीब दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों का प्रतिदिन आवागमन रहता है।

इसके अलावा पौराणिक घाट होने के कारण दूरदराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग बन्दी माता के दर्शन व गंगा स्नान के लिए यहां पहुंचते हैं। क्षेत्रीय लोगों ने मार्ग की मरम्मत यथाशीघ्र कराये जाने की मांग विभागीय उच्चाधिकारियों से दोहराई है।

# कब्जे के लिए दो पक्षों में मारपीट व पथराव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पनकी क्षेत्र में सरकारी भूमि को लेकर हुआ विवाद

**अमृत विचार।** सरकारी भूमि पर कब्जे के दौरान लेखपाल के पहुंचने पर दोनों पक्षों के बीच आपस में विवाद हो गया। हंगामें की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कब्जा न करने की हिदायत देकर पल्ला झाड़ लिया। पुलिस के जाते ही लेखपाल के सामने दोनों पक्षों के बीच हंगामा शुरू हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों में पथराव भी हुआ। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

पनकी के कपली गांव में खुली पड़ी सरकारी भूमि पर पूर्व पार्षद अशोक दुबे व पूर्व पार्षद विनोद पाल के लोग अपना-अपना दावा करते हैं। जिसको लेकर दोनों पक्षों में काफी समय से पुराना विवाद चल रहा है। हालांकि राजस्व अभिलेखों में यह भूमि चकरोड के रूप में दर्ज है। गत चार अप्रैल को दोनों पक्ष जमीन पर खोदाई करा रहा थे। लेखपाल बृजेश कुमार शाक्य पहुंच कर भूमि की नापजोख करने लगे, जिस पर भड़के दोनों पक्षों के लोगों ने हंगामा शुरु कर दिया। लेखपाल ने सूचना पनकी पुलिस को दी। पुलिस दोनों पक्षों को कब्जा न करने की हिदायत देकर लौट गई।

आरोप लगाया कि पुलिस के जाते ही दोनों पक्ष लेखपाल के सामने ही आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच पथराव भी हुआ। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे रतनपुर चौकी प्रभारी सतपाल सिंह ने पूर्व पार्षद अशोक दुबे व उनके सहयोगी रजनीकांत मिश्रा, ऋषि मिश्रा, रवि कटियार, विमल कुमार समेत करीब आधा दर्जन अज्ञात, वहीं दूसरे पक्ष से पूर्व पार्षद विनोद पाल व मनोज पाल, बाबूराम पाल, सचिन पाल व मोनू पाल समेत आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज कराई है। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षो के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई की जा रही है।

बुजुर्ग की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

# कुएं में गिरने से बुजुर्ग की मौत

संवाददाता, घाटमपुर

- ग्रामीणों ने कुएं से बाहर निकाला बुजुर्ग का शव

**अमृत विचार।** घाटमपुर के नरसिंहपुर गांव में घर से गेहूं काटने निकले बुजुर्ग का पैर फिसल गया। जिससे वह खेत में बने कुएं में जा गिरा। हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई। परिजनो ने ग्रामीणों की मदद से बुजुर्ग के शव को कुएं से बाहर निकाला। ग्राम प्रधान ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करने के साथ बुजुर्ग के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव निवासी रामसिंह खेती किसानी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। घर पर बेटा घनश्याम रहता है। घनश्याम ने बताया कि उनके पिता रामसिंह रविवार की सुबह घर से डंडे के सहारे खेत में खड़ी गेहूं की फसल काटने गए थे। खेत में पास स्थित मुंडे कुएं में उनका पैर फिसल गया। जिससे वह कुएं में जा गिरे। कुएं में पानी होने के चलते उनकी मौत हो गई। खेत जा रहे ग्रामीणों ने कुएं के पास बुजुर्ग का डंडा पड़ा देखा तो कुएं में झांककर देखा। बुजुर्ग का शव कुएं में उतराता दिखाई दिया। ग्रामीण ने घटना की सूचना ग्राम प्रधान और परिजनो को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंचें परिजनो का रो रोकर बुरा हाल रहा। ग्राम प्रधान शिव कुमार यादव ने फोनकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल ड्रेस की आपूर्ति में 38 लाख की धोखाधड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीड़ित ने तीन आरोपियों के खिलाफ बादशाहीनाका थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** स्कूल में ड्रेस आपूर्ति के नाम पर फर्म ने 38.55 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। पीड़ित ने बादशाहीनाका में तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मॉल रोड निवासी नितिन गुप्ता ने बताया कि वह तिरुपति मोटर्स में मैनेजर हैं। बताया कि जनरलगंज स्थित ओंकार टेक्सटाइल्स के प्रोपराइटर परमजीत कौर, त्रिलोचन सिंह व पुनीत सचदेवा ने उनकी फर्म से स्कूल ड्रेस सप्लाई के लिए संपर्क किया था। उन्होंने 10 दिसंबर 2020 से दिसंबर 2023 तक स्कूली ड्रेस सप्लाई की थी, जिसका कुल भुगतान 1.78 करोड़ 55 हजार रुपये हुआ था।

उन्होंने बताया कि पैसे मांगने पर टालमटोल करते रहे, जिस पर उन्हें नोटिस दिया गया, लेकिन फर्म ने कोई जवाब नहीं दिया। आरोप है कि पैसों की मांग करने आरोपियों ने गाली-गलौज की। पीड़ित ने डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह से मामले की शिकायत की। इसके बाद आरोपियों के खिलाफ बादशाहीनाका थाने में धोखाधड़ी, अमानत में खयानत की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# ई-रिक्शा खड्ड में गिरा, दो घायल

**बिल्हौर।** क्षेत्र के माखनपुर गांव में एक ई-रिक्शा पलट जाने से चालक समेत दो लोग गंभीर घायल हो गए। क्षेत्रीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। रविवार दोपहर बाद सलेमपुर गांव से बैटरी रिक्शा चालक राणा प्रताप व दोस्त मोनू के साथ गांव के गुड्डू सिंह के रिश्तेदारों को बैठा कर बिल्हौर छोड़ने जा रहा था। माखनपुरवा गांव के सामने ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर भोले बाबा मंदिर के पास खड्ड में जा गिरा। गांव के लोगों ने ई-रिक्शा में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सात सवारियां बैठी थी जिसमें से एक बच्चे को चोट आई है बाकी मामूली चोट आई है। चालक और उसके साथी के पैर टूट गए। सीएचसी से गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया गया है।

# पिकअप पेड़ से टकराई, लगी आग

संवाददाता, भीतरगांव

पेड़ से टकराने के बाद धू-धू कर जलता पिकअप वाहन। अमृत विचार

- भीतरगांव क्षेत्र की घटना अग्निशनम दल ने पाया काबू

**अमृत विचार।** भीतरगांव के बेहटा और भदेवना गांव के बीच रविवार को रिफाइंड लदी पिकअप डंपर से बचने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। जिससे पिकअप में आग लग गई, रिफाइंड लदा होने के चलते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की ऊंची लपटें उठती देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया है इस दौरान लगभग एक घंटे भीतरगांव-घाटमपुर मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा।

जानकारी के अनुसार फतेहपुर जिले के डुबकी मलवां निवासी अर्जुन विश्वकर्मा पिकअप चलाता है। रोज की तरह वह रविवार सुबह पिकअप में रनियां से रिफाइंड लादकर साढ़ होते हुए घाटमपुर जा रहा था। जैसे ही पिकअप साढ़ क्षेत्र के बेहटा और भादेवना गांव के बीच पहुंची तभी सामने से आ रहे डंपर से बचने में पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ में जा टकराई। हादसे के बाद पिकअप में आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से एक घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। साढ़ थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली थी पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया है।

# चलती ट्रेन से गिर कर दो युवकों की गई जान

संवाददाता, चौबेपुर

- रविवार को दो अलग-अलग स्थानों पर हुई घटनाएं

**अमृत विचार।** क्षेत्र में रविवार को दो अलग-अलग स्थानों पर ट्रेन से गिरे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शिनाख्त के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

रविवार दोपहर पहली घटना क्षेत्र के तातियागंज गांव के पास हुई। यहां ट्रेन से युवक के गिरने की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। युवक की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। जामा तलाशी के दौरान मृतक के पास मिले कागजों से उसकी पहचान सचिन (18) निवासी उत्तरीपुरा, बिल्हौर के रूप में हुई। इसके बाद मामले की सूचना उसके परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे घर वालों ने पुलिस को बताया कि सचिन कोचिंग पढ़ने के लिए प्रतिदिन कानपुर ट्रेन से आता-जाता था। दूसरी घटना रविवार शाम क्षेत्र के संभलपुर गांव के सामने हुई।जहां एक्सप्रेस ट्रेन से गिरे युवक की सिर में आई गंभीर चोटों के चलते मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जामा तलाशी के दौरान युवक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान राहुल (25) निवासी फेथफुलगंज मीरपुर, थाना रेल बाजार ,कानपुर के रूप में हुई। जिसके पश्चात मामले की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। बताया गया कि युवक बिल्हौर से एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा कानपुर आ रहा था।थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि दो अलग-अलग स्थानों पर ट्रेन से गिरकर दो युवकों की मौत हुई है।

**आक्रोश** ग्रामीणों का आरोप, कई बार शिकायत करने के बावजूद जनप्रतिनिधि सुनवाई नहीं करते

# ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं की चेतावनी दी

संवाददाता,घाटमपुर

प्रदर्शन करते कछवाहीनपुर गांव के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के कछवाहीनपुर गांव में रोड नही तो वोट नहीं की चेतावनी देते हुए ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया है। ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार करने की भी चेतावनी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्ष से उनके क्षेत्र की रोड की हालत जर्जर है। जिसको लेकर कई बार ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधों से भी शिकायत की लेकिन कोई कार्य नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि जनप्रतिनिधि चुनाव के समय पर गांव आकर वादे करते हैं पर उन्हें पूरा नहीं करते, जिसके चलते वह इस बार मतदान नही करेंगे।

घाटमपुर तहसील क्षेत्र के कछवाहीनपुर गांव को जाने वाला संपर्क मार्ग जर्जर हो चुका है। रविवार दोपहर यहां पर गांव के राघवेंद्र कुशवाहा, वीरेंद्र सचान, राजकुमार, भूपेंद्र, कैलाश के साथ लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने गांव के किनारे 'रोड नही तो वोट नहीं' का बैनर लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने ने बताया कि वह बीते एक वर्ष से लगातार सड़क बनवाने के लिए जनप्रतिनिधियो समेत अधिकारियो से गुहार लगा रहे हैं। इसके बावजूद उनकी इस समस्या की ओर ध्यान देने वाला कोई नही है। जनप्रतिनिधि चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करना भूल जाते है। जिसके चलते उन्होंने मतदान बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। घाटमपुर एसडीएम यादुवेंद्र सिंह वैश्य ने बताया की वह खुद जाकर ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्या का निदान कराने का प्रयास करेंगे। जिसके साथ ही ग्रामीणों को मतदान करने की शपथ दिलाई जाएगी।

## मौत के बाद जागे अफसर ...

बीते बृहस्पतिवार देर रात से शुक्रवार सुबह 11 बजे तक नौबस्ता से बिधनू कठेरुआ तक करीब 20 किलोमीटर जाम लगा रहा। इस दौरान पुलिस ने यातायात बहाल करने के लिए रामगंगा नहर पुल से किसान नगर की ओर वाहनों को मोड़ दिया। जिससे किसान नगर रोड पर भी जाम की स्थिति बन गई। जिसमें फंसी एंबुलेंस में प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो गई थी। जिसे आपके अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। यातायात पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बिधनू से घाटमपुर तक लगने वाले जाम को लेकर जांच की। जिसपर घाटमपुर से लखनऊ जाने वाले भारी वाहनों को जहानाबाद रोड से भेजने के आदेश दिये। बिनगवां मौरंग मंडी और शहर के ट्रांसपोर्ट में जाने वाले भारी वाहनों को केवल सीधे निकालने को बोला। जिसके बाद घाटमपुर से नौबस्ता की ओर जाने वाले वाहनों की संख्या कम हो गई। जिससे रविवार शाम तक एक भी बार जाम के हालात नहीं बने। अब सवाल यह है कि अगर पहले ही ऐसी व्यवस्था हो जाती तो शायद नवजात की जान बच जाती। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो मै कुरैशी समा बेगम, पुत्री यार मोहम्मद कुरैशी, निवासिनी– प्लाट नम्बर– 83, मकान नम्बर– 356 न्यू नन्दी बिहार कालोनी, चिनहट लखनऊ के नाम से जानी व पहचानी जाती थी तथा मैं मुस्लिम धर्म की अनुयायी थी लेकिन मैंने अपना नाम कुरैशी समा बेगम के स्थान पर प्रियंका ताती कर लिया है तथा मुस्लिम धर्म का परित्याग कर हिन्दू धर्म अपना लिया है। इसलिए मै भविष्य में प्रियंका ताती के नाम से जानी व पहचानी व पुकारी जाऊंगी।–**प्रियंका ताती निवासिनी– प्लाट नम्बर– 83, मकान नम्बर– 356 न्यू नन्दी बिहार कालोनी, चिनहट लखनऊ**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पासपोर्ट में दिलीप कुमार है।जबकि मेरा सही नाम दिलीप कुमार गुप्ता है। अब मुझे दिलीप कुमार गुप्ता नाम से भी जाना पहचाना जाय। – **दिलीप कुमार गुप्ता पुत्र रामयश गुप्ता, निवासी– ग्राम धनेशा राजपूत , पोस्ट शुकुल का बाजार तहसील मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।**

**सूचना**

सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अरविन्द ARAVIND से बदलकर अरविन्द यादव ARVIND YADAV रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। – **अरविन्द यादव पुत्र श्यामलाल ग्राम खनवार बकलोलही, पोस्ट पिपरा जटामपुर, थाना कुबेर स्थान, जिला कुशीनगर**

# एक्सप्रेस-वे पर लड़ाकू विमानों ने दिखाई एयरफोर्स की 'शक्ति'

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे की एयर स्ट्रिप पर लड़ाकू और मालवाहक विमानों ने लगातार दूसरे दिन किया अभ्यास, देखने वालों की लगी रही भीड़

### एक नजर में अभ्यास

- **1:48** बजे दो सुखोई विमान गर्जना करते हुए एयर स्ट्रिप के ऊपर से निकले
- **1:53** बजे एक विमान लौटकर आया और हवाई पट्टी पर लैंड कर गए।
- **1:55** बजे दूसरा विमान भी लौटकर आ गया, दोनों जेट को वहीं पार्क किया गया
- **2:08** बजे दो सुखोई जेट एयर स्ट्रिप के नजदीक से निकले और चले गए
- **2:13** से 2:24 बजे तक थोड़े-थोड़े अंतराल में पांच सुखोई एयरक्राफ्ट ने रनवे के ऊपर उड़ान भरी और टचडाउन किया।

### दस दिन तक हवाई पट्टी पर उड़ान प्रतिबंधित

**बांगरमऊ।** एयरफोर्स द्वारा लड़ाकू विमानों के अभ्यास के मद्देनजर बीते 2 से 11 अप्रैल तक एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी को उड़ान वर्जित क्षेत्र घोषित कर दिया था। इस दौरान इस एयर स्ट्रिप के 20 किमी की एरिया में कोई भी प्राइवेट अथवा सरकारी हवाई जहाज फटक नहीं सकता है।

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर रविवार को कारों की जगह लड़ाकू विमानों को दौड़ते देख लोगों की आंखें खुली की खुली रह गईं। गगन शक्ति मिशन के तहत रविवार को एक्सप्रेस वे पर तेज गर्जना के साथ दर्जन भर जेट फाइटरों के अलावा वायुसेना के मालवाहक विमानों ने पहली बार लैंडिंग की। इसमें छह जेट फाइटर हवाई पट्टी से कुछ ऊपर रह कर करतब दिखाते हुये आसमान में गुम हो गये। जेट फाइटरों को आता देख ग्रामीणों में खासा उत्साह रहा। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे।

बता दें कि बीती 3 अप्रैल से एक्सप्रेस वे पर बांगरमऊ के पास साढ़े तीन किलोमीटर की हवाई पट्टी को एयर फोर्स द्वारा कब्जे में ले लिया गया था। हवाई पट्टी पर गगन शक्ति मिशन के तहत एयरफोर्स द्वारा अभ्यास किया जाना था। जिसे लेकर एयरफोर्स द्वारा तैयारी की जा रही थी। बीते शनिवार जेट फाइटरों ने हवाई पट्टी से कुछ ऊपर आकर उड़ान भरी थी। वहीं रविवार को एक्सप्रेसवे पर दो जेट फाइटरों के अलावा मालवाहक विमानों ने लैंडिंग की। इस दौरान लड़ाकू विमानों को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ एकत्र थी। उन्नाव की धरती पर पहली बार जेट फाइटर के लैंड होते ही ग्रामीणों ने तेज तालियों के साथ उनका स्वागत किया। इसके साथ 6 जेट फाइटर हवाई पट्टी से कुछ ऊपर करतब दिखाते हुये आसमान में गुम हो गये। रिहर्सल के दौरान एयर फोर्स, आर्मी व स्थानीय पुलिस हवाई पट्टी के दोनों तरफ चप्पे चप्पे पर मौजूद दिखी। एयर फोर्स कर्मी ने बताया कि एक्सप्रेस वे पर साढ़े तीन किलोमीटर की हवाई पट्टी 11 अप्रैल तक एयर फोर्स के कब्जे में रहेगी। रिहर्सल देखने के लिये डीएम उन्नाव गौरंग राठी, सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, एडीएम नरेंद्र सिंह, एडीएम विकास यादव समेत अन्य अफसर मौजूद रहे।

फाइटर जेट को पार्क करने के बाद काकपिट से पायलट बाहर निकले। अमृत विचार

सी हरक्यूलिस कार्गो प्लेन सामान लोड करने के लिए आया। अमृत विचार

### मेमौरा एयरफोर्स स्टेशन ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

**बांगरमऊ।** एयर फोर्स के तकनीकी अधिकारियों द्वारा हवाई पट्टी के उत्तरी छोर संडीला मार्ग अंडरपास के निकट एयर डिफेंस सिस्टम के जरिए पायलटों से फाइटर एयर क्राफ्ट की लोकेशन, टच डाउन और उड़ान के संदर्भ में पल-पल की सूचनाओं का आदान-प्रदान करते रहे। ख़ास बात तो यह है कि आज के फाइटर जेट अभ्यास में उन्नाव और लखनऊ दोनों जिलों की सीमा पर स्थित मेमौरा एयरफोर्स स्टेशन ने अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वायुसेना अधिकारियों के अनुसार रविवार को एयर स्ट्रिप पर स्थापित एयर डिफेंस सिस्टम का डिस्प्ले इसी मेमौरा एयरफोर्स स्टेशन के राडार से संबद्ध किया गया है।

### अभ्यास के दौरान मिसाइल गन भी रही मुस्तैद

**बांगरमऊ।** एयर डिफेंस सिस्टम के बगल में ही एंटी एयरक्राफ्ट मिसाइल गन भी मुस्तैद रही और इस ताकतवर मिसाइल गन तैनात एयरफोर्स के जवान चौकन्ना होकर टोह लेते रहे। यहां तक कि भारतीय एयरक्राफ्ट के पायलटों से भी 'काल साइन' नंबर पूछकर उन्हें इंट्री की अनुमति देते रहे। अधिकारियों के अनुसार उनके पास पहले से ही मौजूद काल साइन नंबर ट्रेस न होने की स्थिति में यह समझने में देर नहीं लगती हैं कि हवाई पट्टी की तरफ करीब डेढ़ हजार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आर रहा फाइटर जेट किसी दुश्मन देश का हो सकता है। ऐसी स्थिति में फोर्स के जवान दुश्मन के जहाज को ध्वस्त करने के लिए मिसाइल गन का ट्रिगर दबा देते हैं।

### सी हरक्यूलिस कार्गो एयरक्राफ्ट अंत में आया

बांगरमऊ। वायु सेवा के गगन शक्ति अभ्यास के तहत आज यहां के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे स्थित हवाई पट्टी पर एक दर्जन लड़ाकू विमान गरजते हुए निकले। इनमें दो फाइटर प्लेन और एक मालवाहक एयरक्राफ्ट ने लैंड भी किया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोनों लैंड विमान रनवे पर दौड़ते हुए आसमान में विलीन हो गए। अंत में सी हरक्यूलिस कार्गो एयरक्राफ्ट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल रूम के निकट लैंड किया। इस कार्गो विमान में कंट्रोल रूम और एंटी मिसाइल गन सिस्टम का सामान लोड किया जाने लगा।

### कई रनवे ध्वस्त होने पर काम आएगी उन्नाव की यह हवाई पट्टी

बांगरमऊ। एयरफोर्स के अधिकारियों ने बताया कि यदि युद्ध के दौरान देश के अंबाला, भुज, पठानकोट, बीकानेर व सूरतगढ़ आदि फारवर्ड बेस के रनवे क्षतिग्रस्त हो जाएं तो उन्हें वहां के एयरक्राफ्टों को इस एयर स्ट्रिप पर लैंडिंग कराई जा सके। इसलिए समय-समय पर यहां रिहर्सल होते रहेंगे। जिससे हवाई पट्टी की मरम्मत और रखरखाव तथा सफाई होती रहे।

### पक्षियों को रोकने के लिए घूमता रहा हेलीकाप्टर

बांगरमऊ। अभ्यास के पूर्व एक हेलीकॉप्टर ने हवाई पट्टी के कई चक्कर लगाए। अभ्यास समाप्ति के पूर्व भी हेलीकॉप्टर एयर स्ट्रिप के आसपास मंडराता रहा। वायुसेना के अधिकारी के अनुसार पक्षियों को रनवे से भगाने के लिए ही हेलीकॉप्टर का प्रयोग किया गया।

### जगुआर, मिग, मिराज व ग्लोब मास्टर नहीं आए

बांगरमऊ। रविवार के अभ्यास में दर्शकों को जगुआर, मिग और मिराज तथा ग्लोब मास्टर जैसे विमानों का प्रदर्शन देखने को नहीं मिला। जिससे वायु सेना का पिछले दो अभ्यासों की तरह आज का अभ्यास ठीकठाक रहा। हालांकि जगुआर आदि फाइटर जेट न आने से दर्शक निराश हुए। उनकी इन जहाजों को देखने की बहुत इच्छा थी।

### जेट फाइटर विमानों की खासियत

**सुखोई-30**
इसे सीयू-30 भी कहा जाता है। दो इंजन व दो चालक का यह विमान सुपर सोनिक ब्रह्मोस मिसाइल से 3000 किमी तक दुश्मन पर हमला करने में सक्षम है। यह फाइटर प्लेन पांच साल पहले पाकिस्तान के बालाकोट में तबाही मचा चुका है।

**मिराज-2000**
फ्रांस का यह ताकतवर एयरक्राफ्ट मल्टीरोल फाइटर व बांबर है। लेजर गाइडेड बम और मिसाइल से लैस यह लड़ाकू विमान कम ऊंचाई पर उड़ते हुए दुश्मन के घर में घुसकर उसे तबाह करने में सक्षम है। यह विमान करीब 47 फिट लंबा है। दुश्मन देश इस बांबर से थर-थर कांपते हैं।

**जगुआर**
यह एक सीटर सुपर सोनिक फाइटर जेट ब्रिटिश और फ्रांस की संयुक्त डिजाइन का है। किंतु अब इसकी एसेम्बलिंग भारत में भी होने लगी है। करीब 55 फिट लंबा यह विमान कम ऊंचाई पर उड़ते हुए दुश्मन को चकमा देकर उसके रनवे को ध्वस्त कर सकता है। करीब 1700 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के इस एयरक्राफ्ट को जमीनी हमला करने की महारत हासिल है। यह ब्रिटिश रायल सेना का भी प्रमुख अंग रह चुका है।

**मिग-29**
हवा से हवा में मारक क्षमता का यह प्रमुख लड़ाकू विमान मिसाइलों से लैस है और पाकिस्तान एवं चीन की सीमा श्रीनगर सहित बार्डर के एयरबेसों पर तैनात है। यह विमान दुश्मन के विमानों का इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम जाम करने में सक्षम है। ज्ञात हो कि विंग कमांडर अभिनंदन ने इसी विमान से अमरीका निर्मित पाकिस्तानी जेट एफ- 16 को दौड़ाकर मार गिराया था।

**एंटोनोव एन-32**
यह दो इंजन का टर्बोप्राप मिलिट्री ट्रांसपोर्ट विमान है। यह सैनिकों को दुर्गम इलाकों में उतारने और लिफ्ट करने में सक्षम है। कारगिल युद्ध में इस सैन्य यातायात विमान की प्रमुख भूमिका रही है।

**बोइंग सी-17 ग्लोब मास्टर**
यह एयरफोर्स का बहुत बड़ा कार्गो लोडर है। यह विश्व का सबसे बड़ा मालवाहक जहाज भी है। यह पहाड़ी इलाकों के छोटे रनवे पर लैंडिंग कर सैन्य साजो-सामान पहुंचाने में सक्षम है।

### चिकित्सक व पैरामेडिकल कर्मियों ने भी संभाला मोर्चा

**बांगरमऊ।** अभ्यास के दौरान स्थानीय सीएचसी द्वारा चिकित्सा टीम भी तैनात की गई। चिकित्सा टीम में डॉ पीयूष मिश्रा, डॉक्टर सागर पटेल, आरबी राजपूत व शिवशंकर यादव आदि चिकित्सक एवं पैरामेडिकल कर्मी शामिल रहे।

#### रिहर्सल के दौरान अचानक पहुंचा कुत्ता

उन्नाव। रविवार को एक्सप्रेसवे पर रिहर्सल के दौरान 12 विमानों ने गर्जना के साथ उड़ान भरी। जिनमें 4 सुखोई, 6 एस यू -31 विमान और 2 मिराज लड़ाकू विमानों ने रिहर्सल की। सबसे पहले 2 सुखोई विमानों ने एयर स्ट्रिप पर टच एंड गो किया। इसके बाद 2 मिराज विमानों ने हवा में उड़ान भरी और हवाई पट्टी पर लैंड हुये। लैंडिंग के बाद दोनों मिराज 2 घंटे तक खड़े रहे। रिहर्सल के दौरान अचानक एक कुत्ता हवाई पट्टी पर आ गया। जिसे देखते ही सैन्यकर्मियों में हड़कंप मच गया। सैन्य कर्मी गाड़ी लेकर उसे हवाई पट्टी के किनारे तक ले गये। बाद में एक कर्मचारी ने गाड़ी से उतरकर डंडा लेकर उसे हवाई पट्टी से बाहर खदेड़ा।

#### वायुसेना के अधिकारियों ने रैंकिंग और फाइनल चेकिंग की

बांगरमऊ। अभ्यास समाप्ति के बाद देरशाम करीब 7:44 बजे एयर स्ट्रिप पर हेलीकाप्टर ने लैंड किया। बाद में वायुसेना के अधिकारियों ने रैंकिंग और फाइनल चेकिंग की। इसके बाद हेलीकॉप्टर बख्शी का तालाब एयरफोर्स स्टेशन के लिए उड़ गया। एयरफोर्स के वाहनों से विभागीय कर्मचारियों के जाने तथा सामान ट्रकों में लोड करने का क्रम जारी है।

# तीन गुना ताकत करेगी जीत सुनिश्चित

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियों की संयुक्त बैठक सपा कार्यालय में हुई बैठक में सपा जिलाध्यक्ष ने जहां तीन गुना ताकत से जारी प्रचार अभियान से सफलता प्राप्त होने का दावा किया। वहीं कांग्रेस की जिलाध्यक्ष ने निवर्तमान भाजपा सांसद से संसदीय क्षेत्र में बिताए गए दिनों का हिसाब मांगने पर जोर दिया, जबकि आप के जिलाध्यक्ष ने संविधान बचाने के लिए भाजपा का हराने की बात कही। वहीं गठबंधन की प्रत्याशी अन्नू टंडन ने देश सुरक्षित रखने के लिए एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया।

पूर्व सांसद ने कहा कि एकजुटता से बड़ी से बड़ी लड़ाई जीती जा सकती है। देश को बचाए रखने की लड़ाई जीतने के लिए सभी को एकजुटता कायम रखते हुए विरोधियों को सत्ता से उखाड़ फेंकना होगा। वहीं सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि गठबंधन के चलते संसदीय क्षेत्र के सपा प्रत्याशी तीन गुना ताकत से चुनाव मैदान में डटी हैं। सपा सहित सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं की मेहनत से गठबंधन प्रत्याशी को चुनावी सफलता प्राप्त होना तय है। इसलिए सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने बूथों पर जीत सुनिश्चित करनी चाहिए। पूर्व विधायक सुंदर लाल लोधी, पूर्व राज्यमंत्री सुधीर रावत, उदय राज यादव, बदलू खां, सीके त्रिपाठी, रश्मि पांडेय, कृष्ण पाल यादव, प्रभा यादव, प्रदीप सिंह राठौर, अंकित परिहार, जंगबहादुर सिंह, कमल तिवारी, चंद्र प्रकाश शुक्ला, आशुतोष त्रिपाठी व यूसुफ़ फारुखी ने भी गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक का संचालन हेमंत पाल ने किया।

इस मौके पर अलवी मिश्रा, अनवर सिद्दक़ी, नरेंद्र लोधी, बालेंद्र सिंह, ओम प्रकाश पासवान, धर्मेंद्र यादव, मक़सूद अली, अखिलेश यादव शीलू, आलोक सिंह, लकी यादव, राहुल अग्निहोत्री, अमन अंजुम, अनिल फौजी, फ़ैसल रहमान, उमा शंकर यादव, रमेश चंद्र गुप्ता, आशीष त्रिपाठी, राम किशोर पाल, कृपा शंकर बाजपेयी, सूर्य नारायण यादव, ओमकांत पांडेय, अनुराग सिंह, यूसुफ़ वारसी, तन्मय श्रीवास्तव, आशुतोष शर्मा व कुलदीप निगम आदि शामिल रहे।

संयुक्त बैठक को संबोधित करतीं पूर्व सांसद अन्नू टंडन। अमृत विचार

# दिव्यांग अधेड़ ने कीटनाशक निगल कर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- ट्रक हादसे में दोनों पैर गंवाने के बाद से अवसाद में था

**अमृत विचार।** सड़क हादसे में दोनों पैर गवां चुके दिव्यांग अधेड़ ने परेशान होकर घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे बीघापुर पीएचसी लाए। जहां से जिला अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिले मेमो पर बीघापुर कोतवाली पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द किया।

ब्रजेश।

बीघापुर कोतवाली के बहुराजमऊ गांव निवासी ब्रजेश सिंह (45) पुत्र स्व. जगदेव सिंह ट्रक चालक था। शनिवार शाम को उसने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने और उल्टियां शुरू होने पर घर वालों को इसकी जानकारी हुई। उसे परिजन बीघापुर सीएचसी लेकर आए। जहां से डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पहले उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रशासन के मेमों पर शव को मोर्चरी में रखाया गया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। भतीजे जीतू ने बताया ब्रजेश का करीब दो साल पहले माल लोड कर जा रहा था। इस दौरान वाराणसी जिले में हुए सड़क हादसे में उसके दोनों पैरों में गंभीर चोटे आई थी। इसकी वजह से उसके दोनों पैर काटे गए थे। ठीक होने के बाद से वह घर पर ही रहता था। किन्ही कारणों से उसे क्लेम भी नही मिला था। जिससे वह परेशान रहता था। ब्रजेश तीन भाइयों सुरेश, दिनेश में छोटा था। पति की मौत पत्नी पूनम, बेटी अंशिका बेटे निहाल और अभय रो-रो कर बेहाल रहे।

# समझौते को नहीं माना, अधिक मिट्टी खोदने का आरोप

**पुरवा उन्नाव।** गंगा एक्सप्रेस निर्माण कार्य में मिट्टी आपूर्ति करने वालों को आए दिन शिकायतें अफसरों तक पहुंच रही है। पुरवा तहसील क्षेत्र के दो किसानों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर ठेकेदार द्वारा तीन फिट की जगह 10 फीट मिट्टी खोदने का आरोप लगा कर कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम ने किसानों को जांच करा कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

पुरवा तहसील क्षेत्र के गांव गदोरवा निवासी किसान हरीशंकर व प्रमोद ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव स्थित उनकी भूमि संख्या 73 व 74 हैं। गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण संस्था के ठेकेदार देव कुमार शर्मा से 50 हजार में तीन फीट मिट्टी खोदने की बात तय हुई थी लेकिन ठेकेदार ने करीब 10 फीट मिट्टी का खोदवा ली अधिक खोदी गई मिट्टी का रुपया भी नहीं दिया। समझौते के अनुसार उनकी जमीन को समतल भी नहीं कराया। एसडीएम ने जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### सार-संक्षेप

#### वाहन की टक्कर से महिला घायल

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक महिला बाइक से घर जा रही थी तभी गोकुलखेडा गांव के पास वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गिरकर घायल हो गई। चमरौली धानखेड़ा गांव की रामकली पत्नी गुड्डू रविवार अपने बेटे की ससुराल थाना क्षेत्र के बहऊदीनपुर गांव गई थी। जहा से लौटते समय महिला को गोकुलखेडा गांव के पास किसी वाहन की टक्कर से ह गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की सूचना पर पीआरवी पहुंची और उसे एम्बुलेंस की मदद से नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर डाक्टर ने प्राथमिक इलाज देकर जिला अस्पताल भेज दिया।

#### आग से पूरी गृहस्थी और बाइक जलकर राख

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी ब्लाक के एक गांव में रविवार दोपहर बाद अचानक लगी आग से घर में रखा अनाज व अन्य गृहस्थी के समान के साथ खड़ी बाइक भी जलकर राख हो गई। लपटे उठती देख मदद के लिए पहुंचे ग्रामीणों निजी संसाधनों से पानी डालकर आग पर काबू पाया। लखनापुर गांव निवासी रामकृष्ण के घर में रविवार दोपहर बाद अचानक आग लग गई। धुआं उठने पर गृह स्वामी को इसकी जानकारी हुई। शोर मचाने पर ग्रामीण दौड़े तब तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। लपटों को उठता देख बाल्टियों से पानी भर कर डालने के साथ निजी संसाधनों की मदद से जब तक आग पर काबू पाया जा सका। इससे पहले घर में रखा अनाज, सहित अन्य कीमती सामान के अलावा पूरी गृहस्थी समेत छप्पर के नीचे खड़ी बाइक भी खाक हो गई। गृहस्वामी के अनुसार आग से करीब दो लाख रुपए का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों का आरोप था कि सूचना के बाद भी दमकल की गाड़ी समय से नहीं पहुंची। आग बुझने के करीब आधा घंटा बाद दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। ग्राम प्रधान की सूचना पहुंचे राजस्व कर्मी ने नुकसान का आंकलन कर किया।

आग से जला पड़ा सामान दिखाता पीड़ित।

**महंगी हो गई शिक्षा** | स्कूल बैग, टिफिन, कलर, कॉपी-किताबों में की जा रही मनमानी वसूली, जिम्मेदार बेपरवाह

# बच्चों के भारी बस्ते हल्की कर रहे अभिभावकों की जेब

बृजेंद्र प्रताप सिंह, सफीपुर

**अमृत विचार।** नए शिक्षा सत्र की शुरुआत होते ही अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए स्टेशनरी की दुकानों पर पहुंचकर अपनी जेब कटवाने को मजबूर होना पड़ रहा है। कारोबारी कापी-किताबों सहित स्कूल बैग, टिफिन, पेन-पेंसिल व कलर आदि सभी जरूरी सामान मनमाने दामों मे बेच रहे हैं।

हालांकि दो साल पहले 100 रुपये प्रति किलो बिकने वाले कागज के दाम 33 फीसदी घटकर 67 रुपये तक आ चुके हैं। प्लास्टिक, दोने और अन्य उपयोगी चीजों के दाम भी 20 फीसदी कम हुए हैं। इसके बावजूद निजी स्कूलों के नामित पुस्तक विक्रेता प्रकाशित से अधिक मूल्य वसल रहे हैं। इसलिए अभिभावकों पर प्रति बच्चा करीब छह सौ से दो हजार रुपए तक अतिरिक्त व्यय करना पड़ रहा है। खुले बाजार में 80 रुपए में बिक रहा रजिस्टर स्कूलों के सेट दुकानदारों द्वारा 140 रुपए में बेच रहे हैं। इसी तरह 40 के बजाए 60 रुपए या इससे अधिक वसूली प्रति कापी की जा रही है। अधिक मुनाफे के लिए कारोबारियों ने रजिस्टर व कापियों के आकार भी छोटे कर दिए हैं। इसके अलावा टिफिन, स्कूल बैग, पेन पेंसिल व रबर आदि की बिक्री भी मनमानी दरों पर की जा रही है।

**500 में टिफिन और 1000 में बेच रहे बैग:** पुस्तक व यूनीफार्म विक्रेता नर्सरी के बच्चों के स्कूल बैग 500 से 750 रुपए तक बेच रहे हैं। बड़े बच्चों के बैग की कीमत एक से डेढ़ हजार रुपये तक तय कर रखी गई है। इसी तरह छोटे बच्चों के लंच बाक्स दो सौ से लेकर पांच सौ रुपए में बेचे जा रहे है।

- अभिवावकों को प्रति बच्चा छह सौ से दो हजार रुपये तक अतिरिक्त व्यय करना पड़ रहा

**बीते सत्र के मुकाबले बढ़ीं कीमतें रुपये में**

| स्टेशनरी | बीते साल कीमत | इस साल कीमत |
|---|---|---|
| रजिस्टर | 60 से 90 | 80 से 110 |
| कापी | 20 से 40 | 40 से 70 |
| पेंसिल बाक्स | 100 से 300 | 150 से 400 |
| स्कूल बैग | 250 से 600 | 500 से 700 |
| टिफिन बाक्स | 100 से 400 | 150 से 500 |
| पानी बोतल | 70 से 350 | 200 से 450 |

### दामों में कमी का लाभ नहीं

स्टेशनरी विक्रेता मोहित कुमार ने बताया कि कागज के साथ प्लास्टिक दाने के थोक दामों में 15 से 20 फीसदी कमी है। बच्चों की शिक्षा में उपयोग वाली तमाम वस्तुओं के थोक व फुटकर दाम कम हुए हैं। फिर भी निजी स्कूलों के नामित पुस्तक विक्रेता बढ़े दाम वसूलते हैं, क्योंकि खरीददार मुहैया कराने के एवज में प्रकाशकों सहित कारोबारियों को विद्यालय प्रबंधन को खुश करना पड़ता है।

### सभी शिक्षा बोर्डों की किताबें एक समान होनी चाहिए

स्थानीय निवासी भारत विकास परिषद के महासचिव हरिपाल सिंह के मुताबिक दो साल पहले यूक्रेन व रूस के बीच युद्ध के चलते देश में कागज के दाम 30 फीसदी तक बढ़े थे। तब कागज की कीमत 100 रुपये प्रति किलो से ज्यादा हो गई थी, जिससे कापी-किताब की कीमते बढ़ी थीं, जबकि मौजूदा समय में कागज प्रति किलो करीब 67 रुपए प्रति किलो है। इसलिए कापी-किताबों में की जा रही बेतहासा वृद्धि पर अंकुश लगना जरूरी है।

### बच्चों को पढ़ाना मुश्किल

कस्बा निवासी सोनू ने बताया कि उनके तीन बच्चे हैं अलग-अलग कक्षाओं में पढ़ रहे हैं। पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष शिक्षा संबंधी प्रत्येक चीज महंगी है, जिससे बच्चों को पढ़ा पाना पहुंच से बाहर जाने की आशंका बढ़ती जा रही है।

# रोहित की आतिशी बल्लेबाजी से पुलिस क्लब की बड़ी जीत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** पं. दीन दयाल उपाध्याय स्पोर्टस स्टेडियम में डीसीए के बैनर तले चल रही अनिल कुमार सिन्हा मेमोरियल चैलेंजर ट्राफी के अंतर्गत पुलिस क्लब व रायल चौलेंजर्स के बीच मैच हुआ। जिसमें पुलिस क्लब ने चैलेंजर्स को 105 रन से शिकस्त दी।

पुलिस क्लब ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए पुलिस क्लब ने निर्धारित 25 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 249 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। इसमें रोहित भड़ाना ने छह चौके और चार छक्के जड़ते हुए शानदार 98 रन की पारी खेली, जबकि अमित पवार ने 50 रन बनाए। प्रतिद्वंदी टीम रायल चौलेंजर्स के साहिल ने चार, अर्जुन बाजपेयी ने दो और मन्नू व सावेश ने एक-एक विकेट प्राप्त करने में कामयाबी हासिल की। जवाब मे बैटिंग करने उतरी रायल चैलेंजर्स मात्र 144 रन ही बना सकी। टीम की ओर से हर्षित अष्थाना 41 और अंकुर 49 ही क्रीज पर डटे रह सके। अन्य बल्लेबाजों का क्रीज पर आने-जाने का सिलसिला बना रहा। पुलिस क्लब के अमित पवार तीन और प्रशांत ने दो खिलाड़ियों को पवेलियन वापस भेजने में कामयाबी हासिल की, जबकि वीरभान एक ही विकेट प्राप्त कर सके। मैच के दौरान आयोजकों में डीसीए सचिव पीके मिश्र, नवीन सिन्हा, ओम मिश्रा, साकिर हुसैन, विकास सिन्हा, अबरार, सौरभ त्रिवेदी व मोहित सिंह सहित दोनों टीमों के समर्थक भी मौजूद रहे।

मैच विजेता टीम के साथ आयोजन समिति के लोग। अमृत विचार

- पीडीडीयू स्टेडियम में खेला गया अनिल कुमार सिन्हा मेमोरियल चैलेंजर ट्राफी का मैच

# ट्रैक के किनारे झाड़ियों में लगी आग वंदेभारत समेत कई ट्रेनें रोकी गईं

## दो घंटे का तक प्रभावित रहा कानपुर-लखनऊ अप और डाउन लाइन का संचालन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर लखनऊ रेल रूट पर सरैया क्रासिंग छमकनाली पुलिया के पास ट्रैक के किनारे रविवार सुबह अचानक आग लग गई। आग की जानकारी बालामऊ के लोकोपायलट ने स्टेशन मास्टर को दी। जिसके बाद फायर बिग्रेड की सूचना दी गई। वहीं ट्रैक के किनारे आग की ऊंची लपटों को देख वंदेभारत समेत कई ट्रेनों को स्टेशन पर रोका गया। इस दौरान दो घंटे तक रेल संचालन प्रभावित रहा। मौके पर पहुंचे फायर बिग्रेड की गाड़ी ने आग बुझाई।

रविवार सुबह 9:50 बजे उन्नाव से कानपुर की ओर जा रही बालामऊ पैसेंजर के लोको पायलट ने सरैयां रेलवे क्रासिंग और छमकनाली पुलिया के बीच खड़ी पतावर में आग देखी। जिस पर उसने ट्रेन को धीमी करते हुये निकल कर गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचा। जहां मौजूद स्टेशन मास्टर को आग की जानकारी दी। इधर तेज हवाएं चलने के कारण आग तेजी से अप और डाउन लाइन के ट्रैक के पास तक पहुंची गई। ऊंची लपटें देख रेल कर्मियों में हड़कंप मच गया। आनन फानन अधिकारियों को सूचना देने के साथ ही फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची फायर कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। इसी बीच कानपुर से लखनऊ की तरफ जाने वाली वंदे भारत, आगरा इंटरसिटी, झांसी इंटरसिटी को गंगाघाट स्टेशन पर रूकना पड़ा। जिनको धीमी गति से मेमो देकर रवाना किया गया। दोपहर करीब बारह बजे के बाद रेल संचालन सामान्य हो सका।

रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ियों में उठतीं आग की लपटें। अमृत विचार

- **सूचना पर मौके पर पहुंच अग्निशमन दल ने कड़ी मशक्कत कर बुझाई आग**

## सूने घर से चोरों ने नकदी, जेवर उड़ाए

**उन्नाव।** सदर कोतवाली अंतर्गत गदन खेड़ा में सूने घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए नकदी और जेवर पर हांथ साफ कर दिया। किसी काम से पहुंचे रिश्तेदार ने दरवाजा खुला देख गृहस्वामी को सूचना दी। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शीघ्र खुलासा करने का भरोसा दिया है।

गदनखेड़ा नई बस्ती निवासी अमित बाजपेई घर में ताला लगा कर 22 मार्च को परिवार सहित अपने गांव फतेहपुर चौरासी गए थे। इस दौरान घर में कोई नहीं था। बीती शाम गांधीनगर मोहल्ला निवासी उनके चचेरे साले का बेटा कृष्णा अमित के उनके घर किसी काम से आया था। जैसे ही उसने दरवाजे में धक्का दिया तो गेट खुल गया। अंदर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। यह देख उसने फूफा अमित को जानकारी दी। गांव से आए गृहस्वामी के मुताबिक चोर 1.30 लाख के जेवर के साथ 10 हजार की नकदी ले गए।

# एग्रीस्टैक के तहत ग्राम सभा का सर्वे

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** एग्रीस्टैक योजना के तहत नेतुआ ग्राम सभा का सर्वे होना है। यह सर्वे होने से डिजिटल सर्वे के डेटाबेस के आधार पर फसल संबंधी समस्याओं का समाधान हो सकेगा। इसके साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ भी वास्तविक किसान तक पहुंचने में मदद मिलेगी। इसी को देखते हुये रविवार को एसडीएम सदर नेतुआ ग्राम सभा पहुंची और सर्वे कार्य को लेकर राजस्व कर्मियों से चर्चा की और दो दिनों के भीतर ग्राम सभा का सर्वे पूरा करने के निर्देश दिये।

केंद्र की एग्रीस्टैक योजना के तहत नेतुआ ग्राम सभा में रबी फसलों की ई-खसरा पड़ताल डिजिटल सर्वे का काम रविवार से शुरू हो गया है। जहां डिजिटल क्राप सर्वे के दौरान हर खेत के सर्वे होगा।

इसके लिये रविवार दोपहर एसडीएम सदर प्रज्ञा पांडे, तहसीलदार अविनाश चौधरी नेतुआ पहुंचे। जहां उन्होंने मौजूद राजस्व निरीक्षण और लेखपाल से सर्वे को लेकर चर्चा की।

जहां उन्होंने बताया कि दो दिन के भीतर नेतुआ ग्राम सभा का सर्वे पूरा कर लिया जाये। इसके लिये दो-दो राजस्व निरीक्षक की देख रेख में पंद्रह लेखपालों को सर्वे कार्य के लिये लगाया गया है।

नेतुआ में सर्वे कार्य का जायजा लेतीं एसडीएम प्रज्ञा पांडे। अमृत विचार

### यह टीम करेगी सर्वे का काम

दो राजस्व निरीक्षक की देख रेख में पंद्रह लेखपाल अशोक सैनी, सुधांशु बाजपेई, सत्यम शर्मा, अनुराग परिहार, जीतेन्द्र कुमार, पारूल मिश्रा, चंदन गुप्ता, दीपेन्द्र तिवारी, मनीष शुक्ला, अवनीश तिवारी, आशुतोष दुबे, राजकिशोर, मुकेश दीक्षित, आशीष श्रीवास्तव, घनश्याम पांडे को सर्वे कार्य में लगाया।

### इन गाटा संख्या में होगा सर्वे कार्य

लेखपाल ने बताया कि आनलाइन सर्वे में 7148 व 1345 जिसमें कुल 8 हजार 4 सौ 93 गाटों का सर्वे कार्य पूरा किया जाना है।

# नवरात्र को लेकर मंदिरों में शुरू हुई तैयारियां, होंगे कई भव्य कार्यक्रम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र को देखते हुये नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के माता के मंदिरों में अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई है। वहीं राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिरों में नवरात्र पर साफ सफाई के साथ ही रंग रोगन का कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही मंदिर में झालरों से जगमग हो गया।

राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में नवरात्र पर नगर, आस पास के जिलों के अलावा अन्य प्रदेशों से लोग माता के दर्शन करने के लिये आते हैं। जिसको लेकर तैयारियां की जा रही है। मंदिर के अध्यक्ष आदित्य सिंह साधू ने बताया कि नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना के साथ ध्वजारोहण किया जायेगा। मंदिर प्रांगण में रामचरित मानस का पाठ कराया जायेगा। जिसके बाद राज्यभिषेक होगा। वहीं पंचाग पूजन, अष्टमी को पूर्णाहुति दी जायेगी। नवमी को कन्या पूजन के साथ ही दोपहर बारह बजे श्री राम जन्मोत्सव मनाया जायेगा। वहीं नवरात्र में सुबह शाम महाआरती का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा नगर के गायत्री मंदिर, कंचना माई मंदिर, सिद्धदात्री मंदिर, काली मंदिर, शंकरपुर काली मंदिर, झंडेश्वर दुर्गा मंदिर, सोमा गौरी मंदिर, नवदुर्गा मंदिर, दुर्गा मंदिर, पोनी रोड में दुर्गा मंदिर में साफ सफाई का दौर शुरू हो गया है। इस बार नवरात्र में माता का भव्य श्रंगार कराया जायेगा।

नवरात्र को लेकर दुर्गा मंदिर में होती साफ- सफाई। अमृत विचार

- **नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना के साथ ध्वजारोहण भी किया जायेगा**

## रामनवमी पर शोभा यात्रा निकालने की कवायद शुरू

**उन्नाव।** श्रीराम शोभा यात्रा समिति की आर्य समाज मंदिर में आयोजित बैठक में रामनवमी पर परंपरागत ढंग से श्रीराम शोभा यात्रा निकालने की योजना तय की गई। विहिप के समरसता जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता ने कहा कि श्रीराम सनातन सहित भारत के प्राण हैं। यही कारण है कि वह देश के अधिकतम लोगों के पूज्य हैं।

विहिप के जिला उपाध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा कि श्रीराम भक्ति और शक्ति के परिचायक हैं। श्रीराम ने जहां लंकाधिपति रावण पर विजय प्राप्त की। वहीं शबरी व निषादराज आदि को गले लगाया। हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह ने गत वर्षों की अपेक्षा इस बार अधिक भव्य यात्रा निकालने पर जोर दिया। वक्ताओं ने अयोध्या में बनकर तैयार हुए श्रीराम मंदिर के लिए केंद्र सहित प्रदेश सरकार के प्रति आभार जताया।

# दिल के साथ बूथ जीतने पर भाजपा का जोर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने अरोड़ा रिसार्ट में अलग-अलग दो कार्यक्रम आयोजित किए गए। टिफिन बैठक में प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर सिंह व पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने कहा कि एक साथ बैठकर भोजन करने से समरसता बढ़ने के साथ विचारों के आदान-प्रदान के मौके बढ़ जाते हैं। उन्होंने तीन-तीन कार्यकर्ताओं की टोलियां बनाकर 10-10 घरों में संपर्क करने पर जोर दिया। कहा कि दिल जीतने पर बूथ तो जीत ही लिए जाएंगे।

परिवहन मंत्री ने कहा कि विकसित भारत की नींव की मजबूती के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना जरूरी है। सभी सीटों पर स्वयं पीएम को प्रत्याशी मानकर भाजपा की जीत सुनिश्चित करनी चाहिए। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा सामाजिक समरसता जीत का मंत्र बन सकती है। पीएम ने मुफ्त राशन योजना को पांच साल तक बढ़ा दिया है। तीन-तीन कार्यकर्ताओं की टोली रोज दस परिवारों से मिल-बैठकर बातचीत करते हुए सभी के वोट पक्के करें। बैठक में जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा, साक्षी महाराज, जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, शकुन सिंह, सौरभ मिश्रा, भगवती प्रसाद रावत, विधायक पंकज गुप्ता, बम्बा लाल दिवाकर, अनिल सिंह, व अरुण सिंह आदि मौजूद रहे।

इसी तरह भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र की मोदी परिवार टिफिन बैठक सिकंदरपुर कर्ण ब्लाक क्षेत्र स्थित परिमल वाटिका क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ल की मौजूदगी में हुई। बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार की मौजूदगी में नगर स्थित यशोदा कुंज लान हुई टिफिन बैठक में कार्यकर्त्ताओं ने एक साथ भोजन किया। मोहान विधायक बृजेश रावत की उपस्थिति में टिफिन बैठक से पहले स्थानीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। मौरावां मंडल के बूथ संख्या 310 पर टिफिन बैठक क्षेत्रीय विधायक अनिल सिंह की उपस्थिति में हुई। सफीपुर विधायक बम्बालाल दिवाकर की मौजूदगी में क्षेत्र के चकलवंशी स्थित परशुराम पैलेस में टिफिन बैठक आयोजित कर संगठन के लोगों ने कार्यकर्ताओ के साथ भोजन किया। वहीं अरोड़ा रिसार्ट में ही आयोजित सोशल मीडिया वालेंटियर सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि 80 करोड़ को मुफ्त राशन योजना का लाभ देकर पीएम ने साबित किया है।

टिफिन बैठक में शामिल मंत्री व क्षेत्रीय अध्यक्ष सहित अन्य लोग। अमृत विचार

मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

# आरोग्य मेले में 48 मरीजों को देखा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास से मरीज मेले में पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रवि सचान, डा. शिप्रा झा और डा. रश्मि वर्मा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी।

## भूतपूर्व सैनिक ने की खुदकुशी परिजनों में कोहराम

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कप्तान साहब हाता में रहने वाले भूतपूर्व सैनिक ने रविवार सुबह बस्ती में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। दुर्गा मंदिर के सदस्य होने के कारण कार्यकर्ताओं में शोक रहा।

कप्तान साहब हाता निवासी राजेन्द्र सिंह भूतपूर्व सैनिक थे। उनकी शुक्लागंज में कई मिष्ठान की दुकानें भी हैं। वर्तमान समय में वह बस्ती जिले में अपनी पत्नी और छोटे बेटे के साथ रहते थे। रविवार सुबह के समय अज्ञात कारणों के चलते उन्होंने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जिसकी सूचना शुक्लागंज में रहने वाले उनके बेटे मनोज सिंह को दी गई।

# सौहार्द के लिए सामूहिक रोजा इफ्तार

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** रमजान उल मुबारक के महीने के अंतिम दिनों में नगर सहित ग्रामीण अंचलों में सामूहिक रोजा इफ्तार का सिलसिला जारी है। जिसे देखते हुये शनिवार देर शाम लखनऊ रोड स्थित खैरुल बशर एजुकेशन सेंटर की ओर से केबी मेडिकल हाल में सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया।

रोजा इफ्तार के आयोजक प्रमुख समाजसेवी रईस खां ने रोजेदारों का खैरमकदम करते हुए कहा कि सामूहिक रोजा इफ्तार के आयोजन से आपसी प्रेम व सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि हमें रोजे रखने के साथ ही जितना हो सके नेक अमल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईद के पहले अपने पड़ोसियों, असहायों व गरीबों से मिलकर उनकी मदद करनी चाहिए। ताकि उनकी ईद भी अच्छी तरह से हो सके। रोजा इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा की गई। पूर्व विधायक बदलू खां, इजहार खां गुड्डू, आजाद खां, सैय्यद रिजवान अहमद, डॉ इरफान, डॉ अनीस अहमद, मजीद खां, शहंशाह खां, आफाक खां, डॉ मुदस्सिर जावेद, डॉ बेनजीर, समाजसेवी फजलुर्रहमान, हामिद अली, जमीर खां, कलीम खां, फरीद अहमद, बशर आदि मौजूद रहे। इसी तरह प्रमुख समाजसेवी वरिष्ठ अधिवक्ता रामपाल यादव ने नगर के मोहल्ला चौघडा मे सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया।

रमजान में होता सामूहिक रोजा इफ्तार। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### गंगा का जलस्तर बढ़ने से डूबी जायद की फसल

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** पश्चिमी के बांधों से गंगा का पानी छोड़े जाने के कारण गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जिस कारण क्षेत्र से निकली गंगा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने लगा। जिससे गंगा रेती के किसानों की कई बीघे फसले जलमग्न हो गई। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। क्षेत्र के रहने वाले तमाम किसानों ने गंगा की रेती पर जायद की फसल बो रखी है। जो इस समय पूरी तरह से तैयार हो गई है और बाजारों में कद्दू, खीरा, ककड़ी, लौकी, ककड़ी के अलावा आदि जायद की सब्जियां बिक रही हैं। इधर मौसम अनुकूल होने के कारण फसल भी अच्छी हो गई हैं लेकिन पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश होने के कारण पश्चिम के बांधों से पानी छोड़ा गया। जिस कारण गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। जलस्तर बढ़ने के कारण तमाम किसानों की जायद की फसल तक पानी पहुंच गया है। ऐसे में किसानों को भारी नुकसान हो सकता है। मन्ना नगरी किसान अशोक, जमुना आदि ने बताया कि गंगा का जलस्तर अचानक बढ़ा है। जिससे तरबूज, ककड़ी आदि की फसल जलमग्न हुई है। जिससे हम लोगों को नुकसान हो सकता है।

### पुलिस के प्रयास से 25 दंपति फिर साथ रहने को हुए राजी

**उन्नाव।** आपसी मनमुटाव के बाद थाने कोतवालियों तक पहुंचे पति पत्नियों के विवाद को सुलह समझौता से निस्तारित कराने के लिए जारी मुहिम के तहत रविवार को परिवार परामर्श केंद्र व महिला हेल्प डेस्को में विवादित जोड़ों को बुलाया गया। दंपतियों सहित उनके परिजनों की काउंसलिंग के बाद 25 जोड़े गिले शिकवे भूलकर फिर साथ रहने को राजी हुये। पति पत्नी के बीच के आई दरार को पाटने के लिए एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर रविवार को पुलिस परिसर में एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद की अध्यक्षता में परिवार परार्मश केंद्र व थानों कोतवालियों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क में दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद आपस में वार्ता कराई। इसके बाद 25 जोड़ो को शुभकामनाएं देकर विदा किया गया। इसमें महिला थाना से नौ, परिवार परामर्श केन्द्र से चार, थाना सोहरामऊ से तीन, गंगाघाट, हसनगंज कोतवाली व औरास थाने से दो-दो, सदर कोतवाली बांगरमऊ व रिपोर्टिंग पुलिस चौकी महिला थाना बीघापुर से एक-एक जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इसमें में डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डा. मनीष सिंह सेंगर, डा. शशि रंजना अग्निहोत्री, डा. एसके पाण्डेय, प्रभा यादव, अबसार अली व सगीर अहमद सहित पुलिस टीम से इंस्पेक्टर परिवार परामर्श केन्द्र संतोष कुमारी सिंह, एसओ महिला थाना अर्चना, दरोगा भागीरथी, हेड कांस्टेबल मिथिलेश कुमारी, मीनू सोलंकी, प्रीती, शिखा यादव, दुर्गेश की भूमिका रही।

### संचारी रोग नियंत्रण को लेकर ऋषि नगर में चलाया अभियान

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार को पालिका प्रशासन के निर्देश पर सफाई कर्मियों की फौज वार्ड नंबर सात ऋषि नगर मोहल्ले में पहुंची। जहां सफाई कर्मियों ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत साफ सफाई कराई गई। इसके साथ ही नाला नालियों की साफ सफाई कर सिल्ट उठाने का काम किया। शासन के निर्देश पर अप्रैल माह में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये रविवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला की देखरेख में सफाई कर्मियों ने वार्ड नंबर सात ऋषि नगर पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने झाड़ू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया। इसके साथ ही गलियों में पड़ी सिल्ट को उठाने का काम किया। वहीं मच्छरों की भरमार को देखते हुये सभी गलियों में फागिंग कराई गई।

### गायत्री मंदिर में हुआ होली मिलन, गीतों पर झूमे

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार को बालूघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जहां एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। होली मिलन समारोह से पूर्व समस्त जोन के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई। जिसमें प्रभारियों का चयन किया गया। गांव में मिशन कैसे पहुंचे। इसके लिये डा. हिमांशु द्विवेदी ने नव युवकों को गायत्री परिवार में कैसे जोड़ें। इस पर चर्चा की। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विधायक पंकज गुप्ता, वीरेन्द्र शुक्ला, संग्राम सिंह, देशबंधु तिवारी, आरपी लाल, श्रीलाल विश्वकर्मा, दया साहू, शिव त्रिपाठी, रीना गुप्ता, सुमन, किरन श्रीवास्तव, डा. संगीता, अमरनाथ आदि मौजूद रहे।

**समारोह** पुण्यतिथि पर याद किए गए साहित्यकार सूर्य नारायण, काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया

# न कोई आचार संहिता न चरित्र न चिंतन, कुर्सी के लिए...

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** प्रसिद्ध साहित्यकार सूर्य नारायण शुक्ला की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह के बाद उनके आवास पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें हास्य, श्रंगार और ओज के कवियों की रचनाएं सुनने के लिए श्रोता रात भर ताली बजाने को मजबूर रहे।

प्रसिद्ध साहित्यकार सूर्य नारायण शुक्ला की पुण्यतिथि पर उनके शहर स्थित पीडी नगर आवास पर श्रद्धांजलि समारोह के बाद काव्य गोष्ठी आयोजित हुई। उनके विधायक बेटे आशुतोष शुक्ला ने कवियों का स्वागत किया। सरस्वती वंदना के बाद हास्य रस के कवियों की रचनाओं पर जमकर ठहाके गूंजे तो ओज की कविताओं पर लोगों ने जमकर ताली पीटते हुए भारत माता की जय का उद्घोष किया। आधी रात चली गोष्ठी में लखनऊ से आए वीर रस के कवि प्रख्यात मिश्रा ने पढ़ा नेहरू का सरदार के प्रति हुआ जो द्वेष कांग्रेस टूट गयी आपस के क्लेश से। किंतु जो चुनाव हारा देश का हुआ प्रधान गांधी जी का निर्णय था स्थिति विशेष मे धन्य लौह पुरुष पढ़ाया एकता का मंत्र देश को सजा दिया अखंडता के मंच पे। होते न पटेल यदि देश होता देश नही देश जैसे कई देश बन जाते देश मे। कवियित्री शिल्पी सक्सेना ने रुक जाय कलम पर बिके नही, कट जाय शीश पर झुके नही को भी श्रोताओं ने सराहा।

लिखना है कि लिखो गीत मन के गीतों का क्या होगा। मशहूर हास्य कवि अखिलेश द्विवेदी ने वर्तमान राजनीतिक हालातों पर चोट करते हुए पढ़ा। न कोई आचार संहिता न चरित्र न चिंतन, कुर्सी हथियाने की खातिर बना महागठबंधन। इनसे आशा लगाना उत्थान की जय हो जनता की जय हो हिंदुस्तान की। उन्नाव के कवि पिंटू ने गोली से मारो चाहे फांसी मा टांगो, मगर मोरे भइया हमसे भूसा न मांगो पढ़कर आवारा मवेशियों से हो रही किसानों की परेशानी बायां की। कवि प्रलयंकर द्विवेदी, रामशंकर शुक्ल सहित अन्य कवियों ने भी काव्य पाठ किया। इस दौरान प्रमुख रूप से अखिल गुप्ता, संदीप पांडेय, सूर्य प्रकाश मिश्र, पंकज दीक्षित, राजू शुक्ल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

काव्य पाठ के अवसर पर कवियों ने दी श्रद्धांजलि। अमृत विचार

काव्य पाठ कर लूटी वाहवाही। अमृत विचार

## हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

**शुक्लागंज उन्नाव।** कानपुर निवासी एक युवक रविवार को बाइक से पुरवा जा रहा था, तभी हाईवे पर त्रिभुवन खेड़ा के पास अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह उछल कर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा गया है।

कानपुर के बर्रा विश्व बैंक निवासी सुरेन्द्र उर्फ गुड्डू सोनवानी रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे बाइक से पुरवा स्थित मंगतखेड़ा अपनी ससुराल जा रहा था, जैसे ही वह हाइवे स्थित त्रिभुवन खेड़ा पुलिया के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह उछल कर सड़क पर जा गिरा। डिवाइडर से टकराने पर उसे गंभीर चोटें आई। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और चौकी पुलिस को सूचना दी। काफी देर तक पुलिस नहीं पहुंची।

# पत्नी के पक्ष-विपक्ष में आजमाइश तो कहीं समीकरण बैठाने में देर

## प्रदेश की 12 लोकसभा सीटों को लेकर भाजपा में दूर नहीं हो पा रहा है असमंजस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्तार अंसारी की मौत से बदले हालात में गाजीपुर का किला फतह करना चुनौती

**अमृत विचार :** प्रदेश में चुनाव प्रचार और तैयारी में विरोधियों से काफी आगे निकल रही भाजपा में अभी भी 12 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी को लेकर असमंजस बरकरार है। कैसरगंज में पत्नी और बेटे को टिकट देने का विरोध करते हुए बृजभूषण खुद लड़ने पर अड़े हुए हैं तो इलाहाबाद सीट पर औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' अपनी पत्नी व प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता को टिकट दिए जाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। उधर, माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत से बदले हालात में गाजीपुर का किला फतह करने वाला चेहरा तय करना भी चुनौती बन गया है।

भाजपा ने अभी तक प्रदेश की 63 लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिया है। इसमें पांच सीटें अपने सहयोगी दलों के लिए छोड़ी गई है। जबकि बची हुई 12 सीटों के लिए प्रत्याशी की घोषणा करने को लेकर असमंजस का दौर दूर नहीं हो पा रहा है। इन सीटों में कांग्रेस का गढ़ कही जाने वाली रायबरेली सीट भी है, जहां भाजपा के लिए वर्ष 1999 से कोई जीत का स्वाद नहीं चख सका है। भाजपा यहां इंतजार करती दिख रही है कि कांग्रेस के पत्ते कब खुलेंगे।

प्रियंका गांधी खुद अपनी मां सोनिया गांधी की विरासत संभालेगी या उनके पति रॉबर्ट वाड्रा। दोनों का नाम चर्चा में है। फिलहाल रायबरेली सीट पर सोनिया गांधी का उत्तराधिकारी कौन होगा? इसे लेकर कांग्रेस सस्पेंस बनाए हुए है।

भाजपा की रायबरेली जैसी ही हालत मैनपुरी सीट को लेकर है। यहां भाजपा कभी जीत नहीं सकी है। मिशन-80 की तैयारियों में जुटी भाजपा इस बार सपा को उसके गढ़ में घेरना चाहती है। मैनपुरी से सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव प्रत्याशी हैं। इनके सामने कौन मोर्चा संभालेगा? भाजपा में इस पर मंथन जारी है। हालांकि मैनपुरी में शाक्य मतदाताओं की बड़ी तादाद को देखते हुए इसी बिरादरी के पार्टी के एक बड़े नेता को चुनाव लड़ाए जाने की चर्चाएं तेज है। भाजपा सरकार के एक मंत्री पहले की लड़ने से इंकार कर चुके हैं। चुनावी जंग के लिए पार्टी किसे सूरमा बनाती है, इसका विपक्ष को भी इंतजार है। पड़ोस की फिरोजाबाद सीट के लिए भी दमदार प्रत्याशी की तलाश हो रही है।

कैसरगंज सीट को लेकर भी ऊहापोह की स्थिति है। यहां के वर्तमान सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष रहे बृजभूषण शरण सिंह का महिला पहलवानों से विवाद के बाद उनके बेटे या पत्नी को टिकट देने की चर्चाएं थी, लेकिन बृजभूषण खुद चुनाव लड़ने पर अड़े हुए हैं। ऐसे में देखना होगा कि ऊंट किस करवट बैठेगा। कौशांबी, इलाहाबाद और फूलपुर सीटों के प्रत्याशियों को लेकर भी पेंच फंसा हुआ है।

इलाहाबाद सीट पर औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' अपनी पत्नी व प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता को टिकट दिए जाने के लिए एड़ी और चोटी का जोर लगाए हैं लेकिन पार्टी के ही एक बड़े नेता इसका विरोध कर रहे हैं।

### यहां भाजपा को पिछले लोस चुनाव में मिली थी हार

गाजीपुर सीट भाजपा पिछले लोकसभा चुनाव में हार गई थी। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद गाजीपुर में परिस्थितियां तेजी से बदली हैं और यहां का राजनीतिक तापमान अचानक बढ़ गया है। ध्रुवीकरण की संभावना के दृष्टिगत भाजपा यहां अपनी रणनीति पर पुनर्विचार कर रही है। यहां बलिया में क्षेत्र के पूर्व सांसद नीरज शेखर समेत कुछ और नामों पर पार्टी विचार कर रही है।

## एनआईए ने बच्चों से भी की पूछताछ

**लखनऊ।** बलिया के खेजुरी थाना क्षेत्र में हथौज गांव में पहुंची एनआईए टीम द्वारा छापा मारने के दूसरे दिन विनोद राम के घर पर मीडिया कर्मियों का जमावड़ा लगा। इस दौरान विनोद राम ने बताया कि टीम सुबह पांच बजे आई थी। उन्होंने घर वालों और बच्चों से भी पूछताछ की थी। उन्होंने सर्च वारंट दिखाकर छानबीन की थी। कुछ कागजों पर हस्ताक्षर कराते हुए पूछा कि कभी मुंबई गए हो। इस मैने जवाब दिया कि कभी नहीं गया हूं। उन्होंने अटैचियां, आलमारियां खोलकर देखी और एक कागज थमाते हुए कहा कि 19 अप्रैल को लखनऊ के इस पते पर आना है। वहीं पर बताएंगे कि क्या-क्या आरोप हैं और किसने तुम्हारे खिलाफ शिकायत की है। गौरतलब हो कि एनआईए ने बलिया में पहुंचकर कई लोगों के घरों पर छापा मारा था। एनआईए को बलिया में नक्सली संगठन के कुछ सदस्यों के सक्रिय होने की सूचना मिली थी।

## राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने किए रामलला के दर्शन

# 'अयोध्या में हुआ जबरदस्त विकास'

अयोध्या कार्यालय

सर्किट हाउस में राज्यपाल से बातचीत करते विस अध्यक्ष सतीश महाना। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अयोध्या में जबरदस्त विकास हुआ है। हवाई अड्डे ने अयोध्या का स्वरूप ही बदल दिया। रामलला मंदिर बनने के बाद पहली बार अयोध्या आया हूं। ये बातें रविवार को राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहीं। वे परिवार के साथ रामलला के दर्शन करने के बाद पत्रकार वार्ता कर रहे थे। रामलला के दर्शन कर भावुक हुए राज्यपाल ने कहा कि मुझे भी मंदिर आंदोलन में सहभागी रहने का अवसर मिला था।

इससे पहले महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर परिवार के साथ पहुंचे राज्यपाल कलराज मिश्र का जिलाधिकारी नितीश कुमार और नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता समेत कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। प्रोटोकॉल के बीच पहले सर्किट हाउस पहुंचे। विश्राम के बाद हनुमानगढ़ी और राम मंदिर में दर्शन पूजन के लिए पहुंचे। राममंदिर में पुजारी प्रदीप दास ने तिलक लगाकर स्वागत किया और अंगवस्त्र व प्रसाद भी भेंट किया।

### कलराज से मिलने पहुंचे विस अध्यक्ष सतीश महाना

**अयोध्या :** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात करने के रविवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना अयोध्या पहुंचे। सर्किट हाउस में मुलाकात के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मैं अयोध्या का प्रभारी मंत्री रहा हूं। रामनवमी की व्यवस्था के सवाल पर सतीश महाना ने कहा कि मैं शासन-प्रशासन व मुख्यमंत्री को बधाई देना चाहता हूं कि जो भी श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आ रहे हैं उन्हें किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं है। सतीश महाना ने हनुमानगढ़ी व रामलला का दर्शन-पूजन भी किया।

## मेडिकल कॉलेजों के लिए 61 करोड़ रुपये जारी

**लखनऊ।** हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज की योजनाअंतर्गत पहले चरण के पांच व दूसरे चरण के आठ मेडिकल कॉलेजों को गैर वेतन मद में 61 करोड़ रूपये जारी किये गये हैं। इस बजट में जौनपुर मेडिकल कॉलेज को भी तीन करोड़ भी शामिल है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के उप सचिव आनन्द कुमार त्रिपाठी ने फिरोजाबादा, बस्ती, अयोध्या, बहराइच, शाहजहांपुर, एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर, देवरिया, गाजीपुर, मीरजापुर और जौनपुर के प्रधानाचार्यो को बजट भेजा गया है। नए वित्तीय वर्ष में हर मेडिकल कॉलेज के प्रस्तावित बजट में सभी को तीन से पांच करोड़ तक दिये गये। वहीं, राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नोएडा को वेतनमद में 53 लाख दिये गये हैं।

## राम जन्मभूमि के लॉकर से 14 मोबाइल, नकदी गायब

अयोध्या, कार्यालय

- आंध्रा के श्रद्धालुओं ने दो बैग में रखकर किया था जमा

**अमृत विचार।** रामजन्मभूमि मंदिर स्थित लॉकर से पहली बार मोबाइल और नकदी चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। आंध्र प्रदेश निवासी श्रद्धालु की प्रदेश सरकार और श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से गुहार के बाद रामजन्मभूमि थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

आंध्र प्रदेश के 140 श्रद्धालुओं का एक दल मार्च माह के अंतिम सप्ताह में धार्मिक पर्यटन के लिए निकला था। विशाखापत्तनम के दुर्गानगर अरिलोवा कॉलोनी निवासी के गनेश्वरी का कहना है कि वह लोग 31 मार्च को अयोध्या पहुंचे। दूसरी पहर रामलला के दर्शन करने के लिए राममंदिर गए थे। दल में शमिल श्रद्धालुओं का 14 मोबाइल और एक-दो हजार रुपये दो बैग में रखकर साढ़े चार बजे रामजन्मभूमि के लॉकर नंबर 12 में जमा किये थे। रामलला के दर्शन करने के बाद सभी लौटे और अपना गुलाबी व बिस्कुट रंग का बैग लेने पहुंचे तो सारा सामान गायब और लॉकर खाली मिला। सीसीटीवी फुटेज खंगलवाया तो एक शख्स लॉकर नंबर 12 से उनके दोनों बैग निकालकर जाते दिखा। पीड़ित का कहना है कि दोनों बैग में कुल 11 स्मार्टफोन व तीन कीपैड फोन थे।

रामजन्मभूमि थाने के प्रभारी निरीक्षक देंवेंद्र पांडेय का कहना है कि पीड़ित ने अपनी शिकायत ई-मेल से भेजी थी। अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया गया है। सीसीटीवी रिकॉर्डिंग से मिले सुराग के आधार पर आरोपी की पहचान व गिरफ्तारी की कार्रवाई कराई जा रही है।

## उद्देश्यपरक हो सोशल मीडिया का उपयोग : नंद गोपाल गुप्ता

अयोध्या, कार्यालय

दीप जलाकर कार्यशाला की शुरुआत करते मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी। अमृत विचार

- सोशल मीडिया लोकसभा स्वयंसेवक सम्मेलन में बोले औद्योगिक विकास मंत्री

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में ऐसे वातावरण का निर्माण करना है कि भ्रम फैलाने वाले दल अपने मकसद में विफल हों। हम सभी को उद्देश्य परक सोशल मीडिया का उपयोग करना चाहिए। ये बातें रविवार को औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहीं। वह कौशलपुरी के एक लॉन में आयोजित सोशल मीडिया लोकसभा स्वयंसेवक सम्मेलन व कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने सोशल मीडिया स्वयंसेवकों को चुनाव को लेकर सक्रिय रहने के लिए कहा। तर्क के आधार पर, सभ्य भाषा व आचरण से सोशल मीडिया पर जवाब देने की बात कही। कहा कि 22 जनवरी को पूरी दुनिया की निगाहें अयोध्या पर थी। मुझे भी आने का मौका मिला। इंडी गठबंधन, ठगबंधन है, ऐसे ठगबंधन को जनता ने नकार दिया। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया पर हमें हमेशा सार्थक भाषा का प्रयोग और अनुचित भाषाओं से बचना चाहिए। कार्यक्रम में बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, लोकसभा प्रभारी कृष्ण शास्त्री, महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे।

## धर्मांतरण कराने में शिक्षक समेत तीन को पकड़ा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- धर्म जागरण प्रमुख ने आरोपियों को पुलिस को सौंपा

**अमृत विचार।** थाना मेरापुर क्षेत्र में दबे पांव ईसाई मिशनरियां धर्मांतरण करवा रही हैं। इसी थाना क्षेत्र में कई परिवारों का धर्मांतरण करा चुके एक शिक्षक समेत तीन लोगों को धर्म जागरण प्रमुख ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है।

धर्म जागरण प्रमुख दिनेश सिंह तोमर ने बताया कि उन्हें पता लगा कि मेरापुर के गांव कुरार में कई परिवारों को धर्म परिवर्तन कराकर ईसाई बना दिया गया है। इस सूचना पर वह कुरार पहुंचे, जहां एक व्यक्ति के मकान में धर्म परिवर्तन का कार्य चल रहा था। उनके पहुंचते ही अन्य लोग वहां से भाग गए। उन्होंने धर्म परिवर्तन करने वाले सहित तीन लोगों को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इनके पास से दो बाइबल तथा ईसाई धर्म की प्रचार सामग्री मिली हैं। दिनेश सिंह तोमर ने बताया कि ये लोग धर्म परिवर्तन कराने से पहले दलित परिवारों को तरह-तरह के प्रलोभन देते हैं। तोमर का कारोप है कि ये लोग एक साल से धर्मांतरण के कार्य में लिप्त हैं। कौशांबी का रहने वाली आरोपी शिक्षक मेरापुर के एक स्कूल में अध्यापन का कार्य भी करता है। उधर, आरोपी शिक्षक का कहना है कि वह कोई धर्म परिवर्तन नहीं करा रहा था। वह बीमार रहता था तो लोगों ने बताया कि कुरार में बाइबल का पाठ करने से बीमारी ठीक हो जाती है। इसी वजह से वह कुरार जाने लगा और वहां जाकर बाइबल पढ़ने लगा। उसने कहा कि वह माफी चाहता है, उसे माफ कर दिया जाए।

## कार ने बाइक सवारों को रौंदा, वृद्धा की मौत

**इटावा।** बेकाबू कार ने तीन बाइकों पर सवार पांच लोगों को टक्कर मार दिया। जिसमें एक वृद्ध दपंति सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए। वृद्धा की इलाज के दौरान मौत हो गई।

ऊसराहार थाना क्षेत्र में सरसईनावर मार्ग पर रविवार दोपहर बेकाबू कार के ड्राइवर ने तीन बाइकों पर सवार लोगों को टक्कर मारी, कार के एयरबैग खुल गए। सड़क पर गिरे घायलों को छटपटाते देख कार ड्राइवर मौके से फरार हो गया। हादसे में बाइक सवार गांव हटीला के राकेश पाल की बेटियां निशू तथा शिखा को मामूली चोटें आईं। दूसरी बाइक पर जा रहा मुरादाबाद का रहीश घायल हो गया जबकि अन्य बाइक पर सवार गांव नगला हिम्मत में रहने वाले वृद्ध दंपति सहदेव एवं उनकी पत्नी फूलन देवी भी गंभीर रूप से घायल हो गए। वृद्धा फूलन देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## किसान की पीटकर हत्या, सात पर रिपोर्ट

संवाददाता, फतेहपुर

रामू।

**अमृत विचार।** जमीन को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष से महिला-पुरुषों ने लाठी-डंडे और फरसे से हमला कर एक युवक की सिर कूचकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फतेहपुर के गाजीपुर थाना क्षेत्र के हसनपुर लोदियानी गांव में रविवार सुबह करीब नौ बजे के करीब पुराने जमीन के विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। कस्बे के रहने वाले रामू हाड़ा (40) पुत्र इंद्रजीत पर दूसरे पक्ष के महिला पुरुषों ने लाठी-डंडे और फरसे से हमला कर दिया। बेरहमी से पिटाई करने के बाद युवक का सिर और मुंह कूचकर हत्या कर दी। सुबह-सुबह यह हत्या उस समय हुई जब खेत में मजदूर चना की फसल काट रहे थे। मजदूरी कर रहे लोग डर की वजह से मौके से भाग गए। हत्या की सूचना पर सीओ फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हत्या के बाद से सभी हमलावर फरार हैं। बताया जा रहा है कि हमलावर में एक व्यक्ति असोथर का है, जो कि अपनी बेटी-दामाद के घर पर रहता था।

### इन लोगों पर दर्ज हुई रिपोर्ट

अमित हाड़ा की दिनदहाड़े हत्या से चारों ओर हड़कंप मच गया। मौके पर गाज़ीपुर पुलिस सहित एडिशनल एसपी विजय शंकर मिश्रा मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों से जानकारी और छानबीन करने के बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और उसके घायल भतीजों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इधर दोपहर में मृतक के भाई पप्पू हाड़ा की तहरीर पर गाजीपुर पुलिस ने हसनपुर गांव निवासी ओमप्रकाश, रामप्रकाश, आशीष, अरविन्द, नीरज और दो अज्ञात महिलाओं पर रिपोर्ट दर्ज की है। मृतक रामू अपने पीछे दस वर्षीय पुत्र ओम और बेटी ओजस्वी को छोड़ गया। मृतक की मां विद्यावती शव के पास बैठी रोती रही। वहीं पत्नी रूबी का भी रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना के बाद से गांव में मातम का माहौल है।

## प्रापर्टी डीलर विजय नारायण की गोली मारकर हत्या

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

- बहुचर्चित चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में बेल पर था विजय नारायण

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट से जमानत पर छूट कर आए बहुचर्चित डा. घनश्याम तिवारी हत्याकांड के आरोपी विजय नारायण सिंह की रविवार की रात शहर के दरियापुर तिराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली लगने से घायल उसका एक साथी गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया है। प्रापर्टी डिलिंग के दौरान साथियों के साथ होटल में चल रही पार्टी के दौरान यह सनसनीखेज वारदात हुई है। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। खुलासे के लिए तत्काल चार टीमें लगा दी गई है।

दरियापुर के पास स्थित पल्लवी होटल में कुछ प्रापर्टी डीलरों की पार्टी चल रही थी। रविवार की शाम करीब साढ़े आठ बजे आपस में बहसबाजी में उसी में एक ने विजय नारायण सिंह पर गोली दाग दी। साथ में रहे अनुज शर्मा ने इसका विरोध किया तो उसे भी गोली मार कर घायल कर दिया और वहां से भाग निकला। गोली की तड़तड़ाहट से पूरे इलाके में दहशत फैल गई।

## बाइकें भिड़ीं, दो लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- तीसरे घायल की हालत गंभीर, कानपुर रेफर
- राठ- हमीरपुर मार्ग पर देर रात हुआ हादसा
- दोनों बाइक सवार नहीं लगाए थे हेलमेट

**अमृत विचार।** राठ हमीरपुर मार्ग में ललपुरा थाना क्षेत्र के स्वासा बुजुर्ग गांव के पास दो बाइकों की आमने सामने भिडंत हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने दो को मृत घोषित कर दिया। वहीं तीसरे की हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर कर दिया। बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए थे।

कानपुर नगर के लाल बंगला निवासी शुभम हजारिया (24) अपने साथी जनपद बांदा के रिहुटा पैलानी निवासी विमल (25) के साथ शनिवार की देर शाम रिश्तेदारी में ललपुरा थाना क्षेत्र के रूरीपारा गांव जा रहे थे। तभी राठ हमीरपुर मार्ग में स्वासा बुजुर्ग गांव के पास सामने से आ रहे बाइक सवार निवादा गांव निवासी जीतू जोशी 35 जो नवेली पावर प्लांट से काम करके लौट था, की उनकी बाइक से सीधी भिडंत हो गई। जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर ललपुरा थाना पुलिस ने तीनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर विपिन राजपूत ने विमल और जीतू जोशी को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि शुभम हजारिया साथी विमल के साथ रूरीपारा गांव जा रहा था। उनके साथ दूसरी बाइक में शुभम का भतीजा अर्जुन पुत्र संजय व दीपक निवासी रूरीपारा थे। लेकिन दोनों बाइक से आगे निकल गए थे। जब देर तक वह लोग नहीं लौटे तो वह वापस आए। तो घटना की जानकारी हो सकी।

सीओ राजेश कमल ने बताया कि दोनों बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए थे। ऐसा प्रतीत होता है कि युवक नशे की हालत में थे। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**सुविधा** 7 से 10 तक मेला स्पेशल ट्रेनों का होगा संचालन, दो मेला स्पेशल झांसी तो एक कानपुर से चलेगी

# चित्रकूट धाम के लिए चलाई गईं तीन मेला स्पेशल ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, बांदा

रेलवे स्टेशन बांदा। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** चैत्र माह की सोमवती अमावस्या पर चित्रकूटधाम के लिए रेलवे ने तीन मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। यह मेला स्पेशल ट्रेनें 7 से 10 अप्रैल तक तक चलेंगी। इनमें एक मेला स्पेशल ट्रेन कानपुर से और दो वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) स्टेशन से संचालित होंगी। सभी छोटे-बड़े स्टेशनों पर तीनों ट्रेनों का ठहराव रहेगा।

सोमवती अमावस्या मेला में रेलवे को 10 से 12 लाख श्रद्धालुओं के चित्रकूट पहुंचने की उम्मीद है। इसी को लेकर रेलवे ने तीन मेला स्पेशल ट्रेनें चलवाई हैं। मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) झांसी के जनसंपर्क अधिकारी मनोज सिंह ने बताया कि पहली मेला स्पेशल ट्रेन वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) से सुबह 10.10 बजे चलेगी। शाम 5.15 बजे चित्रकूटधाम कर्वी पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन चित्रकूटधाम कर्वी से शाम 6.25 बजे चलकर वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) रात एक बजे पहुंचेगी। दूसरी मेला स्पेशल ट्रेन वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) से शाम 8.10 बजे चलकर रात एक बजे बांदा आएगी।

चित्रकूटधाम कर्वी रात 3.05 बजे पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन चित्रकूटधाम कर्वी से तड़के 4.40 बजे चलकर बांदा 6.45 बजे आएगी। वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) स्टेशन सुबह 11.10 बजे पहुंचेगी। इसके अलावा कानपुर से भी एक मेला स्पेशन ट्रेन चलाई गई है।

यह मेला स्पेशल ट्रेन कानपुर से दोपहर दो बजे चलकर शाम 5.25 बजे बांदा पहुंचेगी और 8.55 बजे चित्रकूटधाम कर्वी आएगी। वापसी में यह ट्रेन चित्रकूट से रात 10 बजे चलकर बांदा स्टेशन 11.30 बजे आएगी। जबकि तड़के 4 बजे यह ट्रेन कानपुर पहुंचेगी। इन ट्रेनों का वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) से चित्रकूटधाम कर्वी और कानपुर से चित्रकूटधाम कर्वी के बीच पड़ने वाले सभी स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है।

### आधा सैकड़ा से ज्यादा चलेंगी बसें

उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम ने भी मेला को लेकर आधा सैकड़ा से ज्यादा मेला स्पेशल बसें चलाईं हैं। यह 10 अप्रैल तक संचालित होंगी। रोडवेज ने भी सोमवती अमावस्या को लेकर मेला स्पेशल बसों का संचालन शुरू किया है। राज्य परिवहन निगम ने चित्रकूट तक श्रद्धालुओं को लाने और ले जाने के लिए आधा सैकड़ा से ज्यादा बसें लगाईं हैं। इसके अलावा कानपुर, फतेहपुर, लखनऊ, इलाहाबाद आदि डिपो की बसों को भी एक फेरा लगाने के निर्देश दिए गए हैं। चित्रकूटधाम परिक्षेत्र क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप कुमार ने बताया कि मेला को लेकर विशेष बसों के इंतजाम किए गए हैं। यह बसें 10 अप्रैल तक संचालित होंगी।

## सपा जिला महासचिव से मारपीट का आरोप

**फर्रुखाबाद।** सपा जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिला महासचिव के साथ मारपीट कर पार्टी के अनुशासन को तार-तार किया गया है। मारपीट करने के बाद आरोपी सपा कार्यकर्ता मौके से फरार हो गए।

आवास विकास स्थित सपा के जिला कार्यालय पर रविवार को लोहिया वाहिनी व छात्र सभा की जिला कमेटी की घोषणा की जानी थी। जिसको लेकर बैठक चल रही थी। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल कार्यालय में ही मौजूद थे। उसी दौरान जिला महासचिव इलियास मंसूरी कार्यालय पंहुचे। जहां सपा के कुछ कार्यकर्ताओं ने इलियास मंसूरी के साथ जमकर मारपीट कर दी। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव आदि जबतक कुछ करते उससे पहले आरोपित मौके से फरार हो गये।

## पीएनबी के मैनेजर को सीबीआई ने दबोचा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- किसान क्रेडिट कार्ड के लिए मांगी थी 15 हजार की रिश्वत

**अमृत विचार।** एक किसान ने कुदरकोट स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में किसान क्रेडिट कार्ड को लेकर फाइल बनवाई। आरोप है कि बैंक मैनेजर ने रिश्वत के तौर पर 15 हजार रुपये मांगे। पांच हजार रुपये देने के बाद किसान ने गाजियाबाद सीबीआई से संपर्क करते हुए रिश्वत मांगे जाने की शिकायत की।

शनिवार को सीबीआई की स्पेशल एंटी करप्शन टीम लखनऊ ने जाल बिछाते हुए किसान के साथ बैंक में छापा मारा। बैंक मैनेजर ने इस दौरान बैंक के बाहर चल रहे जनसेवा केंद्र के संचालक को रिश्वत जमा करने के लिए किसान से कह गया। इसके बाद सीबीआई की स्पेशल टीम ने जनसेवा केंद्र संचालक से लेकर मैनेजर को धर दबोचा। दोपहर एक बजे पकड़ने के बाद देर रात तक टीम पूछताछ करती रही। पुर्वा गुमानी निवासी किसान अरविंद कुमार ने बताया कि उसने तीन लाख 38 हजार रुपये का किसान क्रेडिट कार्ड पर लोन लेने के लिए फाइल बनवाई।

पंजाब नेशनल बैंक की कुदरकोट शाखा के मैनेजर शुभम कटियार ने 15 हजार की रिश्वत मांगी। दो अप्रैल को वह पांच हजार रुपये बैंक को दे गया। वहीं शेष रुपये बाद में देने की बात कही।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

आत्मार्थं जीवलोकेऽस्मिन् को न जीवति मानवः ।
परं परोपकारार्थं यो जीवति स जीवति ॥

इस जीवलोक में स्वयं के लिए कौन नहीं जीता ? परंतु, जो परोपकार के लिए जीता है, वही सच्चा जीना है ।

## संपादकीय

# बढ़ती धोखाधड़ी

दक्षिण पूर्व एशिया के कई देशों में हजारों भारतीय संदिग्ध नौकरियों में फंसे हैं। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने शनिवार को कहा कि लाओस में जबरन गैर-कानूनी और खतरनाक काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगार घर लौट रहे हैं। लाओस भारत के विस्तारित पड़ोस का एक हिस्सा है क्योंकि केवल म्यांमार, लाओस को भारत के उत्तर-पूर्व राज्यों से अलग करता है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने कंबोडिया में साइबर धोखाधड़ी के काम में जबरन लगाए गए भारतीयों को लेकर एक परामर्श जारी किया था क्योंकि हजारों भारतीय खुद को म्यांमार और कंबोडिया में फंसा हुआ पाते हैं, जहां उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी व अन्य धोखाधड़ी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय कंबोडियन अधिकारियों के साथ मिलकर ऐसे 250 और म्यांमार से लगभग 30 भारतीयों का पता लगाने और उन्हें बचाने में कामयाब रहा है। पिछले तीन माह में 75 भारतीयों को रेस्क्यू भी किया गया है। साइबर अपराधियों का गिरोह पूरे एशिया में जाल बिछा चुका है। सबसे पहले कंबोडिया में नजर आया। गिरोह भारत व मलेशिया समेत एशियाई देशों के तकनीकी रूप से कुशल युवाओं को निशाना बना रहे हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि जिन लोगों को धोखाधड़ी के जरिए विदेश ले जाया जाता है उन्हें कंबोडिया, म्यांमार और लाओस के जुआघरों में रखा जाता है। एशिया ह्यूमन राइट्स वॉच के उप निदेशक फिल रॉबर्टसन ने हाल ही में कहा कि गिरोहों ने कुशल तकनीक पसंद लोगों को निशाना बनाया है जिनकी नौकरियां महामारी के दौरान चली गई थीं। नई नौकरी पाने को बेताब ये लोग झांसों में आ गए। वास्तव में भारतीय नागरिकों की म्यांमार और कंबोडिया जैसे देशों में नौकरी करने की बेताबी भारत में रोजगार परिदृश्य की गंभीर स्थिति का आईना है।

गौरतलब है 2023 में संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में उल्लेख था कि लाखों लोगों को साइबर फ्रॉड की दलदल में धकेला गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि इनमें से ज्यादातर शिकार एशिया के ही दूसरे देशों से जुड़े हैं। रिपोर्ट कहती है कि साउथ ईस्ट एशिया में इस तरह के साइबर फ्रॉड बढ़ने के पीछे कोविड के दौरान लोगों का घर की चारदीवारी तक कैद होना और ऑनलाइन गतिविधियों पर ज्यादा वक्त गुजारना है। अब धोखाधड़ी वाले कॉल सेंटरों के संचालकों पर कार्रवाई तेज करने की जरूरत है। भारत का अधिकांश आसियान देशों के साथ अच्छा संबंध है, सबको यह सुनिश्चित करना होगा कि ऑनलाइन/फोन घोटालों के बारे में उसकी सलाह हितधारकों के बीच व्यापक रूप से प्रसारित हो। सरकारों के बीच घनिष्ठ समन्वय और सूचनाओं का नियमित आदान-प्रदान अपराधियों को रोकने में प्रभावी हो सकता है।

# 'चिपसेट' इंजीनियरिंग में भारत को मिलेगी बढ़त

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

14 नैनोमीटर से नीचे के साइज़ में चिप बनाने का काम जटिल प्रक्रियाओं की मांग करता है। प्रसंगवश, एक नैनोमीटर एक मीटर का दस लाखवां हिस्सा होता है। सामान्य तरीके से डिजाईन बोर्ड पर चिप का डिजाईन बनाया जाता है फिर इसके नक़्शे को मिनिएचराईज़ अर्थात सूक्ष्माकृति किया जाता है।

विकसित औद्योगिक देशों के साथ सिविलियन और मिलिट्री प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए जितने भी समझौते भारत ने किए इनके अंतर्गत हमेशा की तरह उन्नत प्रौद्योगिकी से एक दर्ज़ा नीचे की प्रौद्योगिकी हमें मिली है। ऐसा क्यों होता रहा है और, विदेश से हमें 'अप्रचलित' प्रौद्योगिकी ही क्यों उपलब्ध होती है? टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट में हमारा खुद का निवेश उनके मुकाबले में कम होने और प्राइवेट सेक्टर की शुरूआती दौर की अरुचि, इसके कारण हैं। तीन वर्षों में भारत में सेमी-कंडक्टर्स के क्षेत्र में 'मैच्योर-नोड' चिप्स बनाने के लिए करीब दो लाख करोड़ रुपए का निवेश किये जाने के संकेत हैं। प्रारंभिक दौर में 14 नैनोमीटर के मेच्योर चिपसेट बनाए जाएंगे। अभी दुनिया भर में इसकी मांग बनी हुई है क्योंकि अनेक प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक एप्लायेंसिस और डिवाइसेस जैसेकि कार, कंप्यूटर, डिस्प्ले पेनल्स, खिलौने, इंडस्ट्रियल इक्वेप्मेंट, स्मार्ट फ़ोन्स, ऑप्टिकल/इमेज सेन्सर्स, फ़्लैश मेमरी कंट्रोलर्स, माइक्रो कंट्रोलर्स और टीवी के अलावा पॉवर मैनेजमेंट इन्टीग्रेटेड सर्किट्स में इसका इस्तेमाल किया जाता है।

14 नैनोमीटर से नीचे के साइज़ में चिप बनाने का काम जटिल प्रक्रियाओं की मांग करता है। प्रसंगवश, एक नैनोमीटर एक मीटर का दस लाखवां हिस्सा होता है। सामान्य तरीके से डिजाईन बोर्ड पर चिप का डिजाईन बनाया जाता है फिर इसके नक्शे को मिनिएचराईज़ अर्थात सूक्ष्माकृति किया जाता है। तत्पश्चात सर्किट्स और गेट्स की प्रिंटिंग एक-एक परमाणु को डिपाजिट करने से होती है। चिसेट का आर्किटेक्चर प्रत्येक कार्य के लिए प्रयुक्ति के आधार पर अलग होता है।

टेक्नोलॉजी विकसित करने के लिए बेसिक साइंस और इंजीनियरिंग में 1970 आदि दशक के बाद उन्नत देशों द्वारा निवेश की गई कुल राशि की तुलना भारत से करने लगें तो यह विशाल है। साइंस, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग में उनकी सोच के मौलिक होने की वजह असल में यह विशाल निवेश राशि ही है जिसकी आधारशिला द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान सामने आई नई तकनीकी चुनौतियां थीं। इसने उन देशों के वैज्ञानिक समुदाय को मौलिक वैज्ञानिक शोध को ऐसी टेक्नोलॉजी में बदलने के लिए प्रेरित किया जिससे हिटलर जैसी

> ताइवान, जापान और चीन जैसे देशों में इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में बेसिक साइंस और इसमें उन्नति के लिए चिह्नित किए गए नए मैटेरियल्स पर बहुत तेज़ी से शोध हुआ।

चुनौती का उन्हें फिर से सामना न करना पड़े। सन 1970 के बाद से इन्होंनें अपना रिसर्च आउटपुट विशाल कर लिया जिससे एकदम से स्टेट-ऑफ़-द-आर्ट एवं फ्रंटियर टेक्नोलॉजी विकसित करने की ही नहीं, बल्कि मैन्युफेक्चर करने की कैपेसिटी को भी इन्होंनें उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया। कूटनैतिक संबंधों और फाइनेंसियल रिसोर्सेज ने इन्हें फिर से आपस में भिड़ने और होड़ करने से भी दूर रखा है।

उदाहरण के लिए सेमी-कंडक्टर टेक्नोलॉजी क अंतर्गत चिपसेट बनाने की टेक्नोलॉजी अमेरिका में विकसित हुई, लेकिन कुछ देशों ने इसे अंशों में चोरी किया और अब इसी के उन्नत संस्करण बना कर मालामाल हो रहे हैं। इस काम में महारत हासिल करने के लिए तकनीकी ज्ञान में सेंध लगाने वाले देशों को आधी सदी तो खुद को मजबूत करने में लगी ही है। चिप निर्माण में अमरीका के मुकाबले में अब दक्षिण कोरिया, ताइवान और चीन होड़ में इसलिए पहुंच पाए हैं क्योंकि इन्होंनें शुरूआती निर्भरता तो औरों पर दिखाई, लेकिन बेसिक साइंस और मटेरियल रिसर्च में जबरदस्त इन्वेस्टमेंट इन्होंनें खुद किया तो नतीजे सन 2000 तक दिखाई देने लगे। ताइवान इस समय चिप निर्माण टेक्नोलॉजी में अग्रणी देशों में है।

सामरिक और सिविलियन टेक्नोलॉजी में मिनिएचरायिज़ेशन, प्रिसीजन, इज़ ऑफ़ हैंडलिंग, टिकाऊपण और हल्का होने के गुण डाले जाते हैं। इस तरह से कि प्रोडक्ट में 'फटीग' कम हो और हरेक परिस्थिति में, हर समय तब तक काम करे जब तक खंडित ही न हो जाए। मारक क्षमता या कार्यक्षमता और कुशलता पहले के मुकाबले में ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स तकनीकों के समावेश से 10 गुणा तक बढ़ा दी गई है। नए मटेरियल, ऑप्टिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स में मिनिएचरायिज़ेशन से निर्मित चिपसेट लगाए जाने से यह कमाल संभव हुआ है। भारत ने इस दिशा में तीन-चौथाई दूरी तो तय कर ही ली है। लेकिन बहुत चिंता अमरीका के 'ब्यूरो ऑफ़ इंडस्ट्री एंड सिक्यूरिटी' के निर्देशों और चीन के मन्सूबों को लेकर होती है जिनका परोक्ष प्रभाव उन देशों पर ही पड़ता है जिनके यहां 14 नैनोमीटर साइज़ तक की 'लिगेसी' या 'मैच्योर-नोड' चिप्स चीन से आयात की जाती हैं और इक्विपमेंट और डिवाइसेस में फिट की जाती हैं। अमरीका के उक्त ब्यूरो ने 18 जनवरी 2024 को इस बारे में ताज़ा निर्देश जारी किए हैं जिससे भारत में उलझन इसलिए पैदा नहीं होगीं क्योंकि हमने चीन की नहीं बल्कि ताइवान की कंपनी मीडिया-टेक से इस बारे में बातचीत की है जो भारत में बनाई जाने वाली मेच्योर नोड चिप्स के लिए बड़ा खरीदार हो सकती है।

विदेशी मूल की और यहां की बड़ी कंपनियों में टेक्नोलॉजी विकास के लिए आरएंडडी और निर्माण के स्तर में गैप को कम किए जाने की कवायद मीडिया-टेक के आगमन से शुरू हुई है, जैसे कि दूसरी-तीसरी पीढ़ी हमारे यहां है तो उच्चतम स्तर पर उनकी यह पांचवीं पीढ़ी हो सकती है। कंप्यूटर्स और मोबाइल कम्युनिकेशन गैजेट्स में ऑपरेटिंग सिस्टम्स और एप्लीकेशन्स 10 साल के भीतर संख्या और कार्यक्षमता के हिसाब से 1 से सौ-गुणा के अनुपात में समृद्ध हुए हैं। 'टेक्नोलॉजी डिनायल' या 'नॉन-शेयरिंग और एक्सपोर्ट रेजीम' के बरअक्स डिफेंस, स्पेस और एटॉमिक एनर्जी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में विदेश में स्थापित 'कन्जोर्शियम' में संबंधित मुल्कों की उन्नत वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं में जिन तकनीकों और सिस्टम्स को अगली पीढ़ी के लिए विकसित कर लिया गया, उन्हें हमें सिविलियन और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स में प्रयोग करने के लिए भी नहीं दिया जाता। बेसिक रिसर्च में बेहतरीन समझ रखने के बावजूद हम इस ज्ञान पर आधारित टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स - जैसे कि मोबाइल फोन और डिजिटल कैमरा, कंज्यूमर गैजेट्स और एंटरटेनमेंट के क्षेत्र में लार्ज स्केल पर डिवाइसेस बना कर उपलब्ध नहीं करवा पाए। बेशक हमने सेमी-कंडक्टर इंडस्ट्री में आरएंडडी में काम किया है, लेकिन वह औरों से 15-20 वर्ष पीछे के स्तर का है। भारत को स्पेस और एटॉमिक एनर्जी एवं रक्षा क्षेत्र के लिए वांछित एडवांस्ड टेक्नोलॉजीज को इसीलिए खुद ही रिसर्च, डेवलपमेंट और टेस्टिंग करने के बाद देश में निर्मित करना पड़ा।

ताइवान, जापान और चीन जैसे देशों में इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में बेसिक साइंस और इसमें उन्नति के लिए चिह्नित किए गए नए मैटेरियल्स पर बहुत तेज़ी से शोध हुआ। 'चिप' विकास और निर्माण में टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स, आईबीएम और अमेरिकन टेलीग्राफ एंड टेलीफोन कंपनियों के बाद चीन और ताइवान की कंपनियों ने सन 1990 के बाद से आश्चर्यजनक स्पीड से विश्व मार्किट का काफी हिस्सा पकड़ा। भारत में बीईएल, ईसीआईएल, सीडीआईएल, इंडिया और सेमी कंडक्टर काम्प्लेक्स लि. मोहाली ने अभी तक इलेक्ट्रॉनिक्स में डिवाइसेस के लिए 14 नैनोमीटर से नीचे की 'चिप' डिजाईन और फैब्रिकेशन क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया है।

डिफेन्स रिसर्च एंड डेवेलपमेंट आर्गेनाइजेशन, इसरो और बीएआरसी अपने मैंडेट के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक्स में इंस्ट्रूमेंटेशन के अलावा कंट्रोल एंड गाइडेंस सिस्टम्स का विकास बीईएल और इलेक्ट्रॉनिक्स कारपोरेशन के जरिये से करते हैं। सिविलियन उपयोग के लिए भी इन संस्थानों ने बेहतरीन टेक्नोलॉजी और गैजेट्स जारी किए हैं। उन्नत देशों ने डिफेंस और स्ट्रेटेजिक इलेक्ट्रॉनिक्स कल-पुर्जों और ड्यूल-यूज़ इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स के निर्यात पर प्रतिबंध लगा रखा है। बेसिक रिसर्च को कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेक्नोलॉजी में कन्वर्ट करने की हमारी समस्या जल्द दूर नहीं होती दिखती, भारत में कुछ कंपनियां पिछली पीढ़ी के मेच्योर नोड चिप सन 2024 के दिसंबर महीने में बनाना शुरू कर देंगी जिससे चिप निर्माण में शुरूआती दौर के मूल्यवान अनुभव मिलने से कुछ वर्षों में 14 नैनोमीटर से नीचे 4 नैनोमीटर साइज़ की चिप बनाने की दक्षता हासिल करने में भारत के लिए मुश्किल न होगा। यह महत्वपूर्ण बढ़त तो होगी है लेकिन 1 नैनोमीटर साइज़ के सिलिकॉन 'ड्रीम-चिप' को संभव बनाने की दिशा में इस समय तजुर्बे चल रहे हैं उस तक हमें पहुंचने में शायद 15 बरस का समय और लगेगा। फिलवक्त अमरीका की आईबीएम कंपनी ने 2 नैनोमीटर साइज़ की चिप तैयार करने में कामयाबी हासिल कर ली है।

## प्रसंगवश

# गुलाम कश्मीर में विदेशी दखल

कश्मीर का एक भाग पाकिस्तान के अधिकार में है, जिसे हम गुलाम या पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर कहते हैं। पाकिस्तान उसे आज़ाद कश्मीर कहता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय पाक कबीलाइयों ने कश्मीर पर हमला कर दिया था और इसे बल पूर्वक कब्जियाना चाहा था।

हमारी सेना ने जवाबी कार्यवाही करके इसका बड़ा भाग, जो इस समय हमारे कब्जे में है, मुक्त करा लिया था। शेष भाग भी मुक्त हो जाता, किंतु नेहरू ने युद्ध रोक दिया और प्रकरण संयुक्त राष्ट्र संघ ले गए। इस तरह यह विवादित हो गया। वहां यह तय पाया गया था कि जनमत संग्रह करा लिया जाय और उसके अनुसार इसका प्रभुत्व तय हो। यह निर्णय भारत के गले की हड्डी बना रहा। हालांकि बाद में, कुछ ठोस आधार बताकर भारत इस जनमत संग्रह के फैसले से पीछे हट गया। अलबत्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल के प्रारंभ में अपने कब्जे वाले कश्मीर से संबंधित धारा 370 हटाने व तत्परिणामी परिवर्तन करने से पाक चीन तो बौखलाए ही,पश्चिमी देश भी असंतुष्ट हुए। अब जब भारत में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं और सत्तारूढ़ दल इस 370 को हटाने और विगत में पाक पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक को चुनाव में भुनाने की जुगत कर रहा है, तो पश्चिम इसे मलिन करने के यत्न में है। वह गुलाम कश्मीर में अपनी चहल कदमी बढ़ा रहा है। अब खबरें आई हैं कि ब्रिटेन और अमेरिका के सैन्य अधिकारियों ने इस पाक अधिकृत कश्मीर का दौरा किया।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यह गतिविधियां क्या कह रही हैं? एक ओर भाजपाई प्रचार तंत्र मोदी को वैश्विक नेता कहता रहता है और यह ज़ाहिर करता है कि बड़ी विश्व शक्तियां मोदी के सामने झुक रही हैं; दूसरी तरफ हम यह देख रहे हैं कि विश्व शक्तियां भारत की पोज़ीशन पतली कर रही हैं।

आरएसएस तो अखंड भारत का लक्ष्य बनाए रहा है। अमेरिका,ब्रिटेन तो शक्तिशाली सैन्य संगठन नाटो के सदस्य हैं। चीन तो हमारा चिर और सबल शत्रु है ही। तो आखिर क्या हम नारों और भाषणों के ही वीर बने रहेंगे। यह खुला विदेशी हस्तक्षेप कैसे बढ़ता जा रहा है? हमें सोचना होगा कि भूल कहां हो रही है।

# सबके अपने-अपने इतिहास

सत्ता कुचक्री होती है भेदभाव को स्थायी बनाने के लिए सत्ता इतिहास की ऐसी व्याख्या को प्रोत्साहित करती है,जिसे पढ़कर कच्चा मन एक दूसरी जाति से नफरत करे। लोकजीवन की एकता को खंड-खंड करना उसका अभीष्ट होता है, सत्ता को जनता की एकता से डर लगता है इसके लिए सत्ता जनता को विभक्त करती है, बांटती है। इस कार्य में मदद करने के लिए वह विद्वानों को उपकृत करती है।

वे इतिहासकार, जो सत्ता से ही पुरस्कृत और प्रेरित होते हैं, सत्ता के गीत गाते हैं , उन्हें जनता के इतिहास का क्या करना है? इतिहास मनुष्य के मस्तिष्क को प्रभावित तो करता ही है और इस लिए राजसत्ता हर बार अपने अनुकूल इतिहास लेखन का कार्य कराती है। विवाद पैदा करती है, विवाद को अवसर बना लेती है। सत्ता के सिंहासन को स्थिर करने का प्रयास करती है। जो मन इतिहास ग्रस्त हो चुके हैं, वे इतिहास को जीवन भर ढोते रहने को विवश और बाध्य हैं. संसार के इतिहास में क्रूरता की कहानियां भी हैं, संसार के इतिहास में घृणा की कहानियां भी है, ऐसे इतिहास का उद्देश्य होता है - उन कहानियों से मनुष्य के मन मस्तिष्क को क्रूरता और नफ़रत से भर देना।

भारत के इतिहास में किसी ने बाहर से आए लोगों को खोजा, किसी ने वर्ण को खोजा, किसी ने वर्ग को खोजा, किसी ने युद्ध को खोजा, किसी ने राजा-रानी को खोजा, किसी ने धर्म मजहब को खोजा । राजनैतिक-मतवाद की पुष्टि करने के लिए जिस इतिहास के खेत में जाति और मजहब- वैमनस्य के

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक-चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है।

जहर की खेती की। सचमुच वह इतिहास बहुत निष्ठुर है, दोगला है । इतिहास वर्ग की चीज है। वर्ग स्वार्थ से प्रेरित है। इतिहास के नाम पर अपने अपने हिसाब चुकता किए जा रहे हैं, कोई किसी से दुश्मनी निकाल रहा है, कोई किसी से। सबके अपने अपने इतिहास हैं। इसीलिए हिन्दूमन, मुस्लिममन, ब्राह्मण-मन, शूद्रमन, धार्मिकमन और धर्मनिरपेक्षमन जैसे भेद-विभेद पैदा होते हैं ।,कहानी है - तूने न सही तेरे बाप ने पानी जूठा किया होगा? अब इसी का आधार बना कर उन्होंने इतिहास रच दिया।

देश के भिन्न-भिन्न जन-समूहों और जनपदों को न देखा और न जाना और आप भारत के इतिहास पर फतवे सुना रहे हैं? इतिहास के दस फीसदी तथ्य भी हमारे सामने नहीं है, और आप ने फैसला भी सुना दिया? इतिहास की बातें बड़ी दगाबाज होती हैं, सबके अपने अपने इतिहास हैं। इतिहासकारों ने इतिहास लिखे हैं, अपने-अपने दृष्टिकोण से लिखे हैं, लोक के साथ आज भी कितने हैं ? किस इतिहासकार ने लोकजीवन में पैंठ कर के इतिहास लिखा है । जनता का इतिहास किसने लिखा है? कोई क्यों लिखे? सत्ता का इतिहास लिखने से लाभ होगा.

फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक-चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है। हां , यदि वह समन्वय सिखाता है तो वह अवश्य ही मनुष्य-जीवन को गतिशील बना सकता है । इतिहास को हम इसलिये पढें , इसलिए रचें , इसलिए उसकी व्याख्या करें कि वर्तमान को शक्ति मिल सके । लेकिन उसके लिए सत्ता का नहीं लोकसत्ता का इतिहास लिखना होगा । पहले यह तय करना होगा कि सबके साथ रहना है कि सबको सबसे लड़ना है और सबको सबसे लड़ाना भी है। यदि लड़ना ही है लड़ाइयों का इतिहास बना बनाया है ही। मिल कर रहना है तो जनता का इतिहास लिखना होगा। जनता का इतिहास किसने लिखा है ?

जो है वह सत्ता का इतिहास है। सामान्य-मनुष्य अथवा लोकजीवन को किसने खोजा? इतिहास में दायरे खोजने से दायरे ही मिलने थे। सामान्य मनुष्य की सामान्यता दायरों से बाहर है। धर्म, वर्ग, वर्ण, ऊंच नीच, राजा-रंक ऊपर के छिलके हैं,उपाधियां हैं। उनके भीतर जो मनुष्य है,आप यों कहें-मनुष्य के भीतर का मनुष्य।

कोई इतिहास अंतिम नहीं है, इतिहास की व्याख्या हर युग में होती रही है और होती रहेगी। विचारशील मित्र जानते हैं कि केवल फौज और हथियारों से शासन नहीं हो सकता , उसके लिए सैद्धांतिक आवरण अनिवार्य हैं। इतिहास हो या कोई वाद हो, ये सब उसके आयुध हैं।

## सोशल फोरम

# अनुशासित जापान से वापसी

बहुत ही तेज कदमों से भागते, साफ सुथरे, बिना ज़रूरत के न बोलने वाले अनुशासित जापान से चलकर रात करीब 9 बजे भवाली आ धमका। दिल्ली से बरेली डिब्रूगढ़ राजधानी से आया पर राजधानी जैसी ट्रेन बरेली तक करीब 250 कि मी का सफर 4.30 घंटे में मात्र 35 मिनट देरी से, कमोड की सीट टूटी फूटी, बाथरूम की फर्श में पानी भरा, एसी कूपे का दरवाज़ा ख़राब। लगा अपने असली हिंदुस्तान आ गए। यह तो अच्छा रहा सामने एक पढ़ी लिखी लड़की ने शिकायत दर्ज की, कुछ लोग आए, कुछ जुगाड़ किया । कूलिंग बढ़ाई। राहत मिली। पर बस जुगाड़।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

थोड़ी देर में एक सफ़ाई वाला क़रीब एक बोरा कूड़ा बुहारता हुआ बग़ल से निकला । लगा जहां जापान में मुझे कहीं कूड़ा नहीं दिखा, हम भारतीय दिन में कई बार एक एक डिब्बे मे कूड़ा सीट के आसपास फेंकते रहते है। गंदगी फैलाना हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है। हमने गंगा मां को गंदा और प्रदूषित कर दिया। लगता है नैतिकता, अनुशासन, साफ़ सफ़ाई की देवी अब हमसे नाराज़ हो गई है ।

राजधानी ट्रेन की हालात मैं पिछले 25-30 वर्षों में वहीं की वहीं देख रहा हूँ । खैर यह कहने में बुरा लगेगा पर सत्यता यही दिखती है कि इस रफ़्तार से हम शायद ही कभी जापान की ट्रेनों की रफ़्तार, उनकी सफ़ाई, उनकी समय की पाबंदी की बराबरी की भी सोच सके।

जापान की प्रत्येक व्यक्ति जीडीपी भारत की तुलना में क़रीब सात गुना ज़्यादा है, मतलब पैसे की सप्लाई ज़्यादा तो चीजों के दाम भी ज़्यादा । भारतीय के लिये इस कारण जापान बहुत महंगा देश। दिल्ली स्टेशन के नंबर एक प्लेटफ़ार्म पर एक जलपान गृह में मशीन से बनी 10 रूपये की काफ़ी जापान की क़रीब चार सौ रूपये कि काफ़ी पर भारी लगी , यह सुखद लगा । मैंने पचास रूपये में गरमागरम छोले चावल का भी सुख लिया । मुझे ढाबों का, छोटे रेस्टोरेंट का गरमागरम भारतीय खाना, फ्रिज किये गए पांच सितारा होटल के भोजन से स्वादिष्ट लगता है। भवाली पहुंचकर करीब 8- 9 दिन बाद रोटी मिली , मज़ा आया ।

**-फेसबुक वॉल से**

# मतदान से ही निकलेगा समस्याओं का समाधान

उत्तराखंड में 19 अप्रैल को मतदान होना है। सरकारें हमेशा से पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के धैर्य की परीक्षा लेती रही हैं। पिछले कुछ वर्षों से पहाड़ की तरफ जाते हुए दूर के गांवों तक सड़कों का जाल बिछा तो दिखता है लेकिन पलायन की ऐसी हवा चली है कि लंबे समय से प्रतीक्षा कर हताश हुए लोग इन जगहों को वीरान छोड़कर शहर की ओर चले गए हैं। कई सीमांत जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन के अभाव में लोग पलायन कर गए हैं। जगह-जगह स्कूल और कॉलेज खुल गए हैं मगर पढ़ाने वाले शिक्षक और धूप बारिश से बचाने वाली इमारत नहीं है। आज भी गांव में बीमार या गर्भवती को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए परिवहन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, कई जगह डोली का सहारा लिया जाता है। पौड़ी, चंपावत, अल्मोड़ा समेत कई जिलों से भारी पलायन हुआ है और यह जनसंख्या पहले से ही हांफते, दम घुटते देहरादून,ऋषिकेश, हल्द्वानी जैसे शहरों के आसपास बस कर रह गई क्योंकि लोगों को लगता था कि इन क्षेत्रों में बच्चों को रोजगार के कुछ अवसर तो जरूर मिलेंगे।

जनता की परेशानियों से संबंधित अधिकतर मुद्दे वही हैं जो स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से उठ रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन जैसी समस्याएं आजादी के बाद भी थी और आज भी पूरी तरह हल नहीं हुई हैं। गौर करने वाली बात यह है कि राजनीतिक पार्टियां अपने चुनावी मुद्दे तो

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> 'कोउ नृप होय, हमें का हानि' इस तरह के विचारों से उद्वेलित होकर आम नागरिक शायद खुद ही लोकतंत्र पर प्रहार करता है।

बना लेती हैं लेकिन इन समस्याओं का समाधान किसी भी पार्टी की प्राथमिकता नहीं होती। नैनीताल, उधम सिंह नगर लोकसभा सीट की बात अगर करें तो यह एक महत्वपूर्ण सीट है जहां पर विकास और समाधान के कई अवसर हैं लेकिन बढ़ती आबादी की मार ने समस्याओं को जस का तस बनाकर रख दिया है। नैनीताल के पहाड़ी क्षेत्र से लेकर भावर और तराई का क्षेत्र मानव और वन्य जीव संघर्ष से लंबे समय से प्रभावित रहा है। आबादी से लगे जंगल क्षेत्र में वन्यजीवों का आतंक है।

बढ़ती आबादी ने पेयजल संकट को बढ़ावा दिया है। भवन निर्माण का लगातार विस्तार हो रहा है जिसके कारण पानी के प्राकृतिक स्रोत सूख रहे हैं। विकास के नाम पर खुले रिसॉर्ट और होटलों के पास अपने ट्यूबवेल हैं जिससे सार्वजनिक जल व्यवस्था लड़खड़ा गई है। शहरों में वर्षों पुरानी पाइपलाइन पड़ी हैं, जिनमें सीवर युक्त गंदा पानी आने की खबरें आए दिन समाचारों में पढ़ते रहते हैं। हल्द्वानी में आईएसबीटी का मुद्दा प्रमुख है। सरकारों की तनातनी के बीच यह मामला कई वर्षों से अधर पर लटका है। हाई कोर्ट नैनीताल से शिफ्ट किया जाना भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। करोड़ों रुपयों की लागत से हल्द्वानी के गोलापार क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम बन कर तैयार हुआ लेकिन खेल गतिविधियां वहां पर भी नहीं के बराबर हैं। इस क्षेत्र में एक लॉ विश्वविद्यालय खोले जाने की भी मांग थी जो शिलान्यास होने के बावजूद खटाई में पड़ा हुआ है। जमरानी बांध का मुद्दा तो वर्षों से लटका हुआ है। स्थायी राजधानी के मामले को ही ले लें, किसी भी दल की रुचि इसमें नहीं है इसीलिए आज तक समाधान नहीं हो सका।

यूं भी चुनाव को लोकतंत्र का उत्सव कहा जाता है। लेकिन आज लोगों में उदासीनता देखने को मिल रही है। 'कोउ नृप होय, हमें का हानि' इस तरह के विचारों से उद्वेलित होकर आम नागरिक शायद खुद ही लोकतंत्र पर प्रहार करता है। शायद जनता की उदासीनता ही कारण है कि चुनाव चाहे प्रदेश के हो या लोकसभा चुनाव, उत्तराखंड का चुनाव प्रतिशत 70 के पार कभी नहीं जाता। विभिन्न गीतों, पोस्ट और बैनरों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की गतिविधियां चल रही हैं। मतदान का बहिष्कार न कर वोट को अपना हथियार बनाने की बात भी कही जा रही है लेकिन दशकों से आश्वासन झेलती जनता भी समझती है कि वोट को हथियार के रूप में इस्तेमाल करना बहुत ही मुश्किल है। इसीलिए समय समय पर जनता अपने-अपने मसलों को लेकर एक समूह के रूप में सड़क पर उतर आती है और अपनी समस्याओं के समाधान की बात कहती है। ऐसा न होने पर मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी भी देती है। मगर सच्चाई तो यह है कि कुछ लोगों द्वारा चुनाव का बहिष्कार करने से समस्या का समाधान नहीं निकलने वाला। पहले के समय में राजनीतिक पार्टियां कम थी, जनप्रतिनिधियों में भी एक समर्पण की भावना थी। जनता में अपने नेता की एक झलक पाने की इच्छा दिखाई देती थी। नेताओं द्वारा दिए गए भाषणों में गरिमा और वचनबद्धता होती थी। आज की तरह अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं किया जाता था।

एक समय था जब मतदान को लेकर लोगों में बहुत उत्साह देखा जाता था। बीते तीन-चार दशकों से चुनावी माहौल में भी बहुत अधिक फर्क आया है। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में मतदान का माहौल कुछ ठंडा सा नजर आ रहा है, हालांकि मैदानी क्षेत्र में सरगर्मियां में बढ़ गई हैं। मैदानी क्षेत्रों में महिलाओं में थोड़ा बहुत उदासीनता देखने को मिले लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों को आज भी महिलाओं ने संभाल रखा है और किसी भी प्रत्याशी के भाग्य का निर्णय मुख्यतः वहां की महिलाएं ही करेंगी।

## आपका पत्र

# हर प्रत्याशी जारी करे संकल्प पत्र

जिस तरह हर राजनीतिक दल अपना चुनावी घोषणा पत्र/ संकल्प पत्र जारी करता है, उसी प्रकार हर प्रत्याशी को भी चुनावी घोषणा पत्र/ संकल्प पत्र जारी करना अनिवार्य होना चाहिए कि वह अपनी लोकसभा क्षेत्र में क्या-क्या सुविधाएं अगले पांच सालों में विकसित करेगा। किन किन समस्याओं को हल करेगा।

भारत में कई संसदीय क्षेत्र ऐसे हैं जहां उचित विकास नहीं हुआ सालों से समस्याएं बरकरार है। हर लोकसभा प्रत्याशी को नामांकन पत्र दाखिल करते समय क्षेत्र के विकास का रोडमैप भी देना चाहिए ताकि जनता आश्वस्त हो कि वह जिसे वोट देंगे वह सांसद उनके क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, की समस्या हल करेगा। जिले में औद्योगिक विकास कैसे होगा। लोकसभा क्षेत्र में पुल कहां-कहां बनवाएगा। मेरा यह भी मानना है। यदि कोई भी सांसद जीतने के बाद अपने चुनावी घोषणा पत्र, संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने में सफल नहीं होता है तो उसको अगली बार चुनाव लड़ने से वंचित कर दिया जाना चाहिए। मेरा यह भी मानना है एक व्यक्ति को तीन बार से ज्यादा सांसद पद पर आसीन नही रहना चाहिए ताकि युवाओं को भी मौका मिलता रहेगा।

**-अनुज अग्रवाल,**
सीईओ, बीमा घर

# रालोद के लिए नाक का सवाल बना बिजनौर का रणक्षेत्र

दिग्विजय सिंह

- पिछले चुनाव में इस सीट पर सपा से गठबंधन के चलते बसपा के मलूक नागर बने थे सांसद
- सपा ने इस बार दीपक सैनी को तो बसपा ने रालोद से आए विजेंद्र सिंह को बनाया उम्मीदवार

### दो-दो विधानसभा सीटों पर भाजपा- रालोद काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से दो- दो विधानसभा सीटों पर रालोद-भाजपा |का कब्जा है। एक सीट पर सपा काबिज है। मुजफ्फरनगर जिले की पुरकाजी और मीरापुर सीट पर रालोद और बिजनौर की बिजनौर सीट पर भाजपा और चांदपुर सीट पर सपा और मेरठ जिले की हस्तिनापुर सीट पर भाजपा का कब्जा है।

### रालोद के बागी पर बसपा का दांव

- मेरठ के जलालपुर लावड़ निवासी चौधरी विजेंद्र सिंह इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में उन्होंने बसपा की सदस्यता ग्रहण की थी। वह रालोद से त्यागपत्र देकर बसपा में आए थे। रालोद से बगावत के पीछे टिकट न मिलने को कारण बताया गया था।

### मीरा कुमार यहां से पहुंची थीं संसद

1984 में कांग्रेस के सांसद गिरधारी लाल का निधन हो गया था। तब इस सीट पर उप चुनाव हुआ और पूर्व प्रधानमंत्री जगजीवन राम की बेटी मीरा कुमार ने यहां से जीत दर्ज की थी। मीरा कुमार ने यहां से लोकदल के उम्मीदवार पूर्व केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान को हराया था। मीरा कुमार कांग्रेस की उम्मीदवार थीं। इस चुनाव में मायावती बतौर निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थीं। इसी सीट से उनकी सियासी लांचिंग हुई थी। 2014 में पूर्व सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री जयापद्रा यहां से राष्ट्रीय लोकदल के टिकट पर मैदान में उतरीं थीं पर चौथे स्थान पर रहीं थीं।

फिर किसानों की नाराजगी का कुछ नुकसान उठाना पड़ता है।

**मीरापुर के विधायक हैं चंदन चौहान:** भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मीरापुर से विधायक चंदन चौहान को सांसद बनाने में जुट गए हैं। भाजपा अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को यह संदेश दे रही है कि रालोद के निशान को ही कमल का निशान समझें और ताकि चार सौ पार का सपना साकार हो सके। चंदन ने भी यह कोशिश की है कि उनके किसी कदम से भाजपा के कार्यकर्ता नाराज न हों। चंदन के दादा चौधरी नारायण सिंह 1977 में उप मुख्यमंत्री रह चुके हैं। साथ ही उनके पिता संजय चौहान भी विधायक रह चुके हैं।

**हर दल को मतदाताओं ने अपनाया:** यहां के मतदाताओं ने हर दल को गले लगाया। चाहे वह कांग्रेस हो या जनता पार्टी, बसपा, सपा, कांग्रेस, भाजपा और रालोद। जनता पार्टी सेक्युलर को भी यहां जीत मिल चुकी है।

पहली बार 1991 में यहां भाजपा जीती थी। 1996 के चुनाव में भी कमल खिला था पर 1998 में सपा की ओमवती ने भाजपा से यह सीट छीन ली थी लेकिन जब 1999 में लोकसभा का चुनाव हुआ तो यह सीट पुनः भाजपा के खाते में आ गई। लेकिन 2004- 2009 के चुनाव में यहां के मतदाताओं ने रालोद पर भरोसा जताया।

2014 में मोदी लहर में भाजपा यहां जीती जरूर लेकिन 2019 में सपा- बसपा गठबंधन में बसपा के मलूक नागर ने भाजपा को यहां हरा दिया।

चौधरी विजेंद्र सिंह। दीपक सैनी। चंदन चौहान।




**2019 का वोट प्रतिशत**

| | | |
|---|---|---|
| बसपा | मलूक नागर | 51.21 |
| भाजपा | कुंवर भारतेंद्र | 44 .67 |
| कांग्रेस | नसीमुद्दीन | 2 .36 |

बसपा भाजपा कांग्रेस

**26%** मुस्लिम मतदाता

**22 %** दलित मतदाता

**18 %** जाट मतदाता

**06%** गुर्जर मतदाता

**28 %** अन्य वोटर

**17,33,372** बिजनौर सीट पर कुल मतदाता

### सपा को बदलना पड़ा उम्मीदवार

- बिजनौर सीट पर जीत दर्ज करने के लिए सपा ने पहले पूर्व सांसद यशवीर सिंह धोबी को मैदान में उतारा था। यशवीर सिंह 2009 में नगीना सीट से सांसद चुने गए थे। वह नगीना से ही टिकट चाह रहे थे लेकिन बदली परिस्थितियों में पार्टी ने उन्हें बिजनौर के रण में उतारना जरूरी समझा। हालांकि इससे यशवीर सिंह खुद ही असहज महसूस कर रहे थे। पार्टी ने उनके भाव को समझा और टिकट बदलते हुए नूरपुर से विधायक राम अवतार सैनी के बेटे दीपक सैनी को मैदान में उतार दिया। अब दीपक ने इस समर को जीतने के लिए रात दिन एक कर दिया है। युवाओं की टोली के साथ वे लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और किसानों को यह याद दिलाने की कोशिश कर रहे हैं कि केंद्र और राज्य सरकार ने उनके आंदोलन को किस तरह कुचला। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर ही किसानों को न्याय मिलेगा। बसपा उम्मीदवार विजेंद्र चौधरी जल्द ही यहां पार्टी प्रमुख मायावती और आकाश आनंद की रैली कराने की तैयारी कर रहे हैं ताकि इस रणक्षेत्र में वे जीत दर्ज कर सकें। रालोद और भाजपा की रणनीति पर भी उनकी गहरी नजर है। इसके लिए वे लगातार रालोद कार्यकर्ताओं के संपर्क में भी हैं।

# कमलनाथ के गढ़ में क्या इस बार खिलेगा कमल

मनोज त्रिपाठी




**16** लाख 40 हजार के आसपास मतदाता हैं यहां

**08** लाख 30 हजार पुरुष मतदाता चुनेंगे सांसद

मध्यप्रदेश में पहले चरण के चुनाव में 19 अप्रैल को हाई प्रोफाइल सीट छिंदवाड़ा के साथ सीधी, शहडोल, मंडला, जबलपुर, बालाघाट लोकसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इन आधा दर्जन सीटों में सबसे ज्यादा रोचक मुकाबला छिंदवाड़ा में कांग्रेस के मौजूदा सांसद नकुल नाथ और भाजपा के विवेक बंटी साहू के बीच होगा। इस सीट पर देश भर की निगाह लगी है। छिंदवाड़ा में लगातार कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं की लाइन लगी है। दो दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के काफी खास रहे पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। भाजपा ने इस बार छिंदवाड़ा सीट को प्रतिष्ठा से जोड़ लिया था और राज्य की सभी 29 सीटों पर क्लीन स्वीप की बात कही है। 2019 में भाजपा ने 28 सीटें जीती थीं, सिर्फ छिंदवाड़ा में कांग्रेस और कमलनाथ का किला नहीं ढहा पाई थी। भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज पाटिल द्वारा यहां बिछाई गई बिसात पर वर्तमान सीएम मोहन यादव और वरिष्ठ भाजपा नेता कांग्रेस को मात देने में जुटे हैं।

छिंदवाड़ा सीट पर बीते चार दशक से कमलनाथ परिवार का कब्जा है। छिंदवाड़ा में भले ही कांग्रेस से नकुल नाथ लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं पर प्रतिष्ठा उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ की दांव पर लगी है। वर्ष 1971 से 2019 के बीच हुए 14 लोकसभा चुनावों में 13 बार यहां से कांग्रेस जीती है। 1980 से लेकर 2019 तक तो केवल कमलनाथ परिवार का ही दबदबा रहा है। इस सीट पर केवल वर्ष 1993 का उपचुनाव छोड़कर कमलनाथ हमेशा लोकसभा का चुनाव जीतते रहे हैं। 1993 के उपचुनाव में सुंदरलाल पटवा ने उनको पराजित किया था। इस बार कांग्रेस की इस परंपरागत सीट पर जीत हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के अलावा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद सिंह पटेल लगातार दौरे कर रहे हैं। इनके मुकाबले कमल नाथ ने अकेले मोर्चा संभाल रखा है। वह लगातार घूम-घूमकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं। अपनी सभाओं में यह कहते नहीं थकते हैं कि 'जब मैं छिंदवाड़ा आया था, तब लोगों को इसका नाम पता नहीं था। यह देश का सबसे पिछड़ा इलाका होता था।

- मध्य प्रदेश की हाई प्रोफाइल छिंदवाड़ा लोकसभा सीट जीतने के लिए भाजपा ने इस बार पूरी ताकत झोंकी
- बीते कुछ समय से यहां बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल, 19 अप्रैल को मतदान
- चार दशक से यहां कमलनाथ परिवार का कब्जा, पिछली बार बेटे नकुलनाथ को जीतने में छूट गया था पसीना

### कमलनाथ के सामने दो बार कड़ी चुनौती पेश कर चुके हैं बंटी साहू

- भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू छिंदवाड़ा के युवा व्यवसायी हैं। वह पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन इससे पहले छिंदवाड़ा से दो बार विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। दोनों ही बार उन्हें हार भले मिली हो, पर उन्होंने कमलनाथ के सामने कड़ी चुनौती पेश की थी। 2019 के विधानसभा उपचुनाव में बंटी साहू को कमलनाथ से सिर्फ 35 हजार वोटों से हार मिली थी। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में कमलनाथ 34 हजार मतों से ही पराजित कर पाए थे।

**08** लाख 10 हजार महिला मतदाता

**53** हजार से ज्यादा फर्स्ट टाइम वोटर

### लोकसभा क्षेत्र की सभी सीटों पर कांग्रेस काबिज

- छिंदवाड़ा जिले में पिछले साल- 2023 के अंत में हुए विधान सभा चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली थी, लेकिन पार्टी छिंदवाड़ा में एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। यहां की सभी सातों विधान सभा सीटें कांग्रेस के खाते में गई थीं। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी यहां की सभी सीटों पर कांग्रेस ने ही जीत दर्ज की थी। पिछले विधानसभा चुनाव में छिंदवाड़ा विधान सभा सीट से कमलनाथ जीते थे। लेकिन माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में कमलनाथ या कांग्रेस के लिए छिंदवाड़ा में मुकाबला आसान नहीं रहने वाला है। इसकी बड़ी वजह लोग यह भी बताते हैं कि नकुलनाथ 2019 में सांसद जरूर चुने गए थे। लेकिन उनकी जीत का आंकड़ा 37 हजार 536 मतों का ही था। नकुलनाथ को 5,87,305, जबकि भाजपा प्रत्याशी नथनशाह कवरेती को 5,49,769 मत मिले थे।

### प्राकृतिक सुंदरता से संपन्न अब 'कॉर्न सिटी' की नई पहचान

- मध्य प्रदेश राज्य बनने के साथ ही छिंदवाड़ा जिला भी वर्ष 1956 में अस्तित्व में आया था। क्षेत्रफल की दृष्टि से छिंदवाड़ा पूरे मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है। घने जंगल, पहाड़, नदियां, प्राचीन किले, कोयले की खदान, संतरों के बाग और हरियाली अगर इसे प्राकृतिक रूप से खूबसूरत बनाती है, तो बीते कुछ वर्षों से मक्का की बढ़िया फसल के कारण छिंदवाड़ा को 'कॉर्न सिटी' के नाम से भी जाना जाता है।

**तेवर दिखाए**

नई दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने शराब घोटाले के आरोपी तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कनाट प्लेस में अनोखे अंदाज में प्रदर्शन करके इस्तीफा मांगा।

# शिरडी सीट पर इस बार शिवसेना बनाम शिवसेना की लड़ाई

शिरडी

**अमृत विचार।** महाराष्ट्र की शिरडी लोकसभा सीट में इस बार शिवसेना बनाम शिवसेना की लड़ाई है। इससे चुनाव दिलचस्प हो गया है। शिरडी लोकसभा क्षेत्र अहमदनगर जिले में आता है। इस संसदीय क्षेत्र में कुल 6 विधानसभा क्षेत्र अकोले, संगमनेर, शिरडी, कोपरगांव, श्रीरामपुर, नेवासा शामिल हैं। यहां पहला संसदीय चुनाव साल 2009 में हुआ। इस सीट पर शिवसेना का दबदबा है।

वर्तमान में यहां से शिवसेना के सदाशिव लोखंडे सांसद हैं। शिवसेना में बगावत के बाद सदाशिव लोखंडे ने शिंदे गुट के साथ जाने का फैसला किया। शिवसेना में फूट के बाद उन्होंने एकनाथ शिंदे को समर्थन देने का फैसला किया था। इसलिए उन्हें दोबारा टिकट दिया गया है। वह पिछले दो बार से लगातार शिव सेना के टिकट पर शिरडी लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए हैं। इससे पहले 2009 के लोकसभा चुनाव में भाऊसाहेब वाकचौरे ने इस सीट से जीत हासिल की थी।

उन्होंने शिवसेना के टिकट पर चुनाव भी लड़ा था। अब शिवसेना में फूट के बाद यहां चुनाव रोचक हो गया है। शिरडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की स्थापना 2008 में हुई थी। भाऊसाहेब वाकचौरे ने निर्वाचन क्षेत्र की स्थापना के बाद पहला चुनाव 2009 में जीता और सदाशिव लोखंडे ने 2014 और 2019 में लगातार जीत हासिल की है। इससे पहले 2004 तक इस निर्वाचन क्षेत्र (कोपरगांव) पर मुख्य रूप से बालासाहेब विखे पटल का दबदबा था। बालासाहेब विखे पाटिल ने लोकसभा में इस निर्वाचन क्षेत्र का 7 बार प्रतिनिधित्व किया। इनमें से 6 बार वह कांग्रेस से और एक बार शिवसेना से लोकसभा चुनाव जीते। इस सीट पर भाजपा को सिर्फ एक बार जीत मिली है। 1996 के चुनाव में भाजपा के भीमराव बडाडे चुने गए।

### विस में महायुति और महाविकास अघाड़ी के पास 3-3 सीटें

इस लोकसभा क्षेत्र की विधान सभा में महायुति के पास तीन सीटें और महाविकास अघाड़ी के पास तीन सीटें हैं। इनमें कांग्रेस के 2 विधायक, एनसीपी अजित पवार गुट के 2 विधायक, बीजेपी का एक विधायक और ठाकरे समर्थक शंकरराव गडाख नेवासी विधायक हैं।

**पश्चिम बंगाल में गरजे मोदी** | जलपाईगुड़ी में में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीएमसी पर जमकर निशाना साधा और चार सौ पार का नारा दिया

# पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की कसम खाई

**जलपाईगुड़ी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में चार जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की कसम खाई और भरोसा दिया कि गरीबों से लूटा गया पैसा उनके पास वापस जायेगा। मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचारियों ने जो पैसे गरीबों से लूटे हैं तथा जो भी संपत्ति और पैसा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त किये हैं, वे गरीबों को लौटाये जाएंगे। गरीबों से लूटा गया पैसा उनके पास वापस आ जाएगा। जो भी संपत्ति और पैसा ईडी ने भ्रष्टाचारियों से जब्त किया है वह सब गरीबों के पास जाएगा। यह 'मोदी की गारंटी' है। एक तरफ मोदी गारंटी देते हैं वहीं इंडिया समूह गालियां देता है। उन्होंने कहा कि वह वर्ष 2047 तक भारत को वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने के लिए रात-दिन कर रहे हैं। विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए, मेरे जीवन का हर पल देश को समर्पित है। जलपाईगुड़ी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जयंत कुमार रॉय के समर्थन में विजय संकल्प चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा," हम भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस, वाम दल और कांग्रेस कथित तौर पर 'भ्रष्टाचारियों को बचाने' का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानंमत्री ने दोहराया, भ्रष्टाचार और विभाजनकारी ताकतों के साथ खेलने के लिए तीनों एक-दूसरे का समर्थन कर रहे हैं। यह चुनाव 2024 केंद्र में एक मजबूत और स्थिर सरकार के बारे में है। चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी आएगी। उन्होंने उत्तर 24 परगना में संदेशखाली प्रकरण का भी जिक्र किया जहां तृणमूल नेता कथित तौर पर महिलाओं पर अत्याचार करने में शामिल थे और कहा कि अपराधियों को दंडित किया जाएगा और वे अपना शेष जीवन जेल में बिताएंगे।

जबलपुर में रोड शो के दौरान जनता का शीश झुकाकर अभिवादन करते पीएम मोदी।

## कांग्रेस की हर सरकार में हुआ घोटाला ही घोटाला : राजनाथ

**झुंझुनूं।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार जब भी रही, कोई न कोई घोटाला जरूर हुआ है। भ्रष्टाचार के कारण ही कांग्रेस के मंत्रियों को भी जेल की हवा खानी पड़ी। भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी दाग नहीं है। राजनाथ सिंह ने रविवार को झुंझुनूं जिले के पिलानी में भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान शौर्य और पराक्रम की धरती है। राणा की शक्ति, मीरा की भक्ति, भामाशाह की संपत्ति ही राजस्थान की धरती है। राजस्थान सहित पूरे देश में एक चुनाव होना चाहिए। अलग-अलग चुनाव से समय और पैसे की बर्बादी होती है। हमारी सरकार वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन करती है। पहले देश में कहीं ना कहीं आतंकी घटना होती रहती थी। जम्मू-कश्मीर में हमेशा आतंकी घटना होती रहती थी। लेकिन अब किसी मां के लाल में दम नहीं जो हमारी तरफ आंख उठा कर देख सके। जब जरूरत पड़ी तो सीमा के इस पार और सीमा के उस पार भी मारेंगे। 2014 से पहले प्रतिवर्ष 600 करोड़ रुपये से अधिक की आयुध सामग्री बाहर से मंगवाई जाती थी। वर्तमान में हम 21 हजार करोड़ रुपये की स्वदेश निर्मित रक्षा सामग्री दूसरे देशों को बेच रहे हैं।

**सड़क पर सीएम**

बेंगलुरू में नार्थईस्ट सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राजीव गौड़ा के समर्थन में सड़क पर चुनाव प्रचार करने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया निकले तो जनता ने हाथ हिलाकर जीत का भरोसा जताया।

# राजग की भितरघात मिशन-80 की राह में चुनौती

## पश्चिम से पूरब तक कहीं रालोद तो कहीं सुभासपा से भाजपाइयों की खटपट की सूचना

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** पश्चिमी उप्र. से लेकर पूरब तक लोकसभा सीटों पर राजग में भितरघात और अपसी मनमुटाव से पार पाना मिशन-80 के लिए बड़ी चुनौती बन रही है। जाटलैंड में रालोद और भाजपा प्रत्याशियों के समर्थकों में गुटबाजी और अंतर्कलह हावी दिख रही है तो, पूरब में घोसी विधानसभा के उपचुनाव जैसी कहानी सुभासपा प्रत्याशी के सामने है। हालांकि बड़े नेता इस आपसी मनमुटाव को अपने तरीके से दूर करने में जुटे हैं। इन सबके बीच राजग के सहयोगी दलों की मुस्लिम लीडरशिप खुलकर इंडी गठबंधन की मददगार बनती दिख रही है।

जाटलैंड में हो रहे पहले चरण के लोकसभा चुनाव में रालोद प्रमुख चौधरी जयंत सिंह की सक्रियता उतनी नहीं देखी जा रही है, जितनी भाजपा नेताओं की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सहारनपुर में चुनावी रैली के जरिए इंडी गठबंधन को जमकर घेरा, लेकिन मंच पर जयंत चौधरी नदारद थे। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मोदी के साथ सहारनपुर के बाद अपनी रैली बिजनौर और नगीना में की, इन इलाकों में जाटमतों का खासा प्रभाव है, लेकिन रालोद नेता दूर ही रहे। हालांकि तीन दिन पहले मुजफ्फरनगर में गृहमंत्री अमित शाह के साथ जयंत ने मंच साझा किया था।

**कैराना: सहयोगी से ही भितरघात का डर-** कैराना लोकसभा सीट पर भाजपा एक कद्दावर नेता समेत कई दावेदार थे, मगर उन्हें टिकट नहीं दिया गया। ऐसे में नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने के लिए भाजपा ने दो मंत्रियों लक्ष्मीनारायण व नरेंद्र कश्यप समेत पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप को मैदान में उतारा है। रालोद का असर यहां भी है, 2014 में रालोद-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना को 42706 मत मिले थे। इस चुनाव में भाजपा के हुकुम सिंह ने 565909 मत पाकर जीत दर्ज की थी। 2019 में गठबंधन प्रत्याशी के रूप में तबस्सुम हसन को मैदान में उतारा गया था। लेकिन भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी ने जीत दर्ज की थी। इसबार वे मजबूत प्रत्याशी है, सहयोगी दल से भितरघात का डर सता रहा है।

**बिजनौर व नगीना सीट: गठबंधन संग चलना चुनौती-** बिजनौर रालोद के हिस्से में जाने से भाजपा के दावेदार मायूस हैं। ऐसे में रालोद को भाजपा नेताओं को साथ लेकर चलना चुनौती हो गई है। नगीना सुरक्षित सीट भाजपा के हिस्से में है, वहां ज्यादा गुटबाजी नहीं दिख रही है। हालांकि राजग का जीत के लिए एकजुट प्रयास हो, इसके लिए आपस में ही मान-मनौव्वल हो रहा है।

**घोसी: माफीनामा से भाजपा का वोट साध रही सुभासपा-** मऊ जिले की घोसी संसदीय सीट बसपा के कब्जे से लेने के लिए राजग ने अपने सहयोगी सुभासपा को कमान सौंपी है। यहां पार्टी के मुखिया ओमप्रकाश राजभर ने अपने पुत्र अरविंद राजभर को छड़ी निशान से मैदान में उतारा है। हाल में यहां विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की पिछली सरकार वन मंत्री रहे दारा सिंह चौहान की सपा से वापसी के बाद भाजपा प्रत्याशी बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने ही सपा के सुधाकर सिंह के हाथों हराने में भिरतघात किया। ऐसा दोबारा न हो, इससे बचने के लिए हाल ही में भाजपा कार्यकर्ताओं के सामने सिर झुकवाकर नीचे बैठाकर अरविंद राजभर से उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने माफी मंगवाई।

### राजनीति

- **रालोद व सुभासपा के मुस्लिम नेता खुलेआम अपने समर्थकों को दे रहे बगावत और भितरघात का संदेश**
- **घोसी में अंतर्कलह से हार चुकी है भाजपा, इस बार सुभासपा प्रत्याशी से माफी मंगवाकर सहेज रही वोट**

### मुजफ्फरनगर: राहत जरुर, मगर भितरघात हावी

पश्चिमी उप्र का मिजाज बताने वाले मुजफ्फरनगर जिले में 2022 के विधानसभा चुनाव में चरथावल, बुढ़ाना, खतौली और सरधना सीट भाजपा हार गई थी। इसबार रालोद के साथ गठबंधन से भाजपा प्रत्याशी राहत में हैं, मगर भितरघात हावी दिख रहा है। पूर्व विधायक संगीत सोम और भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान के बीच वजूद की लड़ाई से नुकसान हो रहा है। मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप से मामला जरुर संभला है। 2019 में भाजपा से दूसरी बार भी संजीव बालियान सांसद चुने गए थे। सपा, रालोद के गठबंधन के प्रत्याशी अजित सिंह को हार का सामना करना पड़ा। रालोद 2014 में असरदार नहीं थी, रालोद-कांग्रेस गठबंधन से कांग्रेस के पंकज अग्रवाल को मात्र 12937 वोट मिले थे। वह चौथे स्थान पर थे।

### सहारनपुर: राजपूत समाज की नाराजगी

यहां भाजपा के प्रति राजपूत समाज में नाराजगी है। राजपूत समाज के लोगों का कहना है कि उन्हें भाजपा प्रत्याशी से दिक्कत नहीं है, लेकिन संगठन में अनदेखी के चलते रोष है। इसको लेकर राजपूत समाज ने सात अप्रैल को नानौता में कार्यक्रम रखा है। भाजपा से राघव लखनपाल शर्मा को मैदान में उतारा है। 2014 के चुनाव में रालोद-कांग्रेस से इमरान मसूद को हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल ने जीत दर्ज की थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा, बसपा और रालोद गठबंधन से हाजी फजलुर्रहमान ने 514139 मत पाकर जीत दर्ज की थी।

### बागपत: आपसी खींचतान से रालोद परेशान

दो बार से भाजपा के कब्जे में रही इस सीट पर रालोद प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान मैदान में हैं। इससे स्थानीय भाजपा नेताओं की नाराजगी देखी जा रही है। रालोद को भाजपा से भितरघात का डर तो सता ही रहा है, उसके कई अपने कद्दावर नेता भी टिकट न मिलने से नाराज हैं। 2014 में भाजपा से डॉ. सत्यपाल सिंह, कांग्रेस-रालोद से अजित सिंह मैदान में उतरे थे। डॉ. सत्यपाल सिंह 423475 वोट लेकर जीत गए थे। अजित सिंह 199516 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहे थे। 2019 में भाजपा से डॉ. सत्यपाल सिंह और सपा-बसपा-रालोद से जयंत सिंह चुनाव लड़े थे। डॉ. सत्यपाल सिंह 525789 वोट लेकर जीत गए और जयंत सिंह 502287 वोट लेकर दूसरे स्थान पर रहे थे।

# चुनाव प्रचार में साइकिल व बैलगाड़ी ही थी शान की सवारी

रमेश पाण्डेय, करनैलगंज गोंडा

**अमृत विचार:** नगर के लगभग 82 वर्षीय बुजुर्ग कृष्ण गोपाल वैश्य बताते हैं कि 1966 व 72 के दौर में पार्टियां ऐसे लोगों को प्रत्याशी बनाती थीं, जो शिक्षित, सामाजिक और जन सरोकार से ताल्लुक रखता था। तब प्रचार-प्रसार पैदल साइकिल एवं बैलगाड़ी से होता था। आवागमन का रास्ता नहीं होने के कारण प्रत्याशी गांव के चौपाल में बैठकर मुखिया और गांव के सम्मानित लोगों को बुलाकर बात कर लिया करते थे। उस समय के कार्यकर्ता घर से सत्तू, चूड़ा, मूली, नमक एवं गुड़ को पोटली में बांधकर प्रचार के दौरान अपने साथ रखते थे। उस समय बैनर, पोस्टर, होर्डिंग, कट आउट का प्रचलन नहीं के बराबर था। चुनाव के दौर में तामझाम बिल्कुल ही नहीं था। कृष्ण गोपाल वैश्य कहते हैं कि 1966 से लेकर अब तक सभी लोकसभा व विधानसभा के चुनावों में अपना मतदान सभी कामकाज छोड़कर दिया। लेकिन अब उम्र का तकाजा व अस्वस्थ होने के चलते दिक्कत आ रही है। उस वक्त के लोकसभा चुनाव में यही कोई कुल एक लाख रुपए से भी कम खर्च होते थे। वर्तमान समय के चुनावी क्रम पर नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि उस वक्त व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप नहीं चलता था। नेता और प्रत्याशी से लेकर कार्यकर्ता काफी शालीन स्वभाव के थे। पार्टी की नीति को लेकर नेता एवं कार्यकर्ता आम जनता के बीच में जाते थे।

कृष्ण गोपाल वैश्य

आज राजनीति में गिरावट क्षोभ का विषय है। शब्द बाण मर्यादित और शालीन रहती थी। लेकिन अब भाषा मर्यादा वाला नहीं रह गया। पहले के नेता निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा करते थे। लेकिन वर्तमान में सभी नेता स्वार्थी हो गए हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हुए बताया कि पहले यहां से दिवाकर दत्त तिवारी जो मूल रूप से किसान थे और परवल की खेती करते थे। इसलिए वे परवल तिवारी के नाम से प्रसिद्ध भी थे। जनसंघ पार्टी से चुनाव लड़े थे। यह आपातकाल के समय के आसपास की बात है। तब नगर के हंसराज जैन, पंडित बंशीधर, केशव प्रसाद व गणेश प्रसाद तिवारी आदि मिलकर साईकिल से रामकुशल सिंह व राम नरेश सिंह के यहां जाकर चुनावी रणनीति बनाया करते थे। चुनाव से लेकर मतगणना तक सभी कार्यकर्ता समर्पित भाव से लगे रहते थे।

# बाहुबल और बॉलीवुड के आकर्षण से दूर होता चुनाव

## कभी जनसभाओं में भीड़ जुटाने को बुलाए जाते थे फिल्मी सितारे | अब गिनती के सिने सितारे प्रत्याशी तो हैं, लेकिन प्रचारकों की सूची में नहीं

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश का लोकसभा चुनाव इस बार बाहुबलियों और बॉलीवुड की हस्तियों दोनों की ही चमक-धमक से दूर है। बीते चुनावों में राजनीतिक दलों ने इन दोनों के जन-आकर्षण को जमकर भुनाया। मुख्तार हों, अतीक हों या उन जैसे अपराध के दलदल से उबरकर राजनीति के पटल पर आकर धमक दिखाने वाले अन्य। फिलहाल इनके राजनीतिक दबदबे की सुगबुगाहट तक नहीं। वहीं, फिल्मी हस्तियों के चेहरे भी पहले की तरह न प्रचार में नजर आने वाले और न ही चुनावी लड़ाई लड़ने में। ऐसे चेहरे भी हैं तो, उंगलियों में गिनती के।

केवल फिल्मी सितारों की ही बात की जाए तो राजनीति से फिल्म जगत के सितारों का नाता पुराना रहा है। दरअसल, ऐसे सितारों का प्रयोग राजनीतिज्ञ चुनावी जनसभाओं में भीड़ जुटाने के लिए आते रहे हैं। इस बार मामला उल्टा है। सिनेमाई सितारे कम और लंबा राजनीतिक कॅरियर रखने वाले ज्यादा हैं। राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों की सूची देखें तो पाते हैं उत्तर प्रदेश में भाजपा की ओर से सिने तारिका हेमा मालिनी जबकि सपा की ओर से जया भादुड़ी ही चुनावी जनसभाओं में अपनी-अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के साथ खड़ी दिखेंगी। इन दोनों का राजनीतिक कॅरियर लगभग दो दशक से भी ज्यादा का है, इसीलिए संभवतः स्टार प्रचारकों की सूची में भी शामिल हुईं।

राजनीतिक दलों में सत्तासीन दल भाजपा पर मंथन करें तो पहले चरण के चुनाव में वोटर्स को आकर्षित करने के लिए रविकिशन, मनोज तिवारी, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' जैसे भोजपुरी सितारों को आगे नहीं किया है। वैसे तो उप्र. की मेरठ सीट से रामायण सीरियल के 'राम' अरुण गोविल और हिमाचल की मंडी सीट से सिने तारिका कंगना रनौत को अपना उम्मीदवार बनाया।लेकिन पार्टी के अन्य उम्मीदवारों के लिए प्रचार अभियान वाली सूची में नाम दर्ज नहीं किया है।

वहीं, मुख्य विपक्षी दल सपा की स्थिति देखें यहां पार्टी का कर्ताधर्ता यादव कुनबा ही स्टार प्रचारक है। उप्र. के सबसे बडेस इस राजनीतिक यादव कुनबे से चार सदस्यों अखिलेश यादव, शिवपाल यादव, डिम्पल यादव और प्रो. रामगोपाल यादव सभी आने वाले दिनों में सभी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते दिखेंगे। सपा के साथी दल कांग्रेस की भी स्टार प्रचारकों की सूची में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत अन्य शामिल हैं।

बीते चुनावों के पन्ने पलटें तो एक समय ऐसा भी था जबकि, सपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव अमर सिंह ने राजनीति को फिल्मी सितारों से हराभरा कर दिया था। जयाप्रदा को सांसद बनवाया। उस वक्त प्रचार में अमिताभ बच्चन और संजय दत्त जैसी बॉलीवुड हस्तियों को पार्टी उम्मीदवारों के प्रचार में उतरवा दिया। यानि एक दौर था जब चुनावी प्रचार में अमिताभ बच्चन से लेकर नये कलाकारों में सोनाक्षी सिन्हा तक नजर आयीं। फिलहाल इस बार ऐसा कुछ नहीं।

उस वक्त बॉडीवुड से चुनाव में किस्मत आजमाने वाले राजबब्बर, जयाप्रदा, हेमा मालिनी के लिए गोविंदा, चंकी पांडेय, नगमा, अमीषा पटेल, शमिता शेट्टी, विवेक ओबेरॉय, शिल्पा शेट्टी जैसे तमाम सिने कलाकारों ने उत्तर प्रदेश चुनावी वातावरण को चकाचौंध किया था।

### जीत कर भी राजनीति की मंशा पूरी न कर सके

तमाम फिल्मी सितारों ने भले ही चुनाव जीता हो लेकिन वे राजनीति की जमीन पर उतर कर जनआकांक्षाओं पर सफल नहीं रहे। इस बार भी 18 वीं लोकसभा के लिए होने जा रहे चुनावों में अरुण गोविल और कंगना राणावत के प्रवेश और गोविंदा की वापसी चर्चा में है। सच पूछा जाए तो इनमें ऐसे बहुत कम होते हैं, जो समाज या लोगों के लिए कुछ करने का आत्मिक लक्ष्य लेकर राजनीति में आते हैं। ऐसे उदाहरण बहुत कम हैं जब इन सितारों से संबधित क्षेत्र की जनता को उनके कार्य से संतुष्ट हुई हो। ऐसे में अधिकतर सितारों ने सांसदी तो पाई लेकिन अपनी प्रतिष्ठा गंवा दी। अमिताभ बच्चन और धर्मेन्द्र इसका बड़ा उदाहरण रहे। दोनों का ही राजनीति से मोहभंग ही हो गया।

### नवाबों के शहर से भी सफल नहीं हुए सितारे

नवाबों के शहर लखनऊ से भी तमाम फिल्मी सितारों ने राजनीति की दुनिया में कदम रखने का प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं हुए। सबसे पहले 1996 के चुनाव में समाजवादी पार्टी ने राजबब्बर को चुनाव में उतारा था। लेकिन, उस वक्त भाजपा के प्रत्याशी अटल बिहारी वाजपेयी के आगे वे टिक नहीं सके। वर्ष 1998 के लोकसभा चुनाव में सपा ने फिल्मकार मुजफ्फर अली को मैदान में उतारा, लेकिन उन्हें भी अटल बिहारी के सामने हार का सामना करना पड़ा।

2009 में सपा ने भाजपा नेता लालजी टंडन के खिलाफ अभिनेत्री नफीसा अली को उतारा, लेकिन वह चौथे नंबर पर रहीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सामने सिने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन लखनऊ की जनता ने उन्हें भी नहीं स्वीकारा।



अमिताभ बच्चन

अमीषा पटेल



राज बब्बर

# आईना : सीतापुर लोकसभा सीट

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| राजेश वर्मा, विजेता | 5,14,528 |
| नकुल दुबे, उपविजेता | 4,13,695 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | राजेश वर्मा | 4,17,546 |
| बसपा | कैसर जहां | 3,66,519 |
| सपा | भरत त्रिपाठी | 1,56,170 |

सीतापुर के क्षेत्र

### निर्वाचित सांसदों की सूची

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952, 1957 | उमा नेहरू, परागी लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | सूरज लाल वर्मा | जनसंघ |
| 1967 | शारदा नन्द | जनसंघ |
| 1971 | जगदीश चंद्र दीक्षित | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | हर गोविंद वर्मा | जनता पार्टी |
| 1980,84 व 89 | राजेंद्र कुमारी बाजपेयी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1991 | जनार्दन प्रसाद मिश्र | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | मुख्तार अनीस | समाजवादी पार्टी |
| 1998 | जनार्दन प्रसाद मिश्र | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999, 2004 | राजेश वर्मा | बहुजन समाज पार्टी |
| 2009 | कैसर जहाँ | बहुजन समाज पार्टी |

**2019** 8,873 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया

**2014** 12,682 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया

### 2009 चुनाव के आंकड़े




# आधी हिस्सेदारी का दावा फिर भी नहीं मिल रही उम्मीदवार

## महिला प्रत्याशी उतारने में अब तक सपा आगे, भाजपा पीछे व कांग्रेस व बसपा में मात्र एक- एक प्रत्याशी

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार:** इस लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की मुख्य राजनीतिक पार्टी कांग्रेस और बसपा को महिला उम्मीदवार मिल नहीं रहे या फिर उन्हें राजनीति में सक्रिय किसी महिला में योग्यता नजर नहीं आ रही? हालांकि प्रदेश में सपा से गठबंधन कर लड़ रही कांग्रेस ने हिस्से की 17 सीटों में से, अब तक घोषित 14 उम्मीदवारों में मात्र एक महिला को (गाजियाबाद सीट) मौका दिया है। वहीं बसपा ने भी घोषित तीन दर्जन उम्मीदवारों में एक मात्र लालगंज की सुरक्षित लोकसभा सीट पर इंदु चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा खुद को चुनाव से अलग कर लेने के बाद प्रियंका गांधी के भी चुनाव लड़ने पर संशय बना है, अगर प्रियंका ने रायबरेली से नामांकन नहीं किया तो गाजियाबाद सीट से कांग्रेस की एकमात्र महिला प्रत्याशी डॉली शर्मा के साथ चुनाव में होगी। कांग्रेस के पास सीटें भले कम हों लेकिन पार्टी के घोषणापत्र में अगर तमाम सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण का दावा है तो इसकी तस्वीर भी घोषित उम्मीदवारों में दिखनी चाहिए।

उप्र. के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन और सपा-कांग्रेस गठबंधन आमने-सामने है। भाजपा ने अब तक आधा दर्जन महिला प्रत्याशी समेत 62 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिये हैं। दूसरी तरफ सपा ने अपने हिस्से में आई 62 सीटों में से आठ सीट पर महिला प्रत्याशियों को उतारा है। यह संख्या यहां अन्य किसी भी दल से ज्यादा है। सपा की घोषित महिला उम्मीदवारों पर नजर डालें तो मेरठ की सीट पर दो बार प्रत्याशी बदलने के बाद सुनीता वर्मा को, मैनपुरी में अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को और मुरादाबाद सीट पर एसटी हसन के स्थान पर रूचि वीरा को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा सपा ने गोरखपुर से काजल निषाद, गोंडा से श्रेया वर्मा, उन्नाव से अन्नू टंडन, हरदोई से उषा वर्मा और कैराना से इकरा हसन को उम्मीदवार बनाया है। साथ ही जौनपुर सीट पर बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी को भी उतारने की चर्चा है। वहीं, भाजपा ने अमेठी से स्मृति ईरानी, धौरहरा से रेखा वर्मा, मथुरा से हेमा मालिनी, सुलतानपुर से मेनका गांधी, फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति और लालगंज सीट से नीलम सोनकर को प्रत्याशी बनाया है। साथ ही घटकदल से केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल भी एनडीए से चुनाव लड़ रहीं है। साथ ही मुलायम परिवार की बहु अपर्णा यादव को भी भाजपा द्वारा टिकट दिये जाने की चर्चाएं चल रही है।

**प्रियंका नहीं उतरीं तो कांग्रेस को दूसरी महिला प्रत्याशी मिलना मुश्किल**

## चुनावी गतिविधियां

- **दूरदर्शन व आकाशवाणी पर समय आवंटित :** भारत निर्वाचन आयोग ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को प्रचार के लिए दूरदर्शन व आकाशवाणी पर समय आवंटित किया है। राष्ट्रीय दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी के राष्ट्रीय चैनल पर लगभग 10 घंटे का समय मिलेगा, जिसमें भाजपा को 241 मिनट, कांग्रेस को 148 मिनट, माकपा को 54 मिनट, आप को 47 मिनट, एनपीपी को 45 मिनट और बसपा को 64 मिनट का समय मिलेगा। इसी तरह, राष्ट्रीय दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी के क्षेत्रीय केंद्रों पर कुल 15 घंटे का समय मिलेगा, जिसमें भाजपा को 362 मिनट, कांग्रेस को 222 मिनट, माकपा को 81 मिनट, आप को 71 मिनट, एनपीपी को 68 मिनट और बसपा को 96 मिनट का समय मिलेगा। समाजवादी पार्टी को 53 मिनट और अपना दल (सोनेलाल) को 27 मिनट का समय मिलेगा।

## एक नजर

### बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को मिला बजट

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को नए सत्र की शुरुआत के साथ ही सरकार ने 344 .23 करोड़ की धनराशि भेजी है। इससे वेतन, सभी भत्ते, मानदेय, कार्यालय किराया समेत बिजली-पानी आदि के सभी खर्च और आउटसोर्सिंग सेवाओं के छह माह तक भुगतान किए जाएंगे। शासन के संयुक्त सचिव अशोक कुमार तिवारी ने बाल विकास एवं पुष्टाहार के निदेशक को सरकार से स्वीकृत धनराशि भेजते हुए नियमानुसार खर्च के आदेश दिए हैं। कहा है कि पूरे साल के लिए 688 करोड़ 46 लाख 47 हजार प्राविधानित धनराशि का पहली छमाही के लिए संभावित व्यय 344 करोड़ 23 लाख 24 हजार रुपये भेजा गया है। इस धन से वेतन के रूप में 198 करोड़ 98 लाख 22 हजार 500, मंहगाई भत्ते के रूप में 109 करोड़ 44 लाख 2 हजार 500 समेत 28 तरह के भुगतान होंगे।

# दंगे कराना व कर्फ्यू लगाना कांग्रेस के डीएनए में

## राजस्थान में कई चुनावी जनसभाओं में योगी आदित्यनाथ ने साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ बोले, गरीबों को भूखों मारती थी और आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थी कांग्रेस

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में भाजपा के स्टार प्रचारक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राजस्थान के भरतपुर, दौसा, सीकर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरे की जानकारियां लखनऊ पार्टी मुख्यालय से साझा की गईं। भाजपा उम्मीदवारों के लिए जनता से वोट की अपील करने के दौरान योगी के निशाने पर राजस्थान में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस रही।

उन्होंने कांग्रेस को देश की सबसे बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि उसके शासनकाल में गरीबों के हक पर डाका डालने के साथ ही आतंकियों को बिरयानी खिलाई जाती थी और दंगे कराना व कर्फ्यू लगाना कांग्रेस के डीएनए में शामिल है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में केवल श्रीरामलला का भव्य मंदिर ही नहीं बल्कि देश में चार करोड़ गरीबों के मकान भी मोदी के शासनकाल में बने हैं। योगी आदित्यनाथ ने भरतपुर में रामस्वरूप कोली, दौसा में कन्हैया लाल मीणा और सीकर में सुमेधानंद सरस्वती के पक्ष में प्रचार अभियान की कमान संभाली।

भरतपुर में योगी ने कहा कि एक तरफ 'द गार्डियन' की रिपोर्ट कहती है कि पाकिस्तान के अंदर चुन-चुन कर आतंकवादी मारे जा रहे हैं। दुनिया आतंकवाद को बोझ मान रही है। समाज के बोझ यह आतंकवादी मारे ही जाने चाहिए। यह सबकी सुरक्षा के लिए खतरा हैं, लेकिन कांग्रेस अपनी सरकार के समय गरीबों को भूखों मारती थी और आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थी।

वहीं, दौसा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सबसे बड़ी समस्या है और कर्फ्यू लगाना इसके डीएनए का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर बनवाना तो दूर, कांग्रेस के लोग श्रीराम और श्रीकृष्ण को काल्पनिक बताया करते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में केवल गरीबों के हक पर डाका डालने का कार्य हुआ है।

### अयोध्या आकर दर्शन करने को किया आमंत्रित

सीकर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने राजस्थान वासियों का आह्वान किया कि चुनाव संपन्न होने के बाद फिर से नई अयोध्या के दर्शन करने आएं। जहां उन्हें त्रेतायुग जैसी अयोध्या का अनुभव होगा। उन्होंने कहा कि महज दो महीने के भीतर अब तक डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला का दर्शन कर लिया है। यह दर्शाता है कि देश की आस्था को पहले दबाया गया था।

राजस्थान के दौसा में चुनावी जनसभा के दौरान लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

# मुख्तार अंसारी के फाटक पहुंचे अखिलेश

## कहा, सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज से मुख्तार की मौत मामले की जांच कराई जाए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को गाजीपुर स्थित मुख्तार अंसारी के आवास फाटक पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। यहां अखिलेश यादव ने मुख्तार अंसारी के भाई गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी, बेटे उमर अंसारी, उनके भतीजे शोएब अंसारी और अन्य परिजनों से मुलाकात की। मुख्तार की बहू और अब्बास की पत्नी निकहत अंसारी से भी बात की है। इस दौरान सपा प्रमुख ने पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में न्यायिक जांच कराने की मांग की। हालांकि फाटक तक जाकर भी मुख्तार की कब्र तक उनका न जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय भी बना।

अखिलेश के साथ समाजवादी पार्टी के कई नेता, कार्यकर्ता और गाजीपुर जिले के तमाम लोग भी मौजूद रहे। मीडिया से बात करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है, संवैधानिक संस्थानों पर भरोसा कम हुआ है। मुख्तार अंसारी ने खुद कहा था कि उन्हें जहर दिया जा रहा है। हमें उम्मीद है की सरकार सच्चाई सामने लाएगी और मुख्तार अंसारी के परिवार वालों को न्याय मिलेगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि क्या कोई स्वीकार करेगा कि मुख्तार अंसारी की यह प्राकृतिक मौत थी। क्या आम जनमानस में यह भावना नहीं है कि सरकार कुछ छिपा रही है? मुख्तार अंसारी के साथ जेल में जो घटना हुई, सरकार के पास उसका कोई जवाब नहीं है।

गाजीपुर स्थित मुख्तार अंसारी के आवास फाटक पहुंचकर परिजन से मुलाकात करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव। अमृत विचार

### सपा प्रमुख ने राजनीति भी साधी

**अमृत विचार :** इस चुनाव में पीडीए यानी पिछड़ा-दलित और अल्पसंख्यक के मूलमंत्र के साथ आगे बढ़ रहे अखिलेश यादव के सामने मुख्तार के फाटक पर जाने या न जाने का सवाल भी बड़ी चुनौती थी। अखिलेश ने अपने करीबी और पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को भी मुख्तार अंसारी के घर भेजा था। दरअसल, मुख्तार को लेकर मुस्लिम समाज सहानुभूति भी है इसलिए चुनाव के दौरान एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी वहां पहुंचकर अपना संदेश देने में कामयाब रहे। समझा जा रहा है कि ओवैसी के इस कदम से अखिलेश सियासी तौर पर फंस गए और अचानक सपा प्रमुख ने भी मुख्तार अंसारी के परिवार से मुलाकात करने का फैसला किया और रविवार को फाटक पहुंचकर बड़ा राजनीतिक संदेश भी दे डाला।

### गाजीपुर यात्रा पर केशव व अखिलेश में जुबानी जंग

**अमृत विचार :** आजमगढ़ में पत्रकारों से बात करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने अखिलेश यादव के मुख्तार के घर जाने पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह सपा की बीमारी है भाजपा पूरी तरह से स्वस्थ है। बोले, जहां सपा जाएगी वहां भाजपा जीतेगी। वहीं, अखिलेश ने गाजीपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सवाल किया, केशव मौर्य से बड़ा गुंडा कौन है?

### विधायक निधि से भी वंचित हुए इरफान सोलंकी

**अमृत विचार, लखनऊ:** जेल में बंद कानपुर से सीसामऊ विधायक अपनी विधायक निधि से भी वंचित हो गए हैं। नए कार्यकाल का एक भी पैसा नहीं जारी हो सका है। विधायक की पत्नी ने आग्रह करके फाइल आयुक्त ग्राम्य विकास तक पहुंचाई थी, लेकिन वहां भी विचार नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि अब तक करीब पांच करोड़ रुपये की राशि मिलनी थी। विधायक की पत्नी का आरोप है कि क्षेत्र से विकास कार्यों के लिए तमाम अनुरोध आ रहे हैं, लेकिन शासन राशि नहीं जारी कर रहा है।

गौरतलब हो कि सीसामऊ विधायक इरफान सोलंकी विभिन्न आरोपों में विगत 16 महीने से जेल में बंद हैं। इस दौरान विधायक की पत्नी नसीम सोलंकी एवं विधायक प्रतिनिधि ने विधायक निधि की धनराशि जारी कराने के लिए पैरोकारी शुरू की। जिलाधिकारी कानपुर के स्तर पर काम न बनने पर विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे से भी अनुरोध किया गया। हालांकि बाद में फाइल आयुक्त ग्राम्य विकास तक पहुंची। ग्राम्य विकास दफ्तर में फाइल अभी भी विचाराधीन है। सूत्रों के मुताबिक, आयुक्त कार्यालय में फाइल रोक दी गई है, ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

# राहुल गांधी अमेठी से कर सकते हैं नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी दूसरे चरण के मतदान के बाद अमेठी से नामांकन कर सकते हैं। बताया जा रहा है इसी रणनीति के तहत कांग्रेस ने अभी तक अमेठी से टिकट घोषित नहीं किया है।

इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस को मिली 17 सीटों में से अब तक 14 प्रत्याशियों की घोषणा की जा चुकी है, जबकि अमेठी रायबरेली व प्रयागराज सीटों पर अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं किए गए हैं। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी अमेठी के साथ ही केरल की वायनाड सीट से भी चुनावी मैदान में उतरे थे। पर वह केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से चुनाव हार गए थे। अमेठी सीट पर 27 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। इसी के साथ ही रायबरेली से प्रियंका गांधी व प्रयागराज सीट से पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह का प्रत्याशी बनाया जाना तय माना जा रहा है।

### दूसरे चरण में ये होंगे कांग्रेस के स्टार प्रचारक

दूसरे चरण की 8 सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए 40 स्टार प्रचारक उतरेंगे। तीन प्रचारकों में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, आराधना मिश्रा मोना, सलमान खुर्शीद, सुखविंदर सिंह सुख्खू, अशोक गहलोत, प्रमोद तिवारी, सचिन पायलट, निर्मल खत्री, राज बब्बर, पीएल पुनिया आदि नेता शामिल हैं।

### पीडीएम न्याय मोर्चा का हिस्सा बने छह छोटे दल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव में सपा से बागी हुईं अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल ने एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के साथ मिलकर बने पीडीएम न्याय मोर्चा का रविवार को विस्तार किया। इसमें छह छोटे दल और शामिल हुए हैं।

मोर्चा की संयोजक विधायक पल्लवी पटेल के साथ छह छोटे दलों के नेताओं ने रविवार को बैठक कर मोर्चा में शामिल होने की घोषणा की। लालबाग स्थित अपना दल (कमेरावादी) कार्यालय में हुई बैठक में शामिल होनेवाल नए दलों के नेताओं ने एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने का एलान भी किया। आदिम समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसराज कोल, एक्शन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा, भारतीय समता समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र प्रजापति, अनजान आदमी पार्टी की रंजना श्रीवास्तव, राष्ट्रीय विकल्प पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेके मोहन विश्वकर्मा और भारतीय सुहेलदेव जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम राजभर ने पीडीएम (पिछड़ा, दलित, मुस्लिम) मोर्चा के साथ चलने का फैसला लिया।

# क्षतिपूर्ति तो दूर पशुओं के बीमा की गारंटी तक नहीं मिल पा रही

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 1222 में 480 को मिला क्लेम बाकी मानकों में फंसे

▸▸ 1,73,300 पशुओं के बीमा का लक्ष्य, पूर्ति करना मुश्किल

**अमृत विचार :** प्रदेश में पशुधन बीमा योजना के प्रीमियम से कमाई हो रही है। जबकि क्षतिपूर्ति का भुगतान बेहद कम है। योजना में क्षतिपूर्ति तो दूर बीमा की गारंटी नहीं है।

प्रदेश को वर्ष 2023-24 में 1,73,300 पशुओं के बीमा का लक्ष्य मिला था। इसमें चिकित्सकों के माध्यम से पिछले माह 82,922 पशुओं के बीमा की प्रक्रिया कराकर पंच कंपनी को पॉलिसी के लिए दिए गए। जबकि कंपनी ने 69,253 पशुओं की पॉलिसी की। इन्हीं कारणों से समय रहते लक्ष्य भी मार्च अंत तक पूरा नहीं हो पाया है। जो अप्रैल तक करना है। बीमा की प्रक्रिया सितंबर में शुरू हुई थी। इसमें एक से तीन वर्ष तक की अवधि का बीमा पशुपालकों ने कराया है। इस बीच 1222 दावे यानी इतने पशु मरने पर क्लेम किया गया। लेकिन क्षतिपूर्ति 480 की दी गई। जो 1.47 फीसद है। शेष दावे कंपनी के बनाए मानकों में फंसे हैं। जिलों में लक्ष्य का निर्धारण भी ठीक से नहीं किया गया, बड़े जिलों में कम और छोटे में अधिक मिला है।

### यहां एक भी भुगतान नहीं

शामली, संतकबीर नगर, सहारनपुर, महोबा, हमीरपुर

### इन जिलों में ज्यादा लंबित हैं दावे

21 मार्च तक गोरखपुर में कुल 20 दावे में 21 का भुगतान हुआ है। इसी तरह बरेली 16 में पांच, मऊ 13 में दो, मथुरा 13 में सात, बलिया 33 में 14, हरदोई 55 में 36, मुज्जफरनगर 36 में 9, कानपुर नगर 17 में तीन, बुलंदशहर 40 में चार, श्रावस्ती 12 में एक, ललितपुर 25 में चार, प्रयागराज 19 में आठ, बाराबंकी 52 में 21, बिजनौर 52 में 18, फर्रुखाबाद 29 में 18, अयोध्या 15 में चार, सुल्तानपुर 59 में 17, मिर्जापुर 43 में 18 की क्षतिपूर्ति दी गई है।

# पशुओं की मौत के बाद पहुंचती है 1962 सेवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ उन्नाव की घटना पर प्रमुख सचिव ने दिए जांच के निर्देश

**अमृत विचार :** पिछले वर्ष प्रदेश में पशु उपचार के लिए शुरू हुई '1962 सेवा' मकसद पर फेल है। संचालन करने वाली कंपनियों की मनमानी और पशु पालन विभाग की लापरवाही के आगे पशु दम तोड़ रहे हैं। कहने को आकस्मिक सेवा है, जबकि टोलफ्री नंबर मिलता नहीं है, यदि 15 से 20 मिनट बाद लगता है तो मौके पर मोबाइल वेटरनिटी यूनिट (एंबुलेंस) बुलाना संघर्ष से कम नहीं है। तमाम बहानेबाजी बताई जाती है और फोन पर ही परामर्श देकर पल्ला झाड़ते हैं। चाहे पशु की हालत कितनी गंभीर क्यों न हो। यदि एंबुलेंस आती है तो दो से तीन घंटे बाद तब तक पशु की मौत हो जाती है।

रविवार को उन्नाव में ऐसी घटना का प्रमुख सचिव रवींद्र ने संज्ञान लेकर जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही कंपनियों के कार्यों की विधिवत रिपोर्ट मांगी है।

### टोलफ्री नंबर एक, जबकि कंट्रोल रूम पांच

पिछले वर्ष मार्च में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1962 सेवा को हरी झंडी दिखाई थी। प्रदेश को पांच जोन में बांटकर 520 मोबाइल वेटरनिटी यूनिट का संचालन किया जा रहा है। एक कंपनी को एक जोन मिला है। टोलफ्री नंबर 1962 एक है, जबकि कंट्रोल रूम पांच हैं। इसलिए इधर-उधर फोन लगता है। चिकित्सक भी अनुभवी नहीं हैं, जो गंभीर स्थिति में हाथ खड़े कर देते हैं। जबकि 17 लाख की इस एंबुलेंस में ऑपरेशन तक की व्यवस्था है। भुगतान के लिए कंपनी मामूली कॉलों से नंबर ऑफ केस अधिक बनाते हैं और जिम्मेदार विभाग आंख बंद कर भुगतान किए जा रहा है।

## वर्ग पहेली-33

**बाएं से दाएं**

3. वह खड़ाऊं जिसमें पैर फंसाने के लिए खूंटी की जगह रस्सी लगी रहती है, पौला।
4. मनमानी करने वाला, स्वेच्छाचारी।
5. 1. गुहा, कोटर 2. पेड़ का खोखला भाग 3. खोखला दांत।
7. 1. किसी स्थान या देश के क्षेत्र की सीमा 2. मर्यादा 3. पराकाष्ठा 2. इस्लामी शरीअत (कानून) के अनुरूप दिया हुआ दंड। (मु.)-कर देना या करना : असह्य बना देना। -बांधना : सीमा निश्चित करना।
8. नाम और पता।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. दुखी होना 2. दुखड़ा रोना 3. मानसिक कष्ट या चिंता आदि से व्यथित होकर बड़बड़ाना, कुढ़ना 4. खीजना 5. झींकना 6. शिकायत करना।
2. 1. निरीक्षण करना 2. परीक्षण करना, जांचना।
4. 1. ओट, परदा 2. पीछे 3. बहाना 4. बचाव 5. आश्रय 6. रोक 7. टेक 8. माथे का टीका, आड़ा तिलक।
5. तुर्किस्तान या तुर्की का एक प्रसिद्ध नगर।
6. काल, समय, ऋतु।



## वर्ग पहेली -32 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ची | ल | ■ | 2 ओ | ■ | 3 पो | ■ |
| ■ | ■ | 4 घ | न | घो | र | ■ |
| ■ | 5 म | ■ | च | ■ | ■ | 6 नौ |
| 7 घ | न | घ | ना | 8 ना | ■ | त |
| ■ | मा | ■ | ■ | 9 क | सू | र |
| ■ | फ़ि | ■ | ■ | ■ | ■ | णी |
| 10 ब | क | ल | स | ■ | ■ | य |

## सुडोकू-112

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 8 | | | | | | 9 |
| | 1 | | | 6 | | | | 4 |
| 9 | | | | 8 | | | | |
| | 4 | | | | | | 6 | |
| | | 1 | | | | 4 | | |
| | 9 | | | 5 | | | 1 | |
| 1 | | | | 9 | | 3 | | 7 |
| 7 | | | | 4 | 8 | | 2 | |
| | | | | | | 5 | | |

## सुडोकू -111 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 | 8 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 9 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 9 | 7 | 2 | 5 | 6 | 4 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 7 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि- अमावस्या 23 .50 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 10 .12 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** — आज विवाह की प्रतीक्षा में है तो मामा पक्ष की ओर से किसी अच्छे रिश्ते का सुझाव आ सकता है। हालांकि आपकी मां को यह कम पसंद आएगा, फिर भी किसी भी निर्णय को जल्दबाजी में लेने से बचें। आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहने वाली है।

**वृष** — आज के दिन किसी प्रकार के भारी वजन को उठाने से बचें, क्योंकि इससे आपकी मांसपेशियों में खिंचाव आ सकता है। इसलिए जितना हो सके इस बात का ध्यान रखें अन्यथा समस्या बड़ी हो सकती है।

**मिथुन** — आज ऑफिस में आपको लेकर सकारात्मक माहौल बनेगा और सभी आपके काम से खुश दिखाई देंगे। कुछ नए प्रोजेक्ट्स हाथ में आ सकते हैं, जो भविष्य की दृष्टि से लाभदायक होंगे। घर में दूर के रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

**कर्क** — आज घर के किसी काम से बाहर जाना होगा, जो आपके करियर के लिए भी अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ कुछ अनकहे पल सांझा होंगे और प्रेम में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोग आय के वैकल्पिक स्रोतों पर काम कर सकते हैं।

**सिंह** — आज पहले से ही किसी खेल में प्रवीण हैं तो उसमें सफलता मिलेगी और पिता के द्वारा प्रोत्साहन मिलेगा। संगीत के क्षेत्र में अपना करियर बनाने का सोच रहे लोगों के लिए दिन शुभ है। ऐसे में किसी भी अवसर को हाथ से न जाने दें।

**कन्या** — आज यदि आप विवाहित हैं तो जीवनसाथी के साथ कुछ नए पलों का अनुभव करने को मिलेगा। यह अनुभव आप दोनों के जीवन में एक मीठी याद बनकर रहेगा। रिश्ता ढूंढ रहे लोगों को अभी और प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

**तुला** — आज यदि पहले से ही कोई गंभीर बीमारी है तो डॉक्टर से एक बार चेकअप जरुर करवा लें अन्यथा बाद में समस्या हो सकती है। पेट से संबंधित छोटी-मोटी समस्या होगी, लेकिन वह जल्द ही ठीक भी हो जाएगी।

**वृश्चिक** — आज यदि आपके विवाह को कुछ ही समय हुआ है तो अपनी पत्नी के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। आपकी कुंडली पर चन्द्रमा की स्थिति ठीक नहीं हो पाने के कारण आपकी पत्नी या मां का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

**धनु** — आज मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। यदि आप कुछ नया करने का विचार कर रहे हैं तो उसे करने की शक्ति आएगी और डर खत्म होगा। आपकी प्रबंधन क्षमता और कुशलता की प्रशंसा होगी।

**मकर** — आज दिन की शुरुआत आपके परिवार के लिए अच्छी रहेगी और सभी एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे। घर वालों के साथ कहीं बाहर घूमने जाने का भी प्लान बन सकता है। संतान के करियर से जुड़ी समस्या का समाधान होगा।

**कुंभ** — आज कॉलेज के छात्र खेलकूद में रुचि लेंगे और उसमें अपना करियर बनाने का विचार करेंगे। ग्राहकों का व्यापारियों पर विश्वास बना रहेगा और वे आपसे प्रसन्न दिखाई देंगे। भाई-बहनों से आपके काफी मदद मिल सकती है जिसके कारण आप काफी प्रसन्न रहेंगे।

**मीन** — आज आपकी अपने बच्चों से किसी बात को लेकर कहासुनी होगी और आप उन पर क्रोध भी करेंगे। ऐसे में संयम से काम लेंगे और उन्हें भी समझने का प्रयास करेंगे तो परिणाम बेहतर रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
देवता — सुबह : 10 .58
लाइफ की ऐसी की तैसी — शाम : 06 .22

**&pictures**
राउडी रक्षक — सुबह : 10 .16
वीरा द पावर — शाम : 04 .44

**SONY PIX**
स्पाइडर मैन — सुबह : 11 .21
रैमपेज — रात : 09 .00

**ZEE CINEMA**
धमाल — सुबह : 11 .40
दिल मांगे मोर — रात : 07 .55

**colors CINEPLEX**
द वारियर — दोपहर : 01 .16
विजय राघवन — रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह : 11 .40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने गुस्से में पति से कहा- मैं तंग आ गई हूं रोज की किच-किच से मुझे तलाक चाहिए।
पति- ये लो चॉकलेट खाओ।
पत्नी (रोमांटिक होते हुए)-मना रहें हो मुझे!
पति-नहीं रे पगली, मां कहती है, अच्छा काम करने से पहले, मीठा खाना चाहिए।

एलकेजी के बच्चे के पेपर में जीरो आया।
गुस्से से पिता- यह क्या है?
बच्चा-पिताजी, शिक्षक के पास स्टार खत्म हो गए थे, इसलिए उसने मून दे दिया।

## मुफ्त बिजली देने पर फंस जाएंगे पंजाब जैसे राज्य

**नई दिल्ली।** पूर्व बिजली मंत्री आरके सिंह ने मुफ्त बिजली देने के लिए उधार लेने वाले पंजाब जैसे राज्यों को कर्ज के जाल में फंसने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ऐसी लोकलुभावन योजनाएं तभी ठीक हैं, जब किसी राज्य के पास पर्याप्त धन हो।

उन्होंने कहा, 'अगर कोई राज्य किसी भी श्रेणी के लोगों को मुफ्त बिजली देना चाहता है, तो वह ऐसा कर सकता है, लेकिन उन्हें इसके लिए भुगतान करना होगा।' भी दूसरी चीज की तरह बिजली उत्पादन में लागत आती है और अगर कोई राज्य इसे उपभोक्ताओं के एक वर्ग को मुफ्त में देता है तो यह भी सोचना चाहिए कि उत्पादन संयंत्र को भुगतान भी करना होगा। अगर उत्पादन संयंत्र को भुगतान नहीं किया गया, तो बिजली उत्पादन नहीं होगा।

# अडाणी समूह 2.3 लाख करोड़ रुपये से करेगा ऊर्जा विस्तार

## विनिर्माण क्षमता में होगी वृद्धि, पवन ऊर्जा में 1.5 लाख करोड़ का निवेश

खावड़ा/अहमदाबाद, एजेंसी

अडाणी समूह भारत के सबसे महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार और सौर और पवन विनिर्माण क्षमता वृद्धि में 2030 तक लगभग 2.3 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड गुजरात में कच्छ के खावड़ा में सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा से बिजली पैदा करने की क्षमता को वर्तमान में दो गीगावाट से बढ़ाकर 30 गीगावाट करने के लिए लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी देश में अन्य जगहों पर छह-सात गीगावाट की इसी तरह की परियोजनाओं में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की इकाई अडाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) गुजरात के मुंद्रा में सौर सेल और पवन टरबाइन विनिर्माण क्षमता के विस्तार में करीब 30 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। एजीईएल के पास फिलहाल 10,934 मेगावाट (10.93 गीगावाट) का परिचालन पोर्टफोलियो है। एजीईएल 2030 तक 45 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रख रही है। इसमें से 30 गीगावाट क्षमता सिर्फ एक स्थान खावड़ा में दुनिया की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना से आएगी।

### 2026-27 तक 10 गीगावाट करने की योजना: विनीत

एजीईएल के प्रबंध निदेशक विनीत एस जैन ने कहा, अभी खावड़ा में दो गीगावाट क्षमता चालू की है और चालू वित्त वर्ष (2024-25) में चार गीगावाट और उसके बाद हर साल पांच गीगावाट जोड़ने की योजना है। जैन एएनआईएल के भी निदेशक हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का समर्थन करने के साथ-साथ अन्य घरेलू नवीकरणीय कंपनियों और निर्यात बाजार की जरूरतों को पूरा करने के लिए एएनआईएल ने मुंद्रा में अपनी सेल और मॉड्यूल विनिर्माण इकाई को मौजूदा चार गीगावाट से 2026-27 तक 10 गीगावाट करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि एएनआईएल सौर विनिर्माण के अलावा पवन से बिजली पैदा करने वाली पवन चक्कियां बनाने की क्षमता भी साढ़े तीन साल में दोगुनी कर पांच गीगावाट कर रही है।

## एआई से बाजार एकीकरण संबंधी चिंताएं बढ़ सकती हैं

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग से कार्यकुशलता और नवाचार में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसके साथ बाजार एकीकरण और प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार की चिंताएं भी जुड़ी हैं। निगरानी संस्था सीसीआई के पास प्रतिस्पर्धा-रोधी तरीकों पर अंकुश लगाने और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का अधिकार है। सीसीआई जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सभी पहलुओं पर विचार करने के लिए एक अध्ययन शुरू करेगा। इसके तहत प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) आने वाले हफ्तों में जारी होने की उम्मीद है।

## बीते वित्त वर्ष में टाटा स्टील की बिक्री में 6% वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

- टाटा स्टील ने शेयर बाजार में दी जानकारी में कहा-वाहन और रेलवे खंड में हुई अधिक बढ़ोतरी

टाटा स्टील इंडिया की बिक्री बीते वित्त वर्ष (2023-24) में छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.99 करोड़ टन रही है। कंपनी की बिक्री को खुदरा, वाहन और रेलवे खंड में अधिक मांग से बढ़त मिली।

टाटा स्टील ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस दौरान भारत में कंपनी का उत्पादन 1.88 करोड़ टन रहा। बीते वित्त वर्ष में वाहन और विशेष उत्पाद खंड में बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 29 लाख टन रही थी। समीक्षाधीन अवधि में ब्रांडेड उत्पाद और खुदरा खंड में बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 65 लाख टन रही। औद्योगिक उत्पाद एवं परियोजना खंड में बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 77 लाख टन रही। कंपनी ने कहा कि उपखंडों में इंजीनियरिंग खंड में सबसे ज्यादा वार्षिक बिक्री हुई। बयान के अनुसार, "2023-24 में निजी भवन निर्माण के लिए ई-कॉमर्स मंच टाटा स्टील आशियाना की आमदनी 30 प्रतिशत बढ़कर 2,240 करोड़ रुपये रही। बीते वित्त वर्ष में भारत में कंपनी के कच्चे इस्पात का उत्पादन चार प्रतिशत बढ़कर 2.08 करोड़ टन रहा, जो 2022-23 में 1.98 करोड़ टन था।

## पायलटों की बात सुनने को तैयार एयरलाइन विस्तारा

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप और सिंगापुर एयरलाइंस के मालिकाना हक वाली विमानन कंपनी विस्तारा इस वक्त बड़े संकट से जूझ रही है। दरअसल, विस्तारा के पायलट नए रोस्टरिंग सिस्टम और सैलरी स्ट्रक्चर से नाखुश हैं और अपना विरोध जताने के लिए सिक लीव पर चले गए हैं। इससे विस्तारा कई अहम उड़ानों का संचालन नहीं कर पा रही। उसे बहुत सी फ्लाइट कैंसिल भी करनी पड़ी है।

हालांकि, विस्तारा के सीईओ विनोद कन्नन को उम्मीद है कि यह संकट जल्द सुलझ जाएगा। उन्होंने कहा कि हम पायलटों से चर्चा के बाद मौजूदा रोस्टरिंग सिस्टम की समीक्षा करेंगे। साथ ही, सैलरी स्ट्रक्चर में भी जरूरी बदलाव किए जाएंगे। पायलटों का आरोप है कि नए रोस्टर से उन्हें आराम के लिए पर्याप्त वक्त नहीं मिल पाता, जिससे उनकी निजी जिंदगी भी प्रभावित हो रही है। कन्नन ने कहा कर्मचारियों की संख्या में भी कोई असामान्य उछाल नहीं आया है।

## सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा देश का विदेशी मुद्रा भंडार

*मुंबई, एजेंसी। बीते सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब बढ़कर 645.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर ताजा आंकड़े जारी कर ये जानकारी दी है। इन आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार छठे सप्ताह शानदार बढ़ोतरी देखने को मिली है। आरबीआई ने बताया है कि 29 मार्च को खत्म हुए सप्ताह में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अब विदेशी मुद्रा भंडार अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।*

### इससे पहले के आरबीआई के आंकड़े

इससे पहले पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा कोष 140 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 642.631 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया था। यह जानकारी शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई। इससे पहले विदेशी मुद्रा भंडार का सर्वोच्च स्तर 2021 में देखा गया था। उस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 642.453 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि 29 मार्च को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्ति 2.354 बिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 570.618 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।

## वित्त वर्ष में मानसून से रबी की फसल अच्छी होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) सेक्टर को उम्मीद है कि मौजूदा वित्त वर्ष यानी 2024-25 में उसकी बिक्री में उछाल दिख सकता है। दरअसल, इस बार अच्छे मानसून के साथ रबी की फसल भी अच्छी होने का अनुमान है।

इससे ग्रामीण उपभोक्ताओं के हाथ में बढ़िया रकम आएगी और वे एफएमसीजी उत्पादों पर खर्च बढ़ा सकते हैं। वित्त वर्ष 2023-24 की आखिरी तिमाही यानी जनवरी से मार्च के दौरान एफएमसीजी सेक्टर में थोड़ी सुस्ती दिखी। फिर भी इंडस्ट्री को उम्मीद है कि सेक्टर की वैल्यू में मिड से हाई सिंगल डिजिट यानी 5 से 9 प्रतिशत के बीच ग्रोथ आ सकती है। खासकर, इनपुट कॉस्ट में बड़ी कमी से मुनाफा भी बढ़ने की उम्मीद है। रूरल डिमांड पिछली कई तिमाहियों से सुस्त पड़ी थी। लेकिन, जनवरी से मार्च के दौरान इसने रफ्तार पकड़ी है।

# एक वर्ष में 13 प्रतिशत बढ़ा भारत का कोयला आयात

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का कोयला आयात फरवरी में 13 प्रतिशत बढ़कर 2.16 करोड़ टन हो गया। ऑनलाइन मार्केटप्लेस 'एमजंक्शन' के अनुसार कुछ खरीदारों ने गर्मियों से पहले स्टॉक करने के लिए नए सौदे किए, जिससे निर्यात बढ़ा।

इससे पहले 2023 के समान महीने में कोयला आयात 1.91 करोड़ टन था। एमजंक्शन के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में कोयला आयात, फरवरी 2023 के 1.91 करोड़ टन के मुकाबले 13 प्रतिशत अधिक है। कुल आयात में गैर-कोकिंग कोयला का आयात बढ़कर 1.37 करोड़ टन हो गया, जो फरवरी, 2023 में 1.16 करोड़ टन था।

मार्केटप्लेस के अनुसार, कोयला आयात बीते वित्त वर्ष की अप्रैल से फरवरी तक की अवधि में बढ़कर 24.42 करोड़ टन रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 22.79 करोड़ टन था। बीते वित्त वर्ष में अप्रैल से फरवरी तक गैर-कोकिंग कोयला का आयात 16.06 करोड़ टन रहा था, जबकि 2022-23 में यह 14.85 करोड़ टन था। बीते वित्त वर्ष की अप्रैल-फरवरी अवधि के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 5.18 करोड़ टन था, जबकि 2022-23 की इसी अवधि में यह 5.05 करोड़ टन था।

### वित्त वर्ष में चार करोड़ टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपनी निजी खदानों से चार करोड़ टन कोयला उत्पादन लक्ष्य रखा है। कंपनी ने रविवार को कहा कि महत्वाकांक्षी लक्ष्य एनटीपीसी को निजी कोयला खदानों से उत्पादन में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने में मदद करेगा। इसमें कहा गया कि यह वित्त वर्ष 2024-25 में निजी खदानों के माध्यम से कोयले की लगभग 15 प्रतिशत जरूरत पूरी करेगी, जिससे बिजली कंपनी के लिए ईंधन सुरक्षा मजबूत हो। कंपनी ने 31 मार्च, 2024 के अंत में 3.41 करोड़ टन का कोयला बिक्री की है, और उत्पादन 3.43 करोड़ टन था। कोयला उत्पादन में निरंतर वृद्धि हासिल करने के लिए एनटीपीसी ने कई रणनीतियों और प्रौद्योगिकियों को लागू किया है।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### महाराष्ट्र के गढ़चिरोली में महिला नक्सली समेत तीन गिरफ्तार

**गडचिरोली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले में सुरक्षा बलों पर कई हमलों में शामिल दो महिला नक्सली और एक जन-मिलिशिया कमांडर को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया है कि ये गिरफ्तारियां लोकसभा चुनाव से पहले हुई हैं। गढ़चिरोली, विदर्भ क्षेत्र का एक हिस्सा है, जहां चुनाव के शुरूआती दो चरणों में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को 10 सीटों पर मतदान होना है। गढ़चिरोली के पुलिस अधीक्षक के अनुसार, दो महिला नक्सली काजल उर्फ सिंधु गावड़े (28) और गीता उर्फ सुकली कोरचा (31) जिले में सुरक्षा बलों की गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। राज्य पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है।

#### हैदराबाद में अचानक बंदूक चलने से एक पुलिसकर्मी की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद में रविवार को 49 वर्षीय पुलिसकर्मी की बंदूक से कथित रूप से अचानक गोली चल गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पुलिसकर्मी हुसैनीआलम थाना क्षेत्र की एक चौकी पर तैनात था और उसकी पहचान तेलंगाना राज्य विशेष पुलिस के सशस्त्र रिजर्व उपनिरीक्षक के रूप में हुई है। मृतक पुलिसकर्मी नगरकुरनूल जिले का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि जब वह अपने बगल में एसएलआर बंदूकों को लेकर सो रहा था, तभी अचानक गोलियां उसके गले में धंस गई। जहां उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन चिकित्सकों ने बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच चल रही है।

# करोड़ों नौकरियां देने की गारंटी युवाओं के दिलों में एक बुरे सपने की तरह: खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) द्वारा थोपी गई बेरोजगारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2 करोड़ नौकरियां देने की गारंटी हमारे युवाओं के दिलों में एक बुरे सपने की तरह गूंजती है।

खरगे ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत के प्रमुख संस्थानों -आईआईटी और आईआईएम का अगर मामला लें, तो 12 आईआईटी में हमारे लगभग 30 प्रतिशत छात्रों को नियमित प्लेसमेंट नहीं मिल रहा है। 21 आईआईएम में से केवल 20 प्रतिशत ही अबतक ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट पूरा कर सके हैं। खरगे ने आगे लिखा, "यदि आईआईटी और आईआईएम में यही स्थिति है तो कोई कल्पना कर सकता है कि बीजेपी ने देशभर में हमारे युवाओं का भविष्य कैसे बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के तहत युवा बेरोजगारी की दर 2014 के बाद से तीन गुना हो गई है।

आईएलओ की हालिया भारत रोजगार रिपोर्ट से पता चला है कि हर साल भारत लगभग 70-80 लाख युवाओं को श्रम बल में जोड़ता है, लेकिन 2012 और 2019 के बीच रोजगार के मामले में लगभग 0.01 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। कांग्रेस नेता ने कहा, 2 करोड़ नौकरियां देने की 'मोदी की गारंटी' हमारे युवाओं के दिल और दिमाग में एक बुरे सपने के रूप में गूंजती है!

उन्होंने कहा, "25 वर्ष से कम उम्र के किसी भी डिप्लोमा या डिग्री धारक को अब रोजगार मांगने का कानूनी अधिकार होगा और उसे प्रति वर्ष कम से कम 1 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा।

### सत्य की होगी जीत, कांग्रेस के साथ खड़ी हिमाचल की जनता: प्रियंका

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव एक साथ होने जा रहे हैं। चुनाव होने से पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हिमाचल सरकार पर विश्वास जताया। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य के लोग पार्टी का समर्थन करेंगे और प्रदेश में सच्चाई की ही जीत होगी। कांग्रेस महासचिव ने विपक्ष पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा पैसे और एजेंसियों का उपयोग करके सत्ता में आना चाहती है। ऐसा करना लोकतंत्र नष्ट करने के सामान है। वहीं कांग्रेस का संकल्प सच्चाई, साहस और धैर्य के साथ लोगों के लिए अथक प्रयास करने का है। प्रियंका गांधी ने एक्स लिखा है कि, 'मैंने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं से मुलाकात की। मुझे उनकी एकता, कड़ी मेहनत, मजबूती से चुनाव लड़ने के साहस और लोगों के प्रति उनके समर्पण पर गर्व है।' कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि जनता हमारा समर्थन करेगी और सच्चाई की जीत होगी। बता दें हिमाचल प्रदेश में छह विधानसभा सीटों पर एक जून को उपचुनाव और लोकसभा चुनाव एक साथ होंगे। हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर, मंडी, शिमला और कांगड़ा चार लोकसभा सीटें हैं। 2019 में भाजपा ने चारों सीटें जीतकर अपने नाम की थी। लेकिन बाद में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह ने मौजूदा सांसद राम स्वरूप शर्मा की मृत्यु के बाद 2021 में आवश्यक उपचुनाव में मंडी को भाजपा से छीन लिया। कांग्रेस के मुताबिक प्रियंका गांधी ने हिमाचल प्रदेश में लोगों के जनादेश की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अफसर 22 भाषाओं में गांव-गांव देंगे कानून की जानकारी

**नई दिल्ली।** ग्रामीण आबादी आज भी कानूनी अधिकारों और समझ से अछूती है। इसे कानूनी समझदार बनाने के लिए केंद्र सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसके पहले चरण में 2.50 लाख ग्राम पंचायतों में हर घर तक कानूनी सलाह, मदद और साक्षरता पहुंचाई जाएगी।

कानून के जानकार 22 भाषाओं में ग्रामीणों को अगले एक साल तक न्याय उपलब्ध कराएंगे। विधिक एवं न्याय मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि पूर्व की सरकारों में निःशुल्क कानूनी सलाह एवं मदद के लिए टेली लॉ एवं अन्य योजनाएं शुरू हुई थीं, लेकिन उनसे ग्रामीण आबादी सक्षम नहीं हो पाई, इसलिए केंद्र सरकार सबको न्याय और हर घर न्याय के नाम से नया प्रोजेक्ट लाई है। देश में 460 न्याय सहायक नियुक्त, इनमें कई वकील इस प्रोजेक्ट के लिए मंत्रालय ने 460 न्याय सहायक नियुक्त किए हैं। ये सभी वकील हैं और इन्हें विशेष यूनिक आईडी दी गई है। इन्हें मानदेय भी मिलेगा। ये लोग हर ग्राम पंचायत में जाकर लोगों की कानूनी मदद करेंगे।

## पार्टी को अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते हैं, तो पीछे हट जाएं राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रशांत किशोर ने कहा- किसी और को कांग्रेस का नेतृत्व करने दें

राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने सुझाव दिया है कि अगर कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिले तो राहुल गांधी को कदम पीछे खींचने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए अपनी पार्टी चला रहे हैं और पिछले 10 वर्षों में काम करने में असमर्थता के बावजूद वह न तो अलग हट सकते हैं और न ही किसी और को कांग्रेस का नेतृत्व करने दे सकते हैं।

किशोर ने कहा, मेरे अनुसार यह भी अलोकतांत्रिक है। किशोर ने कहा, जब आप पिछले 10 साल से एक ही काम कर रहे हैं और उसमें कोई सफलता नहीं मिली है, तो ब्रेक लेने में कोई बुराई नहीं है... आपको इसे किसी और को पांच साल के लिए करने देना चाहिए।" अपने पति राजीव गांधी की हत्या के बाद राजनीति से दूर रहने और 1991 में पीवी नरसिम्हा राव को कार्यभार संभालने के सोनिया गांधी के फैसले को याद करते हुए उन्होंने कहा, आपकी मां ने भी ऐसा ही किया था। उन्होंने कहा, दुनिया भर में अच्छे नेताओं की एक प्रमुख विशेषता यह है कि वे जानते हैं कि उनके पास क्या कमी है और सक्रिय रूप से उन कमियों को भरने के लिए तत्पर रहते हैं।

किशोर ने कहा, राहुल गांधी को ऐसा लगता है कि वह सब कुछ जानते हैं। अगर आप मदद की जरूरत को नहीं पहचानते तो कोई भी आपकी मदद नहीं कर सकता। उनका मानना है कि उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो उन्हें जो सही लगता है उसे क्रियान्वित कर सके। यह संभव नहीं है। 2019 के चुनावों में पार्टी की हार के बाद कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के गांधी के फैसले का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि वायनाड सांसद ने तब लिखा था कि वह पीछे हट जाएंगे और किसी और को काम करने देंगे।

### गुलजार लाल चौक ...

**श्रीनगर :** ईद-उल-फितर त्योहार के नजदीक आते ही कश्मीर घाटी में मुस्लिम समुदाय के लोग खरीदारी में जुट गए हैं। लोगों की भारी भीड़ बाजारों में उमड़ पड़ी है, जिसके चलते वहां नई रौनक लौट आई है। राज्य में ईद मनाई जानी है और इसको लेकर घाटी के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। सभी बाजार सजे हुए हैं और बड़ी संख्या में लोग खरीदारी में जुटे हुए हैं। रविवार को घंटा घर लाल चौक बाजार गुलजार रहा, खरीदारी के लिए भारी उमड़ी। ● एजेंसी

## सिगरेट जलाने के लिए माचिस नहीं देने पर की युवक की हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के तिमारपुर इलाके में एक शख्स की हत्या का चौंकाने वाला मामला सामने आया। पुलिस के मुताबिक, सिगरेट जलाने के लिए माचिस नहीं देने पर दो किशोरों ने युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी किशोरों को पकड़ लिया गया है। शनिवार को तिमारपुर पुलिस थाना में चाकूबाजी की घटना की जानकारी मिली थी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एम. के. मीणा ने बताया कि मौके एक ऑटोरिक्शा के अंदर और उसके आसपास खून फैला हुआ है। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एमके मीणा ने बताया कि दो किशोरों की पहचान की गई जिन्हें रविवार को पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। डीसीपी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

**सुविधा पोर्टल** आयोग ने पार्टियों और उम्मीदवारों को समान अवसर के लिए 44 हजार से अधिक अनुरोधों को दी मंजूरी

# प्रचार गतिविधियों के लिए मिले 73 हजार आवेदन

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव आयोग ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से उसके सुविधा पोर्टल पर विभिन्न प्रचार गतिविधियों के लिए अनुमति के लिए 73 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

आयोग ने कहा कि पार्टियों और उम्मीदवारों द्वारा जमा किए गए आवेदनों में रैली मैदान बुक करने, अस्थाई पार्टी कार्यालय खोलने और वीडियो प्रचार वैन संचालित करने के अनुरोध शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि पार्टियों और उम्मीदवारों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए 44,600 से अधिक अनुरोधों को मंजूरी दे दी गई है। आयोग द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि प्राप्त कुल अनुरोधों में से लगभग 11,200 या 15 फीसदी को अस्वीकार कर दिया गया। 10,819 आवेदन रद्द कर दिए गए थे। सबसे जयादा अनुरोध तमिलनाडु से प्राप्त हुए। इसके बाद बंगाल का स्थान रहा।

सुविधा पोर्टल ने उम्मीदवारों और पार्टियों द्वारा अनुमतियां और सुविधाएं प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। सुविधा पोर्टल ने उम्मीदवारों और पार्टियों द्वारा अनुमति और सुविधाएं प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया है। इसके जरिए रैलियों के आयोजन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट और पर्चे वितरित करने की अनुमति ली जा सकती है।

### दलों ने ऑनलाइन एड में 1.38 करोड़ खर्च किए

निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा के पहले सप्ताह (17 से 23 मार्च) में फेसबुक और इंस्टाग्राम पेज पर विभिन्न दलों ने 1.38 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 32 लाख रुपए भाजपा ने खर्च किए। 14 लाख रुपए विज्ञापन के साथ तृणमूल कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही।

कांग्रेस ने 5 लाख रु के विज्ञापन दिए। शीर्ष 20 फेसबुक व मेटा विज्ञापनदाताओं के पेज का विश्लेषण करने पर यह बात सामने आई है। शीर्ष 20 में से 7 पेज भाजपा समिर्थत है। भाजपा समर्थित पेज पर 85 लाख का एड भाजपा समर्थित पेज राजनीतिक विज्ञापन देने में सबसे आगे हैं। पार्टी को प्रमोट करने वाले पेज ने 85 लाख रुपए के विज्ञापन दिए। सबसे ज्यादा मीम एक्सप्रेस ने 28.1 लाख, मुद्दे की बात ने 20.2 लाख और सीधा चश्मा ने 9.5 लाख के विज्ञापन दिए। फरवरी 2019 से फरवरी 2023 के बीच, भाजपा ने फेसबुक विज्ञापनों पर 33 करोड़ रुपए खर्च किए। यह उस पूरे पैसे का लगभग 10 प्रतिशत है जो सभी विज्ञापनदाताओं ने भारत में फेसबुक विज्ञापन पर खर्च किया है। वहीं कांग्रेस ने 10.58 करोड़, तृणमूल कांग्रेस ने 8.04 करोड़ और डीएमके ने 4.31 करोड़ खर्च किए। भाजपा आधिकारिक पेज ने सबसे अधिक 10.27 करोड़ रुपए खर्च किए।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| साई सुदर्शन (जीटी) | 05 | 191 |
| रियान पराग (आरआर) | 04 | 185 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 04 | 08 |
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| गेराल्ड कोएत्जे (एमआई) | 04 | 07 |

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.120 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +0.775 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.517 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.409 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | -0.797 |
| मुंबई इंडियंस | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.704 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -0.843 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -1.370 |

## खेल डायरी

### कैंडिडेट्स शतरंज: प्रज्ञानानंदा ने विदित को हराया

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में हमवतन विदित गुजराती को हराया। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही भाई-बहन की पहली जोड़ी के लिए यह अच्छा दिन रहा जब प्रज्ञानानंदा की बड़ी बहन आर वैशाली ने भी बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा को हराकर पहली जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में डी गुकेश रूस के इयान नेपोमनियाची के मजबूत डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे जबकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना से ड्रॉ खेला।

### भारतीय टीम दूसरे हॉकी टेस्ट में 2-4 से हारी

**पर्थ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम पिछले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद रविवार को यहां पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में आस्ट्रेलिया से 2-4 से पराजित हो गयी। भारत को शनिवार को पहले टेस्ट में 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था। मेहमान टीम ने मैच के पहले और दूसरे क्वार्टर में मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ बराबरी का खेल दिखाया। बल्कि पहले हाफ तक भारतीय टीम 2-1 से आगे चल रही थी, लेकिन तीसरे क्वार्टर में मेजबान टीम ने तीन गोल कर लगातार दूसरी जीत हासिल की।

### त्वेसा संयुक्त 16वें, रिद्धिमा संयुक्त 30वें स्थान पर

**केम्पटन पार्क (दक्षिण अफ्रीका)।** प्रतिभावान भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक यहां सनशाइन लेडीज टूर पर एब्सा लेडीज आमंत्रण टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर रहीं जबकि उनकी हमवतन रिद्धिमा दिलावरी ने संयुक्त रूप से 30वां स्थान हासिल किया। पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका में खिताब जीतने वाली त्वेसा ने 72, 72 और 74 के स्कोर से कुल दो ओवर 218 का स्कोर बनाया। उन्होंने अंतिम दौर में तीन बर्डी की लेकिन तीन बोगी और एक डबल बोगी भी कर गईं। रिद्धिमा ने 74, 73 और 75 से छह ओवर का कुल स्कोर बनाया। कसांद्रा एलेक्जेंडर ने शनिवार को छह अंडर 66 के शानदार प्रदर्शन से कुल 12 अंडर के स्कोर से चार शॉट के अंतर से खिताब जीता। स्पेन की हेरेंग ली भी अंतिम दौर में 66 के स्कोर से कुल आठ अंडर के स्कोर से दूसरे स्थान पर रहीं।

### पाक की टी20 टीम के कोच होंगे यूसुफ और रज्जाक

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के लिए चयन समिति के सदस्यों मोहम्मद यूसुफ और अब्दुल रज्जाक को क्रमश: अंतरिम मुख्य कोच और सहायक कोच नियुक्त करने का फैसला किया है। यह फैसला तब किया गया जब लंबी अवधि की भूमिका के लिए विदेशी कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी के साथ बातचीत जारी है। बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि गिलेस्पी के साथ बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है क्योंकि वह लाल गेंद के प्रारूप के मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभालने के लिए सहमत हो गए हैं। कर्स्टन के साथ चर्चा को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है क्योंकि वह इंडियन प्रीमियर लीग में व्यस्त हैं।

### एथलेटिक बिलबाओ ने कोपा डेल रे खिताब जीता

**सेविले।** एथलेटिक बिलबाओ ने पेनल्टी शूट आउट में मालोर्का को 4-2 से हराकर चार दशक बाद कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। बिलबाओ को मालोर्का के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन टीम को खिताब जीतने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ा। बिलबाओ की ओर से पेनल्टी शूट आउट में राउल गार्सिया, इकेर मूनियन, माइकल वेस्गा और एलेजांद्रो बेरेनगुएर ने गोल किए। एथलेटिक बिलबाओ के गोलकीपर जुलेन अगिरेजाबला ने मैनुएल मोर्लानेस के शॉट को रोका जबकि मालोर्का के नेमांजा रादोनजिक ने शॉट बाहर मारा। इससे पहले नियमित और अतिरिक्त समय के बाद फाइनल मुकाबला 1-1 से बराबर रहा। डेनी रोड्रिग्ज ने मालोर्का को 21वें मिनट में आगे किया लेकिन ओइहान सांचे ने 50वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। एथलेटिक बिलबाओ का यह 23वां कोपा डेल रे खिताब है।

# केकेआर के खिलाफ घरेलू हालात का फायदा उठाना चाहेंगे सुपरकिंग्स

**चेन्नई, एजेंसी**

गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम लगातार दो शिकस्त के बाद सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में जीत के साथ वापसी करने के इरादे से उतरेगी तो उसे अपने शीर्ष क्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। लगातार दो हार के बावजूद सुपरकिंग्स की टीम पर दबाव नहीं होगा लेकिन प्रबंधन टीम की कमजोरियों का हल निकालने की कोशिश करेगा।

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और प्रतिभावान रचिन रविंद्र को अपने खेल में सुधार करते हुए सुपरकिंग्स को पावर प्ले में अच्छी शुरुआत दिलानी होगी। गायकवाड़ 118.91 के स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाए हैं जबकि रविंद्र पिछले दो मैचों में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। मौजूदा टूर्नामेंट में सुपरकिंग्स के सबसे सफल बल्लेबाज शिवम दुबे हैं जिन्होंने 160.86 के स्ट्राइक रेट से 148 रन बनाए हैं। यह देखना होगा कि युवा समीर रिज्वी की टीम में वापसी होती है या नहीं। बीस साल के इस युवा बल्लेबाज ने अपने पहले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ छह गेंद में 14 रन बनाए थे लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खाता खोलने में नाकाम रहने के बाद उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले से बाहर कर दिया गया। तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान और मथीसा पथिराना विभिन्न कारणों से टीम के पिछले मैच में नहीं खेल पाए, जिससे सुपरकिंग्स के गेंदबाजी विभाग की कमजोरियां उजागर हुईं। अगर ये नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच से भी बाहर रहते हैं तो सुपरकिंग्स को उनकी भरपाई करने के लिए कुछ अलग सोचना होगा। अगर ये दोनों बाहर रहते हैं तो तेज गेंदबाजी विभाग में दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुकेश चौधरी जबकि स्पिन विभाग में मोईन अली, रविंद्र जडेजा और महेश तीक्षणा के कंधों पर जिम्मेदारी होगी। नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स अब तक टूर्नामेंट में अजेय रहे हैं और दोनों टीमों को बल्ले से निडर प्रदर्शन का फायदा मिला है। सुनील नारायण से पारी का आगाज कराना केकेआर के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है। मौजूदा सत्र में केकेआर के सबसे सफल बल्लेबाज नारायण को जल्दी पवेलियन भेजना सुपरकिंग्स के गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती होगी। फिल सॉल्ट ने भी पारी का आगाज करते हुए नारायण का अच्छा साथ दिया है। मध्य क्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर और रमनदीप सिंह को अधिक निरंतरता दिखानी होगी।

**चेन्नई सुपरकिंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी। **कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान। **समय :** मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# यश और क्रुणाल की गेंदबाजी से लखनऊ ने लगाई जीत की हैट्रिक

## लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल में पहली बार गुजरात टाइंटस को दी शिकस्त

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** यश ठाकुर और क्रुणाल पंड्या की गेंदों के सामने गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज बेबस नजर आए। इन गेंदबाजों ने मिलकर गुजरात के 8 विकेट झटक लिए और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को पहली बार हराने में कामयाब रहे। लखनऊ के 163 रन के जवाब में गुजरात टाइटंस की टीम 18.5 ओवर में 130 रनों पर सिमट गई। लखनऊ के स्टोइनिस की बल्लेबाजी (58 रन) के बाद गेंदबाजी विभाग के यश ठाकुर (5 विकेट) और क्रुणाल पंड्या (3 विकेट ) ने गुजरात के बल्लेबाजों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। अंक तालिका में इस जीत के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स अब तीसरे स्थान पर पहुंच गई है, जबकि गुजरात की टीम सातवें पायदान पर खिसक गई।

164 रनों का पीछा करने उतरी गुजरात के लिए साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने बेहतरीन शुरुआत दी। दोनों ने छह ओवर में 54 रन जोड़े। कप्तान गिल 9 रन के निजी योग पर आउट हुए। टीम के स्कोर में अभी दो रन का ही इजाफा हुआ था कि विलियम्सन एक रन बनाकर रवि बिश्नोई की गेंद पर कॉट एंड बोल्ड हुए। क्रुणाल पंड्या ने सुदर्शन (31) और शरत (1) को अपना शिकार बनाया। दर्शन नालकंडे 12 रन बनाकर क्रुणाल पंड्या की गेंद पर यश ठाकुर को आसान कैच थमा बैठे। यश ठाकुर ने विजय शंकर और राशिद खान को आउट कर लखनऊ को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। राहुल तेवतिया ने 30 रन की पारी खेली, लेकिन वह भी टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे। गुजरात की टीम 18.5 ओवर में 130 रन पर सिमट गई। लखनऊ से यश ठाकुर ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट चटकाए। क्रुणाल पंड्या तीन विकेट लेने में सफल रहे।

इससे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। उमेश यादव की पहली ही गेंद पर डिकॉक ने छक्का जड़ा, लेकिन चौथी गेंद पर वह आउट हो गए। डिकॉक गेंद को लेग साइड स्लॉग करने गए लेकिन बल्ले का ऊपरी किनारा लेकर गेंद थर्ड मैन नूर अहमद के हाथों में समा गई। उमेश ने दूसरे ओवर में देवदत्त पड्डिक्कल (7) को चलता किया। देवदत्त कवर की ओर ड्राइव करने गए लेकिन बल्ले का बाहरी किनारा लेकर गेंद निकली तो पहली स्लिप पर खड़े वी शंकर ने आसानी से कैच कर उन्हें पवेलियन लौटने को मजबूर कर दिया। केएल राहुल और मार्कस स्टोइनिस ने सिंगल-डबल की मदद से स्कोर बोर्ड को चलाये रखा और ढीली गेंदों को चौके और छक्कों में तब्दील किया। इस बीच राहुल की 31 गेंदो की पारी का अंत पारी के 13वें ओवर में महाराष्ट्र के युवा तेज गेंदबाज दर्शन नालकंडे ने किया। मार्कस स्टोइनिस भी नालकंडे का दूसरा शिकार बने।

### लखनऊ 163/5

20 ओवर, अतिरिक्त : 05

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक का नूर अहमद बो यादव | 06 | 04 | 0/1 |
| केएल राहुल का तेवतिया बो नालकंडे | 33 | 31 | 3/0 |
| देवदत्त पडीक्कल का वी शंकर बो यादव | 07 | 07 | 1/0 |
| मार्कस स्टोइनिस का शरथ बो नालकंडे | 58 | 43 | 4/2 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 32 | 22 | 0/3 |
| आयुष बदोनी का यादव बो राशिद | 20 | 11 | 3/0 |
| क्रुणाल पंड्या नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** उमेश यादव 3-0-22-2, स्पेंसर जॉनसन 4-0-32-0, राशिद खान 4-0-28-1, मोहित शर्मा 3-0-34-0, नूर अहमद 4-0-22-0, दर्शन नालकंडे 2-0-21-2

### गुजरात 130/10

18.5 ओवर, अतिरिक्त : 12

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन का बिश्नोई बो पंड्या | 31 | 23 | 4/0 |
| शुभमन गिल बो यश ठाकुर | 19 | 21 | 2/0 |
| केन विलियमसन का एवं बो बिश्नोई | 01 | 05 | 0/0 |
| बीआर शरथ का बदोनी बो पंड्या | 02 | 05 | 0/0 |
| विजय शंकर का राहुल बो यश ठाकुर | 17 | 17 | 0/1 |
| दर्शन नालकंडे का यश ठाकुर बो पंड्या | 12 | 11 | 0/1 |
| राहुल तेवतिया का पूरन बो यश ठाकुर | 30 | 25 | 2/2 |
| राशिद खान का सब बो यश ठाकुर | 00 | 03 | 0/0 |
| उमेश यादव का डिकॉक बो नवीन उल हक | 02 | 04 | 0/0 |
| स्पेंसर जॉनसन नाबाद | 00 | 01 | 0/0 |
| नूर अहमद का डिकॉक बो यश ठाकुर | 04 | 02 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** मणिमारन सिद्धार्थ 4-0-29-0, नवीन उल हक 4-0-37-1, मयंक यादव 1-0-13-0, यश ठाकुर 3.5-1-30-5, क्रुणाल पंड्या 4-0-11-3, रवि बिश्नोई 2-0-8-1

### मयंक हुए चोटिल, छोड़ा मैच

लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पीड स्टार मयंक यादव पारी का चौथा ओवर फेंकने आए। पहले ही ओवर के दौरान वे असहज दिखे और 13 रन खर्च करने के बाद पवेलियन लौट गए। मांसपेशियों में खिंचाव आ गया और वे मैच से बाहर हो गए। गेंदबाजी के दौरान मयंक फिट नहीं नजर आ रहे थे।




# मुंबई इंडियंस की पहली जीत

**मुम्बई, एजेंसी**

- **दिल्ली कैपिटल्स को 29 रनों से हराया, रोहित शर्मा ने 49 और ईशान किशन ने बनाए 42 रन**

सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 49 रन, ईशान किशन 42 रन तथा आखिरी ओवरों में टिम डेविड के नाबाद 45 रन और रोमारियो शेफर्ड की नाबाद 39 रनों की तूफानी परियों के बाद गेराल्ड कोएत्जी के चार विकेटों की बदौलत मुंबई इंडियंस ने रविवार इंडियन प्रीमियर लीग के 20वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रनों से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की।

235 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर 10 रन का विकेट गवां दिया। उसके बाद पृथ्वी शॉ ने अभिषेक पोरेल के साथ दूसरे विकेट लिये 88 रन जोड़ते हुए टीम को मुकाबले में बनाये रखा। पृथ्वी ने 40 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 66 रनों की पारी खेली। अभिषेक पोरेल 31 गेंदों में 41 रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स 25 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के लगाते हुए 71 रनों की पारी खेली। दिल्ली की टीम निर्धारत 20 ओवर में आठ विकेट पर 205 रन ही बना सकी।

वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। रोहित शर्मा ने 27 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 49 रनों की पारी खेली। चोट के बाद ठीक होकर टीम में आये सूर्यकुमार यादव अपना खाता भी नहीं खोल सके और पवेलियन लौट गये। कप्तान हार्दिक पांड्या ने 33 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 39 रन बनाये। इशान किशन ने 23 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 42 रन बनाये। तिलक वर्मा छह रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद टिम डेविड नाबाद ने 21 गेंदों में दो चौक और चार छक्कों की मदद से नाबाद 45 रन बना डाले। रोमारियो शेफर्ड आखरी ने 10 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए तूफानी अंदाज में 39 रन ठोके हुए टीम का स्कोर निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 234 रन पहुंचा दिया है।

### मुंबई 234/5

20 ओवर, अतिरिक्त : 14

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा बो पटेल | 49 | 27 | 6/3 |
| ईशान किशन का एवं बो पटेल | 42 | 23 | 4/2 |
| सूर्यकुमार का सब (फ्रेजर) बो नोर्किया | 00 | 02 | 0/0 |
| हार्दिक का सब (फ्रेजर) बो नोर्किया | 39 | 33 | 3/1 |
| तिलक वर्मा का पटेल बो अहमद | 06 | 05 | 1/0 |
| टिम डेविड नाबाद | 45 | 21 | 2/4 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 39 | 10 | 3/4 |

**गेंदबाजी :** खलील अहमद 4-0-39-1, ईशांत शर्मा 3-0-40-0, झाय रिचर्डसन 4-0-40-0, अक्षर पटेल 4-0-35-2, ललित यादव 1-0-15-0, एनरिच नोर्किया 4-0-65-2

### दिल्ली 205/8

20 ओवर, अतिरिक्त : 03

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी शॉ बो बुमराह | 66 | 40 | 8/3 |
| डेविड वॉर्नर का पंड्या बो शेफर्ड | 10 | 08 | 1/1 |
| अभिषेक पोरेल का डेविड बो बुमराह | 41 | 31 | 5/0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 71 | 25 | 3/7 |
| ऋषभ पंत का पंड्या बो कोएत्जी | 01 | 03 | 0/0 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 08 | 07 | 1/0 |
| ललित यादव का ईशान बो कोएत्जी | 03 | 04 | 0/0 |
| कुमार कुशाग्र का तिलक वर्मा बो कोएत्जी | 00 | 01 | 0/0 |
| झाय रिचर्डसन का शर्मा बो कोएत्जी | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** कोएत्जे 4-0-34-4, जसप्रीत बुमराह 4-0-22-2, आकाश मधवाल 4-0-45-0, रोमारियो शेफर्ड 4-0-54-1, मोहम्मद नबी 2-0-17-0, पीयूष चावला 2-0-32-0

## वेबसीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार से फरदीन खान का पहला लुक रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता फरदीन खान की आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार से उनका पहला लुक रिलीज हो गया है। संजय लीला भंसाली की हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी : द डायमंड बाजार में फरदीन खान भी अहम भूमिका में नजर आयेंगे। फरदीन खान लंबे अरसे के बाद बतौर अभिनेता वापसी कर रहे हैं। फरदीन खान, हीरामंडी द डायमंड बाजार में वली मोहम्मद के रोल में नजर आएंगे। फरदीन खान के पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में नेटफ्लिक्स इंडिया ने लिखा, प्यार और कर्तव्य के बवंडर संघर्ष में फंसे वली मोहम्मद अपनी शाही जिम्मेदारियों के साथ अपने दिल की इच्छा को समेटने का प्रयास कर रहे हैं। शेखर सुमन भी हीरामंडी : द डायमंड बाजार में नजर आयेंगे। उनके पहले लुक को शेयर करते हुए लिखा गया, मल्लिकाजान के चरणों में अपनी निष्ठा रखते हुए जुल्फिकार और उसकी चमकदार महत्वाकांक्षा के बीच केवल एक चीज खड़ी है - हीरामंडी। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, 'हीरामंडी' 'कोठों' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।

## कंगना ने फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरित फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी है। इस फिल्म में कंगना, इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी। कंगना रनौत ने कहा, जैसा कि मैंने हमेशा कहा है, चाहे वह इंदिरा गांधी हों या कोई अन्य महिला, मेरे मन में महिलाओं के लिए बहुत सहानुभूति है। मैं इस बात का दिखावा नहीं कर सकती और मेरे दिल में महिलाओं के लिए सम्मान भी है, इसलिए मैंने उनके लिए बहुत काम किया है। मैंने इंदिरा गांधी के पूरे जीवन पर आधारित एक फिल्म बनाई है और जब आप एक कलाकार होते हैं तो हर चीज प्रेरणा का काम करती है। उन्हीं भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मैंने वह फिल्म बनाई।'' इसलिए, जब यह सामने आएगा तो मुझे लगता है कि हर किसी को यह पसंद आएगा। उन्हें इसे एक मनोरंजक फिल्म के रूप में देखना चाहिए।'' कंगना ने कहा, हमारे संविधान के साथ जो घटनाएं घटीं, उन घटनाओं के पीछे क्या कारण हैं, उन कारणों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिससे भविष्य में हमारे संविधान के साथ कोई छेड़छाड़ न हो। एक नेता की विश्वसनीयता, गहरी छिपी सुरक्षा, असुरक्षा, ताकत या कमजोरी, सभी कारकों पर विचार किया जाना चाहिए। कंगना रनौत द्वारा लिखित और निर्देशित, ''इमरजेंसी'' में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाख नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। जी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित इस फिल्म का संगीत संचित बल्हारा द्वारा दिया गया है। पटकथा और संवाद रितेश शाह द्वारा दिए गए हैं। ''इमरजेंसी'' 14 जून 2024 को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होने वाली है।

## संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं नोरा फतेही

**मुंबई, मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही, फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं। मोरक्को की रहने वाली नोरा फतेही हिंदी फिल्मों की काफी शौकीन थी। नोरा फतेही ने कहा, भारत में काम करने का ख्याल संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास को देखकर ही आया था। यदि मैं किसी दिन संजय लीला भंसाली की फिल्म की अभिनेत्री बनी तो वह मेरे करियर का टर्निंग प्वाइंट होगा। मैं चाहती हूं कि वह मुझमें यकीन करें कि मैं उनकी फिल्म की अभिनेत्री बन सकती हूं। कलाकार को बस एक मौका और वह इंसान चाहिए होता है, जो आप पर भरोसा करे। नोरा फतेही ने कहा, मैंने काफी डांस किया है, लेकिन भारतीय क्लासिकल डांस को इसलिए अभी तक नहीं छुआ, क्योंकि मैं चाहती थी कि जब मैं वह नृत्य करूं तो सबसे बेस्ट लगूं और भव्य तरीके से उसे शूट किया जाए। ऐसा केवल संजय लीला भंसाली ही कर सकते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# प्रथम त्रि-सेवा सम्मेलन का उद्देश्य एकीकरण, पहल और सुधार लाना

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान आज करेंगे परिवर्तन चिंतन सम्मेलन की अध्यक्षता

भारतीय सेना के तीनों अंगों के बीच संयुक्तता और एकीकरण प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए, पहल और सुधार लाने के उद्देश्य से पहला त्रि-सेवा सम्मेलन सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने रविवार को बताया कि 'परिवर्तन चिंतन' नाम से आयोजित होने वाले इस एक दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आठ अप्रैल 2024 को आयोजित होने वाला 'परिवर्तन चिंतन' एक अग्रणी त्रि-सेवा सम्मेलन है, जिसका उद्देश्य संयुक्तता एवं एकीकरण के प्रयासों को आगे बढ़ाने के वास्ते नवीन एवं अद्यतन विचार, पहल व सुधार को सृजित करना है। बयान में कहा गया कि भारतीय सशस्त्र बलों ने भविष्य के युद्धों के लिए तैयार रहने के अपने प्रयासों के क्रम में एक बड़े परिवर्तनकारी बदलाव की शुरुआत की है। संयुक्तता एवं एकीकरण को बढ़ावा देने के लिये पहल की जा रही है और त्रि-सेवा बहुआयामी (मल्टी डोमेन) संचालन को संभव बनाने के लिए संरचनाओं को संशोधित किया जा रहा है। बयान में कहा गया कि यह चिंतन सभी त्रि-सेवा संस्थानों, सैन्य कार्य विभाग, मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ और तीनों सेवाओं के प्रमुखों का पहला सम्मेलन होगा, जिसमें विभिन्न सेवा वर्ग के अधिकारी अपनी विविधतापूर्ण समझ तथा अनुभव के आधार पर वांछित 'संयुक्तता एवं एकीकरण' के अंतिम लक्ष्य को तेजी से हासिल करने के उपायों के बारे में सुझाव देंगे।

## कर्नाटक में बस पलटने से तीन की मौत, 30 घायल

**चित्रदुर्ग।** कर्नाटक में बेंगलुरु से उत्तर कन्नड़ जिले के गोकर्ण जा रही एक निजी बस के रविवार तड़के चित्रदुर्ग जिले में पलट जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने शुरुआत में कहा कि इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, लेकिन बाद में मरने वालों की संख्या संशोधित कर तीन कर दी गई।

यह हादसा होलालकेरे शहर के बाहरी इलाके में अंजनेय मंदिर के पास हुआ। पुलिस के अनुसार, मृतकों में से दो की पहचान उत्तर कन्नड़ जिले के होन्नावर के जगदीश (45) और शिवमोगा जिले के सागर के गणपति (40) के रूप में हुई है। तीसरे मृत व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में करीब 30 लोग घायल हो गए जिनमें से आठ की हालत गंभीर है। उन्होंने कहा कि घायलों को होलालकेरे तालुक अस्पताल भेजा गया है, जबकि शवों को शवगृह ले जाया गया है। गुस्साए लोगों ने इस क्षेत्र में लगातार हो रही दुर्घटनाओं के लिए अवैज्ञानिक सड़क निर्माण को जिम्मेदार ठहराया।

हैं तैयार हम...

भारतीय वायु सेना सरहद पर बखूबी अपना कर्तव्य निभाती है साथ ही देश में आपात स्थिति आने पर सेना किस तरह सुरक्षा कर सकती है इसके लिए सेना को रिर्हसल की जरूरत पड़ती ही है। जिसके चलते रविवार को भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान सुखोई 30 एमकेआई को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर उन्नाव में उतारा गया। ● एजेंसी

## इजराइल के दूतावास सुरक्षित नहीं : ईरान

**यरूशलम।** ईरान के एक शीर्ष सैन्य सलाहकार ने हाल में दमिश्क में हुए हमले के बाद रविवार को इजराइल को चेतावनी दी कि उसके दूतावास सुरक्षित नहीं हैं। सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक हवाई हमले में ईरान के दो जनरल की मौत हो गई थी। हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। हमले में ईरान का वाणिज्य दूतावास नष्ट हो गया था। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के सैन्य सलाहकार जनरल रहीम सफवी की टिप्पणी से ऐसा संकेत मिलता है कि राजनयिक मिशन पर हमले का इसी तरह से जवाब दिया जा सकता है। इजराइल ने हमले में अपनी संलिप्तता स्वीकार नहीं की है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल किसी भी कार्रवाई के लिए तैयार है।

## एक नजर

### लद्दाख में बर्फबारी के बीच फंसे 80 लोगों को सेना ने बचाया

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में लेह और श्योक नदी घाटी के बीच 17,688 फुट ऊंचे चांग ला दर्रे में बर्फबारी के बीच फंसे कम से कम 80 लोगों को बचा लिया गया है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। भारतीय सेना की लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी (14वीं) कोर ने कहा कि आधी रात को चलाए गए इस बचाव अभियान को त्रिशूल प्रभाग के सैनिकों ने अंजाम दिया। सेना की फायर एंड फ्यूरी (14वीं) कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि त्रिशूल प्रभाग के सैनिकों ने चांग ला के ऊंचे बर्फीले स्थानों पर यातायात अवरोध को दूर करने के लिए आपातकालीन स्थिति में तुरंत कार्रवाई की और रात में दो घंटे तक लगातार काम किया तथा बर्फबारी के बीच फंसी महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 80 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। सेना ने इस बचाव अभियान की कुछ तस्वीरें और एक वीडियो भी साझा की है।

### चीन के दक्षिणी गुआंग्डोंग में आई बाढ़, 800 लोगों को सुरक्षित निकाला

**बीजिंग।** चीन के दक्षिणी गुआंग्डोंग प्रांत के किंगयुआन जिले के यिंगदे काउंटी में बाढ़ के कारण खतरे में फंसे 832 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। सरकारी चाइना सेंट्रल टेलीविजन ब्रॉडकास्टर ने रविवार को यह जानकारी दी। ब्रॉडकास्टर ने बताया कि आज सुबह तक यिंगडे स्टेशन पर पानी का स्तर 30 .07 मीटर (98 .6 फुट) तक पहुंच गया और खतरे के गंभीर निशान को पार कर गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि जलाशयों के किनारे स्थित घरों और व्यावसायिक इमारतों में पानी भर गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकारियों ने हालांकि संबंधित निकायों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्कूलों और उद्यमों के संचालन को निलंबित करने का निर्देश नहीं दिया है।

### रूस सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संघीय आपात स्थिति घोषित की

**मॉस्को।** रूस सरकार ने ओरेनबर्ग क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों में रविवार को संघीय आपात स्थिति घोषित कर दी। सरकारी मीडिया ने यह खबर दी है। स्थानीय सरकार के अनुसार, उराल नदी का जलस्तर बढ़ने से आई बाढ़ के चलते 885 बच्चों समेत चार हजार से अधिक लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने बताया कि दो हजार और घरों में पानी घुस गया है, जिसके साथ ही क्षेत्र में ऐसे घरों की संख्या बढ़कर करीब 6,300 हो गई है। रूस के आपात स्थिति मंत्री एलेक्जेंडर कुरेनकोव बचाव अभियान की निगरानी करने के लिए रविवार को बुरी तरह प्रभावित शहरों में से एक ओर्स्क पहुंचे। आरआईए नोवोस्ती के अनुसार मंत्री ने कहा, मैं ओरेनबर्ग क्षेत्र के हालात को आपात स्थिति के रूप में वर्गीकृत करने और एक संघीय स्तरीय प्रतिक्रिया का प्रस्ताव रखता हूं।

### कन्नूर विस्फोट मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**कन्नूर (केरल)।** केरल के कन्नूर जिले के पनूर में हुए विस्फोट के मामले में रविवार को एक और संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पनूर में शुक्रवार को हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की जान चली गई और तीन अन्य घायल हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति अमल बाबू डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) से जुड़ा है। अमल के अलावा दो अन्य लोगों मिथुन और शिबिन को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि विस्फोट के संबंध में अब तक पांच लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

# रिहाई वार्ता से पूर्व गाजा से मिला किसान का शव, नेतन्याहू बोले- हम नहीं झुकेंगे

## जब तक इजराइली बंधक रिहा नहीं होते तब तक युद्धविराम पर सहमति नहीं

काहिरा, एजेंसी

इजराइल की सेना ने शनिवार को कहा कि उसने गाजा में बंधक बनाए गए 47 वर्षीय किसान का शव बरामद किया है। हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइल के किसी नागरिक का शव ऐसे वक्त में बरामद किया गया है जब वार्ताकार इजराइल और हमास के बीच छह माह से जारी युद्ध को रोकने तथा शेष बंधकों को रिहा कराने के लिए रविवार देर शाम दूसरे दौर की बातचीत की तैयारी कर रहे हैं। वहीं, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसको लेकर मांग की है कि वह युद्धविराम पर तब तक सहमत नहीं होंगे जब तक गाजा में इजरायली बंधकों को रिहा नहीं कर दिया जाता।

इजराइल की सेना ने कहा कि उसे एलाद कात्जिर का शव मिला है और माना जाता है कि उसकी हत्या जनवरी में 'इस्लामी जिहाद' के चरमपंथियों ने की थी। हमास ने सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में घुस गए थे और उनके हमले में 1,200 से अधिक लोग मारे गए थे। हमास ने इस हमले के बाद इजराइल के कम से कम 250 लोगों को बंधक बना लिया था। किसान कात्जिर को सीमावर्ती नीर ओज से अगवा किया गया था। इस शव के मिलने से इजराइल की सरकार पर बंधकों को मुक्त कराने के लिए समझौता करने का दबाव बढ़ गया है। हजारों लोग तेल अवीव में एकत्र हुए और उन्होंने बंधकों को रिहा कराने के लिए शीघ्र कोई समझौता करने और ध्यावधि चुनाव कराने की मांग की। अब तक कम से कम 36 बंधकों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है, जबकि बंधक बनाए गए कुल लोगों में से आधों को रिहा कर दिया गया है।

कात्जिर की बहन कार्मित ने एक बयान में कहा कि अगर वक्त पर कोई समझौता हो जाता तो उन्हें बचाया जा सकता था। हमारा नेतृत्व कायर है और राजनीतिक विचारों से प्रेरित है, इसीलिए कोई समझौता नहीं हुआ।

हमास आतंकवादी समूह द्वारा गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई के लिए सड़कों पर आए लोग। प्रधानमंत्री नेतन्याहू सरकार के खिलाफ भी किया विरोध प्रदर्शन। ● एजेंसी

### गाजा पर हमले में इजराइल की जर्मनी द्वारा मदद करने के आरोप पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय आज करेगा सुनवाई

**हेग।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में सोमवार को एक मामले में प्रारंभिक सुनवाई शुरू होगी, जिसमें जर्मनी द्वारा इजराइल को की जा रही सैन्य और अन्य सहायता बंद करने का अनुरोध किया गया है। शिकायतकर्ता निकारागुआ ने साथ ही दावा किया है कि जर्मनी गाजा में जारी इजराइल-हमास संघर्ष के दौरान नरसंहार और अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन में इजराइल की मदद कर रहा है। इजराइल ने दृढ़ता से इस आरोप से इनकार किया है कि उसका सैन्य अभियान नरसंहार के खिलाफ संधि का उल्लंघन करता है। निकारागुआ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अदालत में दाखिल याचिका जर्मनी पर केन्द्रित है। हालांकि, परोक्ष रूप से यह सात अक्टूबर के घातक हमलों के बाद गाजा में इजराइल के सैन्य अभियान पर निशाना साधता है।

### इजराइल और हमास के संघर्ष को रोका जाए : सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने गाजा में जारी इजराइल-हमास संघर्ष को मासूम बच्चों की खातिर मानवीय आधार पर रोके जाने के आह्वान को दोहराया। ब्रिटेन ने रविवार को गाजा के लिए समुद्री सहायता गलियारा स्थापित करने के लिए सैन्य और नागरिक सहायता के एक नए पैकेज की घोषणा की। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय ने पूर्वी भूमध्य सागर में एक शाही नौसेना के पोत की तैनाती की घोषणा की और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाई जाने वाली सहायता को बढ़ाने के मकसद से 97 लाख पाउंड देने की प्रतिबद्धता जताई। ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक ने कहा कि आज सात अक्टूबर के आतंकवादी हमले के छह महीने पूरे हो गए हैं जो इजराइल के इतिहास में सबसे भयावह हमला था और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यहूदियों की सबसे बड़ी जनहानि थी।

## आतंकी हमले में छह सुरक्षाकर्मी समेत 12 आतंकवादी मारे गए

क्वेटा, एजेंसी

- पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकवादी और सुरक्षा बलों में संघर्ष

पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में पिछले दो दिन में हुई आतंकवादी घटनाओं और सुरक्षा अभियानों में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सहित छह सुरक्षाकर्मी और 12 आतंकवादी मारे गए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि बलूचिस्तान प्रांत में दो घटनाओं में चार आतंकवादी मारे गए हैं। आईएसपीआर ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में स्थित डेरा इस्माइल खान जिले में कुलाची तहसील के कोट सुल्तान इलाके में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान आठ आंतकवादी मारे गए। उसने कहा कि सुरक्षाबलों ने मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के लक्की मारवात में शुक्रवार की रात दो हमलों में एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और दो पुलिसकर्मी मारे गए जबकि एक कांस्टेबल घायल हो गया।

अधिकारियों ने कहा कि डीएसपी ने ईद-उल-फितर के त्योहार से पहले सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के लिए अन्य पुलिसकर्मियों के साथ पेशावर-कराची राजमार्ग पर एक अस्थायी चौकी स्थापित की थी। सूत्रों के अनुसार जब वे चौकी से वापस लौट रहे थे तो मंजीवाला चौक के निकट आतंकवादियों ने पुलिस के वाहन पर गोलीबारी की, जिसमें डीएसपी और कांस्टेबल नसीम गुल की मौत हो गई। समाचार पत्र 'डॉन' के मुताबिक, शुक्रवार की रात सरा दरगा इलाके में एक और हमला हुआ, जिसमें अज्ञात हमलावरों ने कांस्टेबल सनामत खान पर गोलीबारी की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार को बाजौर जिले की मामुंड तहसील में विस्फोट होने से एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। वहीं, शनिवार रात टैंक जिले में मियां लाल पुलिस चौकी के निकट अज्ञात लोगों ने एक हेड कांस्टेबल की हत्या कर दी। इस बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लक्की मारवत में पुलिसकर्मियों पर हुए हमले की कड़ी निंदा की।

## सैन्य प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं हमारे कुछ नेता : इमरान खान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि उनकी पार्टी के कुछ नेता शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं। उन्होंने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर कार्रवाई के बीच किसी से भी वार्ता करने की इच्छा व्यक्त की है।

'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, खान ने यह टिप्पणी शनिवार को अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान की। खान ने कहा कि वह देश के लिए किसी से भी बातचीत करने को तैयार हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान ने कहा कि यदि वह सेना के पूर्व प्रमुख कमर जावेद बाजवा के साथ बातचीत कर सकते हैं, तो वह देश के किसी भी व्यक्ति से मुलाकात कर सकते हैं। खान ने बाजवा पर अप्रैल 2022 में उनकी सरकार को गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप लगाया था। खान ने कहा कि उनकी पार्टी के कुछ नेता बातचीत के लिए अभी भी (सैन्य) प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं।

## ग्रीस के जंगल में 2024 में लगी पहली बड़ी आग, तीन घायल

**एथेंस।** दक्षिणी ग्रीस के क्रेते द्वीप के जंगलों में इस वर्ष लगी पहली बड़ी आग में तीन लोग घायल हो गए। यह जानकारी अग्निशामक अधिकारियों ने दी। आग द्वीप के दक्षिणपूर्वी हिस्से में इरापेट्रा सिटी के बाहरी क्षेत्र के एक जंगली इलाके में लगी।

सूत्रों के अनुसार, आग की लपटों पर काबू पाने के लिए 169 अग्निशामकों को तैनात किया गया। इसके लिए पानी की बौछार करने वाले चार हेलीकॉप्टरों का भी उपयोग किया गया। एक बुजुर्ग व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया, जबकि पास की बस्ती में रहने वाली एक महिला और एक दमकलकर्मी मामूली रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर आपातकालीन अलर्ट जारी कर चार गांवों के लगभग 300 निवासियों को अपने घरों को खाली करने के लिए कहा। जलवायु संकट एवं नागरिक सुरक्षा मंत्रालय के अनुसार, शनिवार को पूरे देश में कुल 71 जंगल में आग लगी। उच्च तापमान, जलवायु परिवर्तन से जुड़ी हीटवेव और आगजनी के कारण ग्रीस में प्रत्येक वर्ष गर्मियों में कई जंगलों में आग लग जाती है।

## माउंट एवरेस्ट पर से 10 लाख टन कचरा इकट्ठा करेगी नेपाली सेना

काठमांडू, एजेंसी

- 10 लाख टन अपशिष्ट एकत्रित करने के साथ ही पांच शव भी बरामद करेगी सेना

एवरेस्ट क्षेत्र में पर्वतीय सफाई अभियान, 2024 शुरू करने जा रही नेपाल की सेना ने रविवार को कहा कि वह माउंट एवरेस्ट पर करीब 10 लाख टन अपशिष्ट एकत्र करने के साथ ही पांच शव बरामद करेगी।

नेपाली सेना के सूत्र के अनुसार मेजर आदित्य कारकी की अगुवाई में 12 सदस्यीय दल माउंट एवरेस्ट, माउंट ल्होत्से और माउंट नुप्तसे से अपशिष्ट लाने के लिए 14 अप्रैल को एवरेस्ट आधार शिविर पहुंचेगा। सूत्र ने बताया कि सेना को इस अभियान में 18 सदस्यीय शेरपा दल सहयोग करेगा। नेपाली सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल कृष्णा प्रसाद भंडारी ने बताया कि यहां सेना प्रमुख जनरल प्रभुराम शर्मा 11 अप्रैल को इस अभियान दल को रवाना करेंगे जो पर्वत पर बिखरे कम से कम 10 लाख टन कचरे एवं पांच शवों को लाएगा। उनके अनुसार जैविक अपशिष्ट को आधार शिविर के नीचे नामचे बाजार लाया जाएगा और उसे उचित शोधन के लिए सागरमाथा प्रदूषण नियंत्रण समिति को सौंपा जाएगा। भंडारी ने कहा कि इस सफाई अभियान से हिमालय क्षेत्र में मानव जनित प्रदूषण नियंत्रित होगा तथा जलवायु परिवर्तन से संबंधित समस्याओं का समाधान होगा।

## इंडोनेशिया के पापुआ में मारे गए दो विद्रोही

**जयापुरा।** इंडोनेशिया के अशांत पापुआ क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी सोने की खदानों में से एक के निकट सुरक्षा बलों और विद्रोही समूह के बीच गोलीबारी में दो अलगाववादी मारे गए। पुलिस ने रविवार को यह बताया कि मध्य पापुआ प्रांत के खनन शहर तेम्बागापुरा के निकट विगत गुरुवार को फ्री पापुआ मूवमेंट से जुड़े विद्रोहियों और पुलिस एवं सैन्य बलों के बीच हुई झड़प में समूह के दो क्षेत्रीय कमांडर अबुबकर कोगोया और डेमियानस मागे मारे गए। पुलिस ने बताया कि ये दोनों समूह की सैन्य शाखा, वेस्ट पापुआ लिबरेशन आर्मी से जुड़े हुए थे। संयुक्त सुरक्षा बल के प्रमुख फैजल रमादानी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने दोनों कमांडर के पास से उनके पहचान पत्र बरामद किए।

तकनीक से बदलाव | महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र बोले- मौसम के पूर्वानुमान को बेहतर बनाने के लिए एआई का उपयोग कर रहा है आईएमडी

# पांच वर्षों में एआई बदलेगा मौसम पूर्वानुमान की कहानी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि भारत के मौसम वैज्ञानिकों ने मौसम पूर्वानुमान को और अधिक सटीक बनाने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) एवं 'मशीन लर्निंग' का इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

यहां बातचीत में महापात्र ने कहा कि अगले कुछ वर्षों में उभरती प्रौद्योगिकियां संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान मॉडल की भी पूरक होंगी, जिनका फिलहाल मौसम का पूर्वानुमान जताने के लिए व्यापक तौर पर इस्तेमाल किया जाता है।

उन्होंने कहा कि मौसम विभाग पंचायत स्तर या 10 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए अवलोकन प्रणाली बढ़ा रहा है। महापात्र ने कहा कि आईएमडी ने 39 डॉपलर मौसम रडार का एक नेटवर्क तैनात किया है, जो देश के 85 प्रतिशत भू-भाग को कवर करता है और प्रमुख शहरों के लिए प्रति घंटे का पूर्वानुमान बताता है। आईएमडी प्रमुख ने कहा कि हमने कृत्रिम मेधा का उपयोग सीमित तरीके से करना शुरू कर दिया है, लेकिन अगले पांच वर्षों के भीतर एआई हमारे मॉडल और तकनीकों में काफी सुधार करेगा।

महापात्र ने कहा कि आईएमडी ने 1901 से देश के मौसम रिकॉर्ड को डिजिटल कर दिया है और इसके जरिए विश्लेषण कर मौसम के मिजाज के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए कृत्रिम मेधा का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा मॉडल डेटा विज्ञान मॉडल है जो मौसम संबंधित घटना की भौतिकी में नहीं जाते हैं, बल्कि जानकारी उपलब्ध कराने के लिए पिछले डेटा का उपयोग करते हैं, जिसका इस्तेमाल बेहतर पूर्वानुमान लगाने के लिए किया जा सकता है। महापात्र ने कहा कि कृत्रिम मेधा का उपयोग करने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और आईएमडी में विशेषज्ञ समूह गठित किए गए हैं। आईएमडी प्रमुख के मुताबिक, पूर्वानुमान की सटीकता में सुधार के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और संख्यात्मक पूर्वानुमान मॉडल दोनों एक दूसरे के पूरक होंगे और दोनों साथ मिलकर काम करेंगे और कोई भी दूसरे की जगह नहीं ले सकता। स्थानीय स्तर पर मौसम का पूर्वानुमान उपलब्ध कराने की जरूरत पर महापात्र ने विशिष्ट खतरों के लिए ग्राम-स्तरीय पूर्वानुमान देने में आईएमडी की चुनौतियों को स्वीकार किया।

### समुदायों को प्रभावित कर रहा है बदलता मौसम

मशीन लर्निंग (एमएल) एआई और कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है, जो डेटा के उपयोग पर केंद्रित है। मौसम के पूर्वानुमान पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में आईएमडी प्रमुख ने भीषण गर्मी की वजह से मध्य स्तर पर संवहनी बादलों के छाने जैसी मौसम संबंधी घटनाओं का उल्लेख किया, जो स्थानीय समुदायों को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इससे निपटने के लिए आईएमडी ने डॉपलर मौसम रडार तैनात किए हैं, जो देश के 85 प्रतिशत हिस्से को कवर करते हैं। महापात्र ने कहा कि 350 मीटर प्रति पिक्सेल के रिजॉल्यूशन वाला यह उन्नत रडार डेटा संवहनी बादलों का पता लगाने में सक्षम है जिससे भारी वर्षा और चक्रवात जैसी चरम घटनाओं को लेकर पूर्वानुमान की सटीकता काफी बढ़ जाती है।

## भारत में तकनीक व निवेश देखकर हैरान हूं : डेनिस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भारत के डिजिटलीकरण कार्यक्रम की सराहना की है, जिससे वित्तीय समावेशन और गरीबी कम करने में मदद मिली है।

उन्होंने कहा कि इससे देश को तुलनात्मक लाभ मिला है और इसके सबक को वैश्विक समुदाय के साथ साझा किया जा सकता है। भारत में तकनीक और निवेश देखकर मैं हैरान हूं। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 78वें सत्र के अध्यक्ष फ्रांसिस ने यहां एक विशेष साक्षात्कार में बताया कि सबसे पहले मैं यह कहना चाहता हूं कि जब से मैं भारत से लौटा हूं, उसके बाद जब भी मैं भारत के बारे में सोचता हूं, मुझे अतुल्य भारत याद आता है। मैं पूरी गंभीरता से कहा रहा हूं...और जब मैं वहां था, तब मैंने इसे महसूस किया।

## अग्निबाण उप-कक्षीय रॉकेट का प्रक्षेपण तीसरी बार रोका

नई दिल्ली, एजेंसी

चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप अग्निकुल कॉसमॉस ने रविवार को कुछ तकनीकी वजहों का हवाला देते हुए उड़ान भरने से लगभग 92 सेकंड पहले अपने अग्निबाण उप-कक्षीय रॉकेट के प्रक्षेपण को रोक दिया। इस रॉकेट को पहली उड़ान भरनी थी।

मार्च 2022 के बाद से यह रविवार को अग्निबाण 'सब-ऑर्बिटल टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर' की परीक्षण उड़ान का तीसरा प्रयास था। इस रॉकेट की परीक्षण उड़ान पहली बार श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में 'अग्निकुल लॉन्च पैड' पर आयोजित होने वाली थी। शनिवार सुबह 7:45 बजे परीक्षण उड़ान का दूसरा प्रयास भी सफल नहीं हो सका। अग्निकुल ने कहा कि अग्निबाण रॉकेट को रविवार सुबह 5:30 बजे प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन इसे साढ़े सात बजे तक के लिए टाल दिया गया। इसने कहा कि बाद में निर्धारित समय से 92 सेकंड पहले रॉकेट की प्रक्षेपण उड़ान रोक दी गई। कंपनी के अनुसार, अग्निबाण दो चरणों वाला एक प्रक्षेपण यान है जो 300 किलोग्राम तक का पेलोड कक्षा में लगभग 700 किमी तक ले जा सकता है।